CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम :20°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 3 जून 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 135 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 16 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महबूबा ने की जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा प्रतिनिधिमंडल भेजने की अपील पेज 2



आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुष्का खेल टाइम्स



टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था सम्पादकीय



लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज, नेतन्याहू को फटकार लगाई पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों ने ली पद की शपथ

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किए गए पांच नए न्यायाधीशों ने मंगलवार को पद की शपथ ले ली। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने उच्चतम न्यायालय के ऑडिटोरियम में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति शील नागू, न्यायमूर्ति श्रीचंद्रशेखर, न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति अरुण पल्ली के साथ-साथ वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा पिछले महीने की गई सिफारिशों के बाद केंद्र सरकार ने सोमवार को नियुक्तियों की अधिसूचना जारी की थी।

### कर्नाटक में मंत्री पदों को दौड़ हुई तेज, 40 MLA पहुंचे दिल्ली

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** कर्नाटक मंत्रिमंडल में महज उपलब्ध दस मंत्री पदों की होड़ में शामिल कांग्रेस के चालीस विधायकों ने नई दिल्ली को राज्य की राजनीति का मुख्य केंद्र बना दिया है। इस कारण बुधवार को मनोनीत मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले लॉबिंग और उच्च स्तरीय विचार-विमर्श का दौर तेज हो गया है। कांग्रेस आलाकमान की ओर से मंत्रिमंडल के गठन को अंतिम रूप दिया जाना हालांकि अभी बाकी है। ऐसे में 40 से अधिक विधायक नई सरकार में शामिल होने का दावा ठोंकने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हुए हैं। दावेदारों की इस भारी भीड़ ने मंत्रिमंडल गठन की कवायद को पेचीदा बना दिया है।

### NHRC ने 53 गर्भवती महिलाओं की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मध्य प्रदेश के सिंधी जिले में चिकित्सा सुविधाओं और जागरूकता के अभाव के कारण एक वर्ष के भीतर 53 गर्भवती महिलाओं की मौत होने की खबर का स्वत: संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने मंगलवार को बताया कि आयोग ने मामले को मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन से जुड़ा बताते हुए मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच सिंधी जिले में प्रसव पूर्व और प्रसव के बाद कुल 53 महिलाओं की मौत हुई।

### प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर योजना के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रधानमंत्री रिसर्च चेयर (पीएमआरसी) योजना 2026 के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पीएमआरसी केंद्र सरकार की एक प्रमुख राष्ट्रीय पहल है जिसका उद्देश्य दुनिया भर में कार्यरत भारतीय मूल के उत्कृष्ट शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और पेशेवरों को भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और अनुसंधान केंद्रों से जोड़ना है।



नई दिल्ली: आईजीआई हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर सऊदी अरब से लौटने वाली पहली उड़ान से आए एक हज यात्री का अभिवादन करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजु।

# वेदांता समूह के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों के कथित उल्लंघन के मामले में मंगलवार को अनिल अग्रवाल के नेतृत्व वाले वेदांता समूह के परिसरों पर छापेमारी की।

यह छापेमारी वेदांता द्वारा अपनी मुख्य कंपनी वेदांता रिसोर्सेज को किए गए रॉयल्टी भुगतान की जांच के सिलसिले में समूह के मुंबई और दिल्ली स्थित कार्यालयों पर की जा रही है। इस मामले पर वेदांता के प्रवक्ता ने कहा कि हम अधिकारियों को पूरा सहयोग दे रहे हैं और मांगी



■ फेमा के उल्लंघन का आरोप

गई सभी जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। कंपनी सभी लागू कानूनों और नियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। चूंकि यह मामला अभी नियामक प्रक्रिया के अधीन है, इसलिए हम इस स्तर पर आगे कोई टिप्पणी करने में असमर्थ हैं। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कंपनी अपने कारोबार को चार नई सूचीबद्ध कंपनियों में बांटने (डी मर्जर) की प्रक्रिया में जुटी है। कंपनी को इस बंटवारे की प्रक्रिया के लिए विभिन्न विनियामक मंजूरियां भी मिल चुकी हैं। प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी की रिपोर्टों के बाद वेदांता के शेयरों पर बिकवाली का दबाव देखा गया और वे घाटे में चले गए।

### सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क की जांच के सिलसिले में चार शहरों में छापे

**नई दिल्ली।** ईडी ने सलीम इस्माइल डोला और उसके सहयोगियों द्वारा कथित रूप से संचालित अंतर्राष्ट्रीय संगठित नशीले पदार्थ तस्करी गिरोह के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत जारी जांच के सिलसिले में मुंबई, सूरत, अंकलेश्वर और राजकोट में 20 स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया।

## ओएसएम विवाद के बाद सरकार का एक्शन

# CBSE चेयरमैन और सचिव का किया तबादला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सीबीएसई से जुड़े मामलों में बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए बोर्ड के चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता का तबादला कर दिया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन व सीनियर ब्यूरोक्रेट वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्तकिया गया है। इसके साथ ही सीबीएसई द्वारा ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सेवाओं की खरीद प्रक्रिया की जांच के लिए एक विशेष जांच समिति का गठन किया गया है। सूत्रों के अनुसार यह जांच समिति ओएसएम सेवाओं की खरीद, टेंडर प्रक्रिया और उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करेगी।

जारी आदेश के अनुसार इस जांच समिति की अध्यक्षता कैपेसिटी बिल्डिंग कमीशन की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। समिति को सीबीएसई द्वारा ओएसएम सिस्टम के लिए सेवाओं की खरीद से जुड़े सभी मामलों की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि समिति की अध्यक्ष एस. राधा चौहान आवश्यकता पड़ने पर अन्य



**ओएसएम खरीद प्रक्रिया की होगी जांच, लोखंडे प्रशांत सीताराम को चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया**

विभागों और कार्यालयों के अधिकारियों की सहायता भी ले सकेंगी। वहीं समिति को सचिवीय सहायता कैपेसिटी बिल्डिंग कमेटी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार ने जांच समिति को अपनी रिपोर्ट एक महीने के भीतर कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को सौंपने के निर्देश दिए हैं।

### सीबीएसई: री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर बड़ा साइबर हमला

**दो मिनट में आए 15 लाख हिट, अब तक 16 हजार छात्रों ने भरा फॉर्म**

**नई दिल्ली।** सीबीएसई के री-इवैल्यूएशन पोर्टल पर मंगलवार को भारी ट्रैफिक के बीच साइबर अटैक की कोशिश की गई। बोर्ड के अनुसार कुछ दुर्भावनापूर्ण तत्वों ने पोर्टल की सेवाओं को बाधित करने के लिए लगातार साइबर हमले किए। इसके बावजूद हजारों छात्रों ने सफलतापूर्वक अपनी आवेदन प्रक्रिया पूरी की। सीबीएसई ने जानकारी दी कि फिलहाल री-इवैल्यूएशन पोर्टल एक समय में 8,000 से अधिक रीयल टाइम यूजर्स को सपोर्ट कर रहा है। मंगलवार दोपहर 3 बजे तक 16,000 से ज्यादा छात्र सफलतापूर्वक अपने आवेदन जमा कर चुके थे। बोर्ड के अनुसार हाल ही में पोर्टल पर डिनायल ऑफ सर्विस (डीओएस) अटैक की कोशिश की गई। इस दौरान महज 2 मिनट के भीतर पोर्टल पर करीब 15 लाख हिट दर्ज किए गए।

# सलमान खान ने 'काला हिरण' के निर्माताओं को भेजा कानूनी नोटिस

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने 'काला हिरण' फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस भेजा है।

बताया जा रहा है कि यह फिल्म 1998 के काले हिरण (ब्लैक बक) के शिकार के मामले से प्रेरित है। सलमान खान ने आरोप लगाया है कि इस फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और उन्होंने फिल्म की रिलीज और इसके प्रचार-प्रसार से जुड़ी सभी गतिविधियों को रोकने की मांग की है। सलमान खान के कानूनी प्रतिनिधियों ने फिल्म के कास्टिंग निदेशक अक्षय पांडे को जारी किए गए नोटिस में यह तर्क दिया गया है कि यह प्रोजेक्ट काले हिरण मामले से जुड़ी चल रही न्यायिक कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है और अभिनेता की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंचा सकता है। नोटिस के अनुसार, ब्लैक बक मामला अभी भी राजस्थान उच्च न्यायालय में लंबित है। इस मामले का कोई भी नाटकीय या सनसनीखेज चित्रण सलमान खान के खिलाफ पूर्वाग्रह पैदा कर



■ **आरोप लगाया: फिल्म से उनके व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ**

सकता है और निष्पक्ष सुनवाई के उनके अधिकार को कमजोर कर सकता है। कानूनी टीम ने तर्क दिया है कि फिल्म की सामग्री, विचाराधीन मामले के बारे में जनता की राय को प्रभावित करके, न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर सकती है। नोटिस में कहा गया है कि खान के प्रतिनिधियों को इस फिल्म के बारे में तब पता चला, जब ऐसी खबरें आईं कि फिल्म निर्माता अभिनेताओं से संपर्क कर रहे हैं और प्रचार सामग्री बांट रहे हैं। इस सामग्री में फिल्म की कहानी और किरदारों के रेखाचित्र शामिल थे, जिनमें कथित तौर पर अभिनेता और 'ब्लैक बक मामले' का जिक्र किया गया था। सलमान खान की कानूनी टीम ने यह साफ किया है कि उन्होंने फिल्म के लिए अपने नाम, व्यक्तित्व, शक्ल या उनसे जुड़ी किसी भी घटना के इस्तेमाल की न तो इजाजत दी है और न ही सहमति दी है। वहीं, फिल्म निर्माता अमित जानी ने इस लीगल नोटिस को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताया है और इस बात से इन्कार किया है कि 'काला हिरण: द बैटल फॉर लीगेसी' सलमान खान पर बनी कोई बायोपिक फिल्म है। श्री जानी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह फिल्म किसी अभिनेता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक कहानी है, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध घटनाओं और वन्यजीव संरक्षण के प्रति बिश्नोई समुदाय की लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर आधारित है। फिल्म निर्माताओं ने अभी तक यह संकेत नहीं दिया है कि नोटिस मिलने के बाद वे इस प्रोजेक्ट में कोई बदलाव करेंगे या नहीं।

# जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में दो जगह बादल फटे

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के गहन सरथल और माछीपाल इलाके में मंगलवार को बादल फटे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, हालात का जायजा लेने के लिए प्रशासन की टीमें मौके पर भेजी गई हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून 4 जून को केरलम के तट पर पहुंच सकता है। पहले 26 मई को केरलम

■ **राजस्थान-एमपी में आंधी-बारिश से पांच लोगों की मौत**

पहुंचने का अनुमान था। मानसून आमतौर पर एक जून के आसपास केरलम पहुंचता है और अगले डेढ़ महीने में पूरे देश को कवर करता है। 23 राज्यों में जून की शुरुआत के साथ गर्मी से राहत मिली है।

# सुवेंदु सरकार के खिलाफ ममता का धरना

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में तृणमूल कांग्रेस इस करारी हार के बाद चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। दोनों दलों के आक्रामक तेवरों के बीच मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध-प्रदर्शन का ऐलान किया।

टीएमसी की तरफ से हुए इस हल्लाबोल के बीच भाजपा ने सोनारपुर में हुई मारपीट और हिंसा के मामले में तृणमूल को घेरा है। सीएम ममता ने कहा कि भाजपा ने 294 में से 177 विधानसभा सीटों



■ **टीएमसी प्रमुख बोलीं: भाजपा ने 177 सीटों पर की धांधली, कार्यकर्ताओं को रोक रही पुलिस**

पर मतगणना में धांधली की। पुलिस ने धरने की अनुमति नहीं दी, फिर भी प्रदर्शन लोकतांत्रिक तरीके से जारी रहेगा।

# मैं सुष्मिता के खर्च पर पलने वाला बॉयफ्रेंड था: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** 2022 में जब बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन और आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी के अफेयर की खबरें आईं, तो दुनिया ने सुष्मिता को न जाने कितने गंदे ताने दिए थे, लेकिन मंगलवार को एंटरटेनमेंट की दुनिया से एक ऐसी खबर आई है जिसने हर किसी को चौंका दिया है।

खुद ललित मोदी ने इस राज पर से ऐसा पर्दा उठाया है कि ट्रोलर्स के मुंह पर ताला लग गया है। ललित मोदी ने साफ कह दिया है कि भाई साहब, सुष्मिता मेरे पैसों पर नहीं पल रही थीं, बल्कि कहानी तो एकदम उल्टी थी। ललित मोदी ने ये भी खुलासा किया कि वे एक्ट्रेस के खर्चे पर पलने वाले बायफ्रेंड थे। दरअसल ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ हाल ही में हुई बातचीत में ललित मोदी ने



■ **आईपीएल के पूर्व बॉस ललित मोदी ने किया खुलासा**
■ **एक्ट्रेस संग ब्रेकअप की वजह भी बताई**

सुष्मिता को अपनी लाइफ के सबसे जरूरी लोगों में से एक बताया और खुलासा किया कि उनके ब्रेकअप में दूरी ने अहम भूमिका निभाई थी। लंदन में रहने वाले इस कारोबारी के अनुसार, दोनों के बीच कोई ड्रामैटिक ब्रेकअप नहीं हुआ था। बल्कि, धीरे-धीरे दोनों की जिंदगी अलग-अलग डायरेक्शन में आगे बढ़ गई थी, सुष्मिता भारत में बस गईं और वह लंदन में रहने लगे थे। अपने रिश्ते को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सुष्मिता मेरे लिए बहुत खास थीं। उन्होंने मुझे कई मायनों में मैच्योर होने में मदद की और वह बेहद खास थीं, उस समय वह मेरी लाइफ का एक अहम हिस्सा थीं और आगे भी होतीं, बस दूरियां हमारे लिए बहुत ज्यादा थीं। उनका करियर भारत में था, और मेरी लाइफ लंदन में। लेकिन हमारा रिश्ता बहुत ही खास था और उनकी प्यारी यादें मेरे दिल में बसी हैं। वह आज भी मेरी बहुत प्यारी दोस्त हैं। मैं उनके लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक वंडरफुल महिला हैं और उन्होंने रेने और अलीशा नाम की दो बेटियों के लिए जो कुछ किया है, वह वाकई सराहनीय है। वह एक बहुत ही खास महिला हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके माता-पिता बहुत खास हैं, और एक सिंगल मदर होने के बावजूद उन्होंने अपने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है।

# नेपाल से सीमा विवाद में तीसरे पक्ष का रोल बर्दाश्त नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत-नेपाल सीमा से जुड़े नेपाली पीएम बालेन शाह के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है, लेकिन कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी है।

■ **दोनों देशों के बीच करीब 98 प्रतिशत सीमा का निर्धारण पहले ही किया जा चुका**
■ **कुछ हिस्सों पर अभी भी सहमति बननी बाकी: जायसवाल**

उन्होंने बताया कि गंडक नदी का रास्ता बदलने की वजह से कुछ इलाकों में सीमा से जुड़े सवाल पैदा हुए हैं। इसके अलावा, कुछ जगहों पर सीमा पार कब्जे और नो-मैन्स लैंड पर अतिक्रमण के मामले भी हैं, जिनकी दोनों देश मिलकर मैपिंग कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सीमा से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा और समाधान के लिए भारत और नेपाल के बीच पहले से द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। भारत-नेपाल सीमा का मामला दोनों देशों के बीच का विषय है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। दरअसल नेपाली पीएम बालेन शाह ने हाल ही में नेपाल की संसद में कहा था कि सीमा विवाद से जुड़े मुद्दे बातचीत से सुलझाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि इस मामले में ब्रिटेन की भूमिका हो सकती है, क्योंकि 1816 की सुगौली की संधि ब्रिटिश भारत और नेपाल के बीच हुई थी।

### विदेशियों के लिए भारत में रहने के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेशी नागरिकों के भारत में रहने के नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स (संशोधन) नियम, 2026 की अधिसूचना जारी करके रजिस्ट्रेशन और अपील से जुड़े नियमों में बदलाव की जानकारी दी। नए नियमों के मुताबिक विदेशी नागरिक अब भारत में उसके रहने के 180 दिन पूरे होने से पहले कभी भी रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। साथ ही ऑनलाइन अपील का ऑप्शन भी कर सकेंगे।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### जून के बिजली बिल में 10 प्रतिशत सरचार्ज पर रोक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। जून महीने के बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। विद्युत नियामक आयोग ने इस मामले में यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर जवाब मांगा है। कुछ दिन पहले यूपीपीसीएल ने जून के बिजली बिलों में 10 फीसदी फ्यूल सरचार्ज लगाने का ऐलान किया था। हालांकि आयोग का कहना है कि ये सरचार्ज नियमों के अनुरूप नहीं है। इस फैसले से प्रदेश के करीब 3 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और जून के बिलों में अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा।

### 2027 में भी साथ होगी राहुल और अखिलेश की जोड़ी!

**लखनऊ।** यूपी में 2027 विधानसभा चुनावों के लिए सपा और कांग्रेस के बीच संभावित गठबंधन पर मंथन जारी है। माना जा रहा है कि सपा कांग्रेस को 70-75 सीटें दे सकती है। इसके लिए एक सर्वे कराया जा रहा है, जिसकी निगरानी अखिलेश यादव खुद कर रहे हैं। हालांकि सीट बंटवारे को लेकर दोनों दलों में आंतरिक मतभेद भी सामने आ रहे हैं। डील फाइनल करने से पहले सपा ने अपनी पार्टी में रिटायर्ड आईएएस आलोक रंजन को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक आलोक रंजन ने अपनी सर्वे रिपोर्ट सपा सुप्रीमो को सौंप भी दी है। इसमें उन्होंने गठबंधन के तहत कांग्रेस को 70 से 75 सीटें देने का सुझाव दिया है। सपा ने कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए जो फार्मूला तय किया है, उसके लिए सबसे पहले संभावित उम्मीदवारों की जमीनी पकड़ मजबूत होने की बात कही गई है।

# यूपी में पांच दिन फिर बारिश का अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बारिश में भीग गए नौतपा, फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, गरज चमक के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी, तापमान में होगी गिरावट

लखनऊ। पिछले दिनों सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहा है, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में आंधी पानी और ओले गिरने का सिलसिला कम होगा। प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में आज और आने वाले 5-6 दिनों तक कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बारिश और तेज रफ्तार हवा चल सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम ड्राई रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी दो-तीन दिन बाद कुछ स्थान पर गरज चमक के साथ बारिश और आंधी चलने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर अतुल सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में आंधी और बारिश की तीव्रता में आने वाले दिनों में कमी आएगी, जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में 4 से 6 डिग्री और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। बीच-बीच में बादलों की आवाजाही और कुछ इलाकों में हल्की बारिश के कारण 6-7 दिनों तक हीट वेव कंडीशन से प्रदेशवासियों को राहत मिली रहेगी। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश संभल जिले में 34.7 मिली मीटर रिकॉर्ड की गई, इसके अलावा मुरादाबाद में 19.2 मिलीमीटर, बुलंदशहर 10.8 मिलीमीटर, इटावा 8.8 मिलीमीटर, अमरोहा 7.8 मिमी, लखनऊ 7.4 मिमी, कन्नौज 7.4 मिलीमीटर, हरदोई 10.01 मिमी, बलिया 9.6 मिमी रिकॉर्ड की गई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बादलों की आवाजाही रहेगी, कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

अधिकतम तापमान 36 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। सोमवार को उत्तर प्रदेश का फर्रुखाबाद सबसे गर्म जिला रहा, यहां पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान हरदोई जिले में 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो कि सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस कम है।

# खिलाड़ी की हत्या के दोषियों पर हो कार्रवाई

## मायावती-अखिलेश ने सरकार को घेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की चर्चित राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल मर्डर केस को लेकर बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

बसपा चीफ मायावती ने इस मामले को लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट कर इसे अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया।वहीं यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश ने इस मामले में सीएम योगी आदित्यनाथ को घेरा। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि यह वारदात समाज को झकझोर देने वाली है। उन्होंने इस मामले के सभी दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। मायावती ने लिखा, यूपी के जिला मेरठ की सरधना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरोड़ी की लगभग 17 वर्षीय बेटी एंव राष्ट्रीय



■ कबड्डी खिलाड़ी की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है: बसपा

कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की बदमाशों द्वारा की गई हत्या की खबर अत्यंत दुखद एंव चिंताजनक है। सरकार इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करे, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके तथा भविष्य में ऐसी घटना की पुन. रावृति न हो। वहीं कन्नौज सांसद ने



■ उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था ठप, रोज हो रही हैं हत्याएं: सपा

लिखा कि पश्चिमी उप्र में एशियन गेम्स में चयनित पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या, राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या, सूर्या चौहान और एक दूध व्यापारी की हत्या, उप्र की कानून व्यवस्था के ठप होने का प्रतीक है। गृह नामक कोई मंत्रालय यूपी में है क्या या अपराधियों के दुस्साहस को देखकर अंडरग्राउंड हो गया है।

# जम्मू-कश्मीर पर संवाद के लिए साझा शिष्ट मंडल भेजा जाए

श्रीनगर, वार्ता

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर में शांति और नए सिरे से संवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पक्षों से एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क साधने का आह्वान किया है।

सुश्री महबूबा ने एक जून को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाजपा नेता एवं विपक्ष के नेता सुनील शर्मा, जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और कई अन्य राजनीतिक और नागरिक समाज के नेताओं को संबोधित अलग-अलग पत्रों में कहा कि जम्मू-कश्मीर खुद को एक बार फिर इतिहास के उस चौराहे पर खड़ा पा रहा है, जहां निराशा और मोहभंग की व्यापक भावना ने राज्य को जकड़ लिया है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पर निरंतर संवाद फिर से शुरू करने के लिए



मोदी और गृह मंत्री शाह के पास एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजने की वकालत की। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों की आकांक्षाओं, शिकायतों और चिंताओं को राष्ट्रीय स्तर पर व्यक्त करने के लिए एक सामूहिक एवं समन्वित आवाज की आवश्यकता है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने कहा कि लेह सर्वोच्च निकाय और कारगिल लोकतांत्रिक गठबंधन द्वारा केंद्र के साथ हाल ही में प्राप्त की गई सफलताएं एक महत्वपूर्ण सबक देती हैं कि केवल संवाद से ही सार्थक परिणाम प्राप्त किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री का ऐलान, फाजिलनगर का नाम पावागढ़ होगा

# यूपी में माफिया-मच्छर दोनों खत्म: सीएम योगी

लखनऊ, वार्ता



■ समाजवादी पार्टी पर बोला जमकर हमला, मच्छर बीमारी लाता है, तो माफिया बेरोजगारी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर में समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए पिछली सरकारों की सत्ता को जंगल राज बताया और कहा कि पहले यहां न बिजली थी और न पानी। हमने मच्छर और माफिया दोनों को खत्म किया। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। इस दौरान उन्होंने फाजिलनगर का नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा।

उन्होंने कहा कि पहले यूपी में जंगल पार्टी का आंतक था। कुशीनगर में 9 साल पहले भूख से मौत होती थी। पिछली सरकारों के पाप से गरीब भूख से मर रहा था। आम जनता माफिया से परेशान थी। यूपी के अंदर कोई सुविधा नहीं थी। बाहर पहचान का संकट था। सीएम योगी ने कहा कि फाजिलनगर का नाम बदला जाएगा, इसका का नाम पावागढ़ होगा। हम फाजिल क्यों कहें? सीएम ने कहा कि मच्छर बीमारी लाता था और माफिया बेरोजगारी। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान करके आज उत्तर प्रदेश में जब कोई नौकरी निकलती है, तो उसमें हमारे कुशीनगर के नौजवान भी नियुक्ति पत्र प्राप्त करते हैं। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने यूपी की तस्वीर बदली। उन्होंने कहा कि हर सरकार का अपना एक विजन होता है। 2022 से पहले कोई भी विकास के बारे में नहीं सोचता था। यहां तमकुही राज को महज मजाक का पात्र बनाकर रख दिया गया था। मगर आज मैं यह कह सकता हूं कि तमकुही राज के अंतर्गत स्थानीय विधायक पूरी लगन से काम करते हैं, विभिन्न योजनाएं लेकर आते हैं और सांसद भी इसमें सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विधायक और सांसद मिलकर काम करते हैं, ताकि आपकी मांगों को जमीनी हकीकत में बदला जा सके। इसके अलावा हमने अब फाजिलनगर का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा है। अब इसे फाजिलनगर के नाम से नहीं जाना जाएगा, बल्कि हम इसे भगवान महावीर को श्रद्धांजलि के रूप में 'पावागढ़' के तौर पर एक नई पहचान देने जा रहे हैं।

### हर जरूरतमंद को मिले कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा कि आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पघई, विवाह से लेकर निराश्रित, बुजुर्ग के पेंशन तक समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74649.84
निफ्टी 23483.55



सोना 156000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 266000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में भारी उतार चढ़ाव के बाद मुखय सूचकांक बढ़त में रहे

मुंबई, वार्ता

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों को निवेशकों के समर्थन से प्रमुख सूचकांक में तेजी दर्ज की गयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 382.50 अंक (0.52 प्रतिशत) चढ़ कर 74,649.84 पर और एनएसई निफ्टी-50 100.95 अंक (0.43 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 23,483.55 पर रहा।

बीएसई का 30 सेंसेक्स सुबह बड़ी गिरावट के साथ 73,945.20 पर खुला और कारोबार के दौरान ऊपर में 74,862.19 तथा नीचे में 73,815.12 तक गिरने के बाद अंत में 74,649.84 पर बंद हुआ। जबकि कल सेंसेक्स 74,267.34 पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 में से 20 शेयर लाभ में और दस गिरावट में बंद हुए। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में आईटी कंपनी टीसीएस 6.53 प्रतिशत, इन्फोसिस 5.66 प्रतिशत, एचसीएल टेक 4.08 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 1.75 प्रतिशत और अडानी पोर्ट का शेयर 1.75 प्रतिशत लाभ में रहा। टाइटन, ट्रेन्ट, आईटीसी,



इटरनल और एशियन पेंट्स में भी एक प्रतिशत से अधिक तक की बढ़त दर्ज की गई। एसबीआई, इंडिगो, बीईएल और टाटा स्टील भी मुनाफे में बंद हुए। इसके विपरीत एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस जैसे शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी । पहले सत्र की गिरावट के बाद बाजार ने सत्र के दूसरे भाग में तेजी से वापसी की। विश्लेषकों के अनुसार यह वापसी मुख्य रूप से शॉर्ट कवरिंग और आईटी शेयरों में मजबूत खरीदारी की दिलचस्पी के कारण हुई। बजाज ब्रोकिंग के अनुसार हालांकि दुनिया के विभिन्न इलाकों में भू.राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों का रुख अभी भी सतर्क बना हुआ है।

# चांदी और सोना की कीमतों में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोने-चांदी के दाम में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 760 रुपए बढ़कर 1.56 लाख रुपए हो गया है। वहीं 1 किलो चांदी की कीमत 2,950 रुपए बढ़कर 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 26 हजार रुपए और चांदी 41 हजार रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.56 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.66 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें।

# नैनीताल की झीलों-तालाबों पर अवैध कब्जों की अब खैर नहीं

अफजल हुसैन फौजी

**नैनीताल।** उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल और आसपास की झीलों, तालाबों और प्राकृतिक जल स्रोतों को अतिक्रमण और प्रदूषण से बचाने के लिए अब बड़े स्तर पर कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की प्रधान पीठ नई दिल्ली के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने नैनीताल क्लब में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े मुद्दों की गहन समीक्षा की। बैठक में कचरा प्रबंधन, सीवेज निस्तारण, जल प्रदूषण, झीलों और नदियों के संरक्षण, अवैध खनन नियंत्रण तथा पौधारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान डॉ. अफरोज अहमद ने स्पष्ट किया कि जिले में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने



कहा कि भले ही कचरा प्रबंधन की दिशा में कार्य अपेक्षाकृत देर से शुरू हुआ हो, लेकिन अब इसमें तेजी लाई जा रही है। आने वाले समय में नैनीताल जिले को हजीरो वेस्ट मैनेजमेंटह्न मॉडल की ओर ले जाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पर्यावरणीय चुनौतियों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि झीलों और नदियों की सुरक्षा केवल जल संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण से जुड़ा हुआ है। इसके लिए प्राकृतिक ड्रेनों, जल निकासी मार्गों और जल स्रोतों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमीरपुर सेतु दुर्घटना के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

■ जांच के लिए उच्चस्तरीय समितियां गठित

**हमीरपुर।** हमीरपुर सेतु दुर्घटना की जांच के लिए दो उच्चस्तरीय समितियां गठित कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बेतवा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के सेगमेंटल स्पान पी-5 से पी-6 गिरने की घटना को लेकर के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा दो अलग-अलग उच्चस्तरीय जांच समितियों का गठन किया गया है। दोनों समितियों ने घटना की व्यापक जांच शुरू कर दी है।

जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने बताया कि इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति घटना से संबंधित सभी प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की गहन जांच कर रही है। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) कर रहे हैं। समिति के सदस्यों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण एवं साक्ष्य संकलन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त दुर्घटना के संबंध में थाना कुरारा में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) एवं धारा 125(ए) के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। प्रकरण की विवेचना प्रचलित है, जांच के दौरान मिले तथ्यों, साक्ष्यों और दोनों जांच समितियों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली आख्या के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई तय की जाएगी। घटना के लिए उत्तरदायी पाए जाने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभावित परिवारों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं से भी आच्छादित किया जा रहा है। दो पात्र परिवारों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है। दिवंगत राजेश पाल की पत्नी अनीता एवं पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना दी गई है, वहीं दिवंगत पुष्पेन्द्र सिंह चौहान के पिता राजेन्द्र सिंह को वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा स्वर्गीय राजेश पाल की पत्नी अनीता को निराश्रित महिला पेंशन से आच्छादित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने बताया कि दिवंगत राजेश पाल की दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा, जिसके तहत दोनों बालिकाओं को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# एसबीआई शाखा प्रबंधक रिश्वत के आरोप में गिरफ्तार

नई दिल्ली, वार्ता



केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड के डुमरिया में तैनात एसबीआई के एक शाखा प्रबंधक को रिश्वतखोरी मामले में गिरफ्तार किया है।

सीबीआई ने मंगलवार को यहां बताया कि 31 मई को इस आरोप में मामला दर्ज किया गया कि आरोपी रोहित कुमार सिंह ने शिकायतकर्ता की दिवंगत मां से संबंधित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दो लाख रुपये के दावे का निपटान करने के लिए 60,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। आरोपी ने कथित रूप से शिकायतकर्ता की मां के बैंक खाते को शिकायतकर्ता के नाम पर स्थानांतरित करने के बाद 35,000 रुपये की निकासी पर लगी रोक को हटाने के लिए अतिरिक्त 17,000 रुपये की भी मांग की थी। शिकायत के आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाकर आरोपी को शिकायतकर्ता से 77,000 रुपये की रिश्वत मांगते और लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरा. पी के कार्यालय एवं आवासीय परिसर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार शाखा प्रबंधक को आज धनबाद की सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# पश्चिम एशिया संकट और तेल कीमतों पर मोदी की खामोशी अनुचित: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ अमेरिका-ईरान वार्ता का प्रभाव भारत पर पड़ रहा

कांग्रेस ने पश्चिम एशिया में तनाव और ईरान-अमेरिका वार्ता का भारत पर पड़ने वाले प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसमें भारत का बहुत कुछ दाव पर लगा हुआ है और ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी को उचित नहीं कहा जा सकता है।

पार्टी का कहना है कि यदि वार्ता सफल होती है, तो होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल सकता है और वैश्विक तेल कीमतों पर दबाव कम होगा, जिसका सीधा लाभ भारत को मिलेगा। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति को समाप्त करने के लिए बात. चीत चल रही है, लेकिन इस बीच इजरायल की लेबनान में जारी सैन्य कार्रवाई के कारण किसी भी समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की नीतियों पर नाराजगी जता चुके हैं और दुनिया के कई अन्य देश भी लेबनान में इजरायली अभियान की आलोचना कर रहे हैं।

रमेश ने कहा कि ऐसे समय में जब इजरायल की कार्रवाई संभावित अमेरिका-ईरान समझौते को प्रभावित कर सकती है मोदी ने इस मुद्दे पर पूरी तरह चुप्पी साध रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की यह चुप्पी कई सवाल खड़े करती है, जबकि इस पूरे घटनाक्रम का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और तेल कीमतों पर पड़ सकता है।

### ओडिशा बॉक्साइट खनन अनियमितताओं की जांच करे केंद्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ओडिशा में बॉक्साइट खनन परियोजनाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र से इस मामले में हस्तक्षेप कर प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। पार्टी ने खनन परियोजनाओं से जुड़े वन अधिकार कानून, 2006 के कथित उल्लंघन, वन भूमि के उपयोग तथा ग्राम सभा की स्वीकृतियों में कथित अनियमितताओं के आरोपों को गंभीर बताते हुए उनकी व्यापक और निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि ओडिशा के कोरापुट जिले में बॉक्साइट खनन के लिए दी गई स्वीकृतियों को लेकर ग्रामीणों का विरोध जारी है।

# सिलेंडर लेने आए युवक को कार ने कुचला

## अनियंत्रित कार ने लाइन में खड़े लोगों को रौंदा, एक की दर्दनाक मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार की सवेरे कस्बा शाहपुर में एक दर्दनाक हादसा हुआ जिसे देखकर लोगों में दिल कांप उठे। घर के लिए गैस सिलेण्डर लेने युवक को कार ने रौंद डाला जिससे युवक की मौत हो गई, जबकि महिला सहित कई लोग घायल हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब उपभोक्ताओं की लाइन इण्डेन गैस एजेंसी के बाहर लगी हुई थी और बेकाबू कार उन पर चढ़ गई। घटना के बाद यहां अफरा-तफरी मच गई जहां लोगों में भारी आक्रोश पैदा हुआ, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया।

बताया जाता हे कि कस्बा शाहपुर के मुजफ्फरनगर रोड स्थित इण्डेन गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर गैस सिलेण्डर लेने वाले उपभोक्ताओं की लम्बी भीड़ लगी हुई थी। इसी बीच यहां एक बेकाबू कार आई और लाइन में खडे लगे लोगों को रौंद डाला घटना आंख झपकते हुए जहां बेकाबू कार ने लोगों को संभालने का मौका भी नहीं दिया। कुछ ही देर में कई लोग यहा जख्मी अवस्था में थे और कुछ लोग दहशत के मारे इधर-उधर दौडने लगे। लोगों का कहना है कि यह घटना सवेरे दस बजे की है जहां गैस एजेंसी के गोदाम में भारी संख्या में लोग सिलेण्डर लेने के लिए लाइन में खडे हुए थे इसी दौरान एक महिला कार लेकर आई और जब उसने गोदाम परिसर के अंदर से कार को मोडने का प्रयास किया तो अचानक कार अनियंत्रित हो गई और उसकी गति इतनी तेज हो गई थी कि भीड़ की कतार में खडे उपभोक्ता उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद यहां चीख-पुकार शुरू हुई जहां आसपास खड़े लोगों ने बचाव कार्य शुरू किया। घायलो को तुरंत ही अस्पताल पहुंचाया और सूचना के कुछ देर बाद ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी इस दुर्घटना में अय्युब पुत्र याकूब की मौत हो चुकी थी जबकि गांव सोरम निवासी शेखर को भी चोटे आई।

सीओ बुढ़ाना भी मौके पर पहुंच चुके थे जहां शव को पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है।

### ताजपुर में दर्जनों सरकारी हैंडपंप खराब

**राजा का ताजपुर।** जून की भीषण गर्मी के बीच दर्जनों सरकारी हैंडपंप खराब पड़े हैं। पचास हजार की आबादी वाले ताजपुर में इन खराब हैंडपंपों के कारण लोगों को पानी की गंभीर किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। मौहल्ला खालियापार स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने का हैंडपंप भी खराब है। इन खराब हैंडपंपों के कारण आसपास के सैकड़ों परिवारों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। राहगीरों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# युवक की हत्या कर शव को जलाकर फेंका

## हाथ पैर बंधे शव को कुत्ते नौंचते रहे, एसपी मौके पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना क्षेत्र के गांव चंधेडी में गांव बड़कता मार्ग पर मंगलवार की अल सुबह सूखी नहर के पुल के नीचे लगभग 32 वर्षीय किसी अज्ञात युवक का अधजला शव नग्न अवस्था में मिलने से गांव और आसपास के गांवो में सनसनी फैल गई। शव के दोनों हाथ बंधे हुए थे। शव क्षत विक्षत हालत में था और आवारा कुत्तों ने उसे नोंच रखा था। जिससे हत्या कर शव यहां पर फेंके जाने की आशंका भी जताई जा रही है।

ग्रामीणों के मुताबिक जब किसान खेतों की ओर जा रहे थे तो ग्राम प्रधान पुरुषोत्तम के खेतों के पास सूखी पड़ी नहर के पुल के नीचे एक शव पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिलते ही उकावली पुलिस चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कोतवाल सुभाष बाबू अत्री को शव मिलने की जानकारी फोन पर दी। बुढ़ाना पुलिस ने मौके पर शव की शिनाख्त के प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली। शव दो चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है और जला हुआ भी है। बुढाना पुलिस ने उक्त शव के फोटो और वीडियोग्राफी कराते हुए आसपास के थानों को भी सूचना भेजी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम भी पहुंची। जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कुछ साक्ष्य मौके से जुटाए।

इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। शव कैसे जला और इसको यहां पर किसने फेंका है यह भी जांच का विषय है। शिनाख्त और मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा ऐसा बुढाना पुलिस का कहना है। घटनास्थल पर एसपी देहात अक्षय संजय महाडिक और सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह भी पहुंचे। जिन्होंने मौके पर मोजूद मिले कई ग्रामीणों से शव के संबंध मे जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। दूसरी और बुढ़ाना पुलिस ने इस मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी थी।

# सड़क किनारे बेहोश मिले बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** जानसठ रोड रेलवे फ्लाईओवर के समीप मंगलवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में मिला। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है, जबकि उसकी जेब से मिली एक डायरी पुलिस के लिए महत्वपूर्ण सुराग बन सकती है। जानकारी के अनुसार, कुंदकुंद जैन इंटर कॉलेज के पास फ्लाईओवर की दाहिनी ओर सड़क किनारे लगभग 75 वर्षीय एक व्यक्ति फुटपाथ पर बेसुध पड़ा दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खतौली पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक डायरी बरामद हुई, जिस पर 'विजय वर्मा' नाम अंकित मिला। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह डायरी मृतक की ही है अथवा किसी अन्य व्यक्ति की।

# सम्पत्ति, छींटाकशी व नापसंद बनी कत्ल की वजह

## पुलिस की होगी जांच, बड़ौत कमरे में बंद कर रॉकी को मारी थी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिखेड़ा के बेहड़ा अस्सा के विकसित उर्फ रॉकी चौधरी की निर्ममता हत्या की तीन वजह सामने आई जिसमें सम्पत्ति को लेकर खूनी खेल की कहानी बनी और बादल और नीशा की शादी के दौरान रिश्तेदारों द्वारा रेणू और रॉकी के संबंधों पर की गई छिंटाकसी और तीसरी वजह यह रही कि बादल विकसित उर्फ रॉकी को पहले से ही नापसंद करता था। खुलासा हुआ कि हत्यारोपियों ने गांव के बाहर से पहले रॉकी का अपहरण किया इसके बाद बडौत ले जाकर उसको गोली को निशाना बनाया अभी कातिलों का मन शायद नहीं भरा था वह कत्ल करने के बाद शव को स्कार्पियो में डालकर मुजफ्फरनगर लाए इसके बाद रॉकी की गर्दन काटी और शव को गड्ढ़ा खोदकर दबा दिया। अभी तक पुलिस को रॉकी की गर्दन भी नहीं मिली जबकि कत्ल की साजिश रचने और कत्ल करने वाला पुलिस के शिकंजे में है।

एसएसपी ने पत्रकारों को बताया कि गांव बेहडा अस्सा व हाल पता भोपा के गांव हरिकुंज निवासी 36 वर्षीय विकसित उर्फ रॉकी चौधरी पुत्र मगन सिंह 18 मई को अपनी पत्नी रेणू के साथ ऋषिकेश में न्यायालय से मारपीट के मामले में वारंट पर पेश होने गया था, लेकिन सौतेले बेटे बादल ने रास्ते में ही दोस्तों के सहयोग से रॉकी का अपहरण किया और बडौत कमरे में बंद कर उसको बेरहमी से पीटा। पीटने के बाद उसकी गोली मारकर हत्या की और उन्नीस मई के सवेरे शव को स्कार्पियो में लेकर गंगा बेराज पर पहुंचे और शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई और कादीपुर जंगल में अपने दोस्त शुभम पुत्र हरेंद्र निवासी मलपुर के खेत में धड़ को बेपहचान करने के लिए दबा दिया। उन्होने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गोली लगने और अनेक घाव के निशान आए हैं। रॉकी की गर्दन तलाश की जा रही है।

वहीं, फरार आरोपितों की धरपकड़ के लिए टीम लगी है। मुख्य हत्यारोपित बादल की शादी होने के बाद उसकी पत्नी निशा और अन्य लोग उसकी मां की दूसरी शादी को लेकर तंज कसते थे। राकी के पिता बिजेंद्र की प्रापर्टी में राकी हिस्सा रखता और रुपये खर्च कर रहा था। आरोपित बादल उसे पसंद नहीं करता था और उससे खुन्नस रखता था। इसी आक्रोश में आरोपित ने हत्याकांड को अंजाम दिया है। फिलहाल रॉकी जगन्य कांड की शुरूआत प्रोपर्टी को लेकर हुई थी।



बुढ़ाना: घटना स्थल का निरीक्षण करते एसपी देहात व सीओ।

# रिश्वत मांगने की ऑडियो पर लेखपाल निलंबित

## भाकियू अराजनैतिक ने की थी शिकायत, नायब तहसीलदार को सौंपी जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रिश्वत मांगने की ऑडियो सामने आने पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाए है। इस ऑडियो की शिकायत भाकियू नेताओं ने करत ेहुए प्रशासन अधिकारियो को रिश्वत मांगने की शिकायत की थी जिसके चलते एसडीएम सदर प्रवीन कुमार द्विवेदी ने ग्राम लच्छेडा के लेखपाल बिजेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया है इसके बाद इसमें विभागी जांच के आदेश भी दिए गए है।




बताया जाता है कि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जानसठ तहसील अध्यक्ष अंकित जावला के अपने समर्थकों के साथ तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान उन्होने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा और लेखपाल पर हजारों रूपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। उन्होने बताया कि एक ग्रामीण से काम करने की अवज में रिश्वत मांगी गई है। उन्होने इस मामले की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी।

बताया जाता है कि ग्राम मौलाहेडी निवासी किसान असमल ने आरोप लगाया कि रास्ते से जुडे एक मालमे में सामाधान के लिए उससे पांच सौ रूपये की रिश्वत मांगी गई। इस संबंध में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उनके पास थी। इस शिकायत को प्रशासनिक अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और नायब तहसील कुकडा से इसकी जांच कराई। इसके बाद ऑडियो रिकॉर्डिंग सुनी गई जिसमें साफ हुआ कि लेखपाल द्वारा सरकारी कार्य के बदले हजारों रूपये की मांग कर रहा है। एसडीएम सदर के आदेश में कहा गया है कि इस तरह की शिकायतों से राजस्व विभाग की छवी खराब होती है और उन्होने लिखा कि आरोप उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली के प्रावधानों को गंभीर उल्लघंन की श्रेणी में आते है जिसके चलते लेखपाल बिजेन्द्र कुमार सिंह को निलंबित किया गया। इस मामले में आरोप पत्र तैयार कर कर्मचारी को उपलब्ध कराने और एक माह के भीतर इस मामले की जांच प्रस्तुत करने की मांग कही गई।

# अवैध लाइन बिछाने पर जेई सस्पेंड

## क्षेत्र के किसानों ने की थी ऊर्जा मंत्री से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी क्षेत्र के जेई को किसान द्वारा की गई शिकायत के बाद निलंबित कर दिया गया है।

अवर अभियंता ने तुगलकपुर कम्हेडा विद्युत उपकेन्द्र पर बिना स्टीमेट और बिना स्वीकृती के नलकुप की लाइन बिछाई थी जिससे किसान का कनेक्शन भी जोड दिया था। इसकी शिकायत हुई तो निगम के अधिकारियों ने इस मामले की जांच कराई। जब शिकायत पर लाइन अवैध रूप से बिछी मिली तो विभाग ने कार्यवाही कर दी। इसकी शिकायत ऊर्जा मंत्री को भी एक्स हैंडल पर की गई थी जहां मंगलवार को मुख्य अभियंता ने आरोपी अवर अभियंता को निलंबित कर दिया। पुरकाजी क्षेत्र के गांव तुगलकपुर कम्हेडा के किसान मोनिस ने बताया कि उसके दादा तुसेल हुसैन पुत्र हुसैन बक्श के नाम से 63 केवी के ट्रांसफार्म का कनेक्शन है इस ट्रांसफार्म पर अन्य किसानों के नलकुप के भी कनेक्शन दिए गए है। पांच दिन पूर्व तुगलकपुर पर तैनात अवर अभिंता हरिष सैनी ने बिना स्टीमेट के नलकुप की नई लाइन बिछा दी थी और अवर अभियंता ने वर्कशॉप डिपो से खंभे और करीब 200 मीटर लाइन को भी निकलवाया था जिससे आंधी तुफान में नुकसान बताया गया और अवर अभियंता पर सीधी लाइन बिछाने का आरोप लगाया था। इसी के बाद किसानों मे गुस्सा पैदा हो गया था इस मामले की शिकायत मोनिस व अन्य ग्रामीणों न ऊर्जा मंत्री के एक्स हैंडल पर की थी जिसके बाद यहां के विभाग ने जांच शुरू कराई। जानसठ क्षेत्र के अधिशासी अभियता व एसडीओ ने जांच की और अवैध रूप से लाइन बिछे जाने की शिकायत सही पाई गई।

### ट्रक की टक्कर से रेहड़े चालक की मौत

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी क्षेत्र के गांव भैंसाली के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से रेहडा चालक की मौके परही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोर्स्टमाटम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि अज्ञात ट्रक चालक ने रेहडे चालक को जोरदार टक्कर मारी जिससे घायल अवस्था में उसको स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। एबुंलेंस में जब उसको इमरजेसी पहुंचाया तो डॉक्टरो ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौके पर प हुंची पुलिस ने घटना की छानबीन कर शुरू कर दी है। इसके बाद पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के प्रयास शुरू किए।

# प्रवीण तोगड़िया के लिए हिंदू संगठनों ने मांगी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया के प्रस्तावित दौरे पर सुरक्षा की मांग उठाते हुए हिंदू संगठनों से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर विभिन्न सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

प्रदर्शनकारी हिंदू संगठनों के नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि डॉ. प्रवीण तोगड़िया का 5 जून को आगमन प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अनुसार भर्नाला बाईपास पर उनका स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद वह खतौली क्षेत्र के बुढ़ाना रोड स्थित ग्राम बहसू सिकंदरपुर में एक कार्यकर्ता बैठक, मार्गदर्शन कार्यक्रम और प्रेस वार्ता में भाग लेंगे। संगठन पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि डॉ. तोगड़िया को प्राप्त सुरक्षा श्रेणी के अनुरूप सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। इसके तहत काफिले के आवागमन के दौरान मार्ग को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने, सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा कार्यक्रम स्थलों पर प्रवेश से पूर्व जांच व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि कार्यक्रम स्थल पर मेटल डिटेक्टर, सुरक्षा जांच, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सुरक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं की पूर्व जानकारी उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने बिश्वास जताया कि प्रशासन डॉ. प्रवीण तोगड़िया के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाएगा और कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि उनके आगमन में यदि अचूक हुई तो कुछ असामा. जिक तत्व माहौल खराब कर सकते हैं।

# महिला के कुंडल छीनने वाला मुठभेड़ में घायल

- **नगदी व चोरी की बाइक बरामद, अवैध असलाह भी मिला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने महिला के कुंडल छीनने के आरोपी को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हिस्ट्रीशीटर बताया गया है और उसके कब्जे से अवैध असलाह चोरी की बाइक और बेची गई कुंडल के रूपये बरामद हुए है।

एसएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक जून को संधावली कट के निकट महिला के कुंडल लूटने वाला पुलिस मुठभेड में घायल हो गया है। आरोपी ने 27 मई को महिला के उस वक्त स्टेडियम के निकट से कुंडल लूट लिए थे जब वह इधर से गुजर रही थी। आरोपी ने छिने गए कुंडल को 20 हजार में बेच दिया था और कुछ रूपया उसने खर्च कर दिया था आरोपी शाहपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और बरामद बाइक को उसने गाजियाबाद ने चोरी की थी। पुलिस ने घायल को अस्पताल भर्ती कराने के बाद जेल भेजा।




मुजफ्फरनगर: किसानों की खाद्य को बेचने वाले गिरोह की जानकारी देते एसएसपी।

# हरिकेश यादव को मिली डीआईओएस की कमान

- **प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने की मुलाकात**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास्तव के स्थानांतरण के बाद डायट प्राचार्य के पद पर कार्यरत रहे हरिकेश यादव को मुजफ्फरनगर का प्रभारी डीआईओएस बनाया गया है। हरिकेश यादव ने प्रभारी डीआईओएस के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। विभाग से जुड़े अधिकारियों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों ने उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। जनपद के सहायता प्राप्त (एडेड) विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भी उनसे भेंट कर जिले की शैक्षिक गतिविधियों और विद्यालयों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान कई प्रधानाचार्यों ने नए डीआईओएस ने शिक्षकों को बिश्वास दिलाया कि जिले में माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा विद्यालयों की समस्याओं का प्रभावी समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और शैक्षिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विद्यालयों और शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया।

# काला बाजारी को जा रहा लाखों का खाद पकड़ा

## पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार कर कई कुंटल यूरिया जब्त की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिक धनवान बनने और ज्यादा पैसा कमाने के लिए लोग क्या-क्या नहीं कर रहे कही मासूम बच्चों यानि के मिड-डे मिल के सामान को खाया जा रहा है तो कही किसानों के लिए आने वाले सरकारी खाद्य को बेचकर पैसा कमाया जा रहा है। ऐसा ही मामला सामने आया है जहां पुलिस और एसओजी टीम ने मिलकर खाद्य की कालाबाजारी करते हुए एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने करीब पन्द्रह लाख से अधिक मुल्य के 454 कट्टे जिनमें 20430 किलोग्राम अवैध यूरिया बरामद की गई। इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान जनपद के पुलिस मुखिया संजय वर्मा ने बताया कि उन्होने शासन के आदेश पर यूरिया की काला बाजारी रोकने के लिए अभियान चला रखा है जिसमें किसानों को समय पर और कम दामों पर खाद्य मिल सके। उन्हे सूचना मिली थी कि मीरांपुर क्षेत्र के छतरपुर यमुना नहर हरिद्वार मार्ग के जंगल में भारी मात्रा में अवैध यूरिया खाद्य को एकत्रित किया जा रहा है। पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि यह गिरोह सरकारी अनुदान पर मिलने वाले यूरिया खाद्य को अवैध रूप से खरीदकर प्राइवेट कम्पनियों में मंहगे दामों में बेचता है। इसी सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल पर छापेमारी की और यूरिया भारी मात्रा में यूरिया के कट्टे बरामद किए गए। पुलिस ने इस दौरान पांच से सात रूपये तक प्रतिग्राम मिलने वाला लाखों रूपये का खाद्य पकडा। इस दौरान पुलिस ने तनवीर तैल्ली पुत्र रफीक अहमद निवासी नांगल सहारनपुर, राहिल राणा पुत्र अशरफ निवासी यमुना नगर हरियाणा, रियासत पुत्र करामत अली निवासी देवबंद सहारनपुर, मोहित पुत्र रामशरण निवासी यमुनानगर हरियाणा, रोहन उर्फ प्रियांशु पुत्र संजय कुमार निवासी भोकरहेडी भोपा, विशाल राणा निवासी बेहट सहारनपुर, रविन्द्र निवासी मुजफ्फरनगर, मनीष पुत्र पृथ्वी निवासी सादीपुर हरियाणा, सौरभ उर्फ हिमांशु पुत्र राकेश निवासी भोकरहेडी भोपा, रितेश उर्फ हिमांशु निवासी मुजफ्फरनगर व सुर्याप्रताप उर्फ तुषार पुत्र राज. कुमार निवासी भोपा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से करीब 350 बैग यूरिया, एक टाटा आरसी कार, एक स्विफ्ट कार और एक पिकअप बरामद की।

# दिल्ली से मुजफ्फरनगर आकर करते थे बाइक चोरी, दो गिरफ्तार

- **बागपत रूक कर बनाते थे चोरी की योजना**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद पुलिस जहां बड़े-बड़े अपराधों के खुलासे कर वाहन चोरो पर कडी कार्यवाही कर रही है तो वही दूसरे राज्य व दूसरे जनपद से आकर मुजफ्फर नगर में वाहन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले को भी निशाने पर ले रही है। पुलिस ने ऐसे दो वाहन चोरो को दबोचा है जो बागपत रिश्तेदारी में रूक कर योजना बनाते थे। एसएसपी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने दो शातिरों को गिरफ्तार किया। मुठभेड के दौरान गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान मुकेश ठाकुर पुत्र लल्लू ठाकुर निवासी गाजीपुर मंडी दिल्ली और अमित कश्यप पुत्र उदयवीर कश्यप निवासी गाजीपुर पूर्वी दिल्ली हाल ग्राम मलहेडी गढ़ी पुख्ता शामली बताया है यह दोनो सहारनपुर, बागपत व आसपास जनपदों में वाहन चोरी की घटना कर मंदे दामों में चोरी के वाहन बेचते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से हजारों की नगदी पेटीएम मशीन व अवैध असलाह बरामद होना बताया है। यह गिरोह अपनी रिश्तेदारी में बागपत रूक कर यहीं पर चोरी की योजना बनाता था और जनपद मुजफ्फरनगर में रैकी करने के बाद वाहन को चोरी कर निकल जाता था। फिलहाल मुठभेड में घायल दोनो वाहन चोर अस्पताल में भर्ती है। पुलिस का कहना है कि इनके बाकी साथियों की तलाश की जा रही है और इनका अपराधी इतिहास भी है।

# प्रदूषण की शिकायत पर छह औद्योगिक यूनिट सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण नियमों के खुले उल्लंघन की जांच के लिए डीएम के आदेश पर पहुंची टीम ने सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर के नेतृत्व में प्रदूषण विभाग अधिका. रियों ने छह यूनिट के मुख्य द्वार सील कर दिए, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले इकाईयां बंद हो सके।

दरअसल डीएम उमेश मिश्रा के आदेश पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इस संयुक्त टीम ने जिले के संधावली रोड, सूजडू चुंगी सहित उसके आसपास के कई संवे. दनशील इलाकों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान मौके पर कई ऐसी इकाइयां संचालित होती पाई गईं, जो बिना किसी वैध एनओसी और मानकों के पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचा रही थीं। मौके पर मौजूद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने विधिक व तकनीकी जांच पड़ताल के बाद नियमों के विरुद्ध चलती पाई गई छह अवैध स्लैग यूनिटों को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की। इस बड़ी कार्रवाई के तहत टीम द्वारा संधावली रोड व सूजडू क्षेत्र में संचालित लिमरा ट्रेडिंग कंपनी और हमजा ट्रेडर्स को पूरी तरह सील कर दिया गया।क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गीतेश चंद्रा ने बताया कि सभी छह यूनिट को नियमों को उलघंन करने पर सील किया गया है। अधिकारियों ने तकनीकी जांच के बाद अजलान एंटरप्राइजेज के मुख्य गेट को सील कर दिया, जबकि संधावली रोड पर अजलान एंटरप्राइजेज के ठीक सामने चल रही अवैध स्लैग यूनिट के मुख्य द्वार पर भी सरकारी सील लगा दी गई। इसी क्रम में कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए टीम ने नाइस ट्रेडिंग कंपनी के सामने संचालित हो रही एक अन्य अवैध स्लैग यूनिट के मुख्य गेट को भी पूरी तरह सील कर विभागीय कस्टडी में ले लिया।

# निर्माण कार्य करने पर जान से मारने की धमकी

## दीवार जबरन गिराकर पथराव व लाठी-डंडों से हमला, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** निर्माणाधीन मकान की दीवार जबरन गिराकर पथराव व गाली-गलौच सहित लाठी-डंडों से हमला करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों सहित कई महिलाओं पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं घटना से लोगों में हड़कम्प मच गया।





प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला कोटरा निवासी जमाल अहमद पुत्र इकरार अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 मई की दोपहर लगभग 12 बजे उसके निर्माणाधीन मकान पर वरीस पुत्र फरीद, खुर्शीद पुत्र फरीद, साकिब उर्फ भूरा पुत्र इदरीस, अंसार सहित लगभग छह महिलाओं व युवतियां आदि ने इकट्ठा होकर लाठी-डंडों से लैस होकर आए और जबरन निर्माण कार्य में बाधा डालते हुए निर्माणधीन दीवार को गिरा दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग कर पत्थरबाजी करने के साथ-साथ धक्का मुक्की करनी शुरू कर दी। घटना से मौहल्ले के लोगों में हड़कम्प मच गया। आरोपियों के हमला करने से पीड़ित परिवार मामूली रुप से घायल भी हो गया। वहीं आरोपियों ने पीड़ित पक्ष को निर्माण कार्य करने पर जान मारने की भी धमकी दी। घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दस लोगों व महिलाओं के खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# समस्याओं को लेकर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**बिजनौर।** सिंचाई संघ समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद शाखा का प्रतिनिधि मंडल जिला संरक्षक देशराज सिंह के नेतृत्व में मिला।



वार्ता में अधिशासी अभियंता द्वारा सिंचाई खंड बिजनौर सीच पर्यवेक्षकों व सीचपाल की वाजिब मांगों को पूरा न करने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अधिशासी अभियंता की हठ धर्मिता के चलते हुए सीचपालों की एसीपी की मांग लंबे समय से लंबित है। जिसकी स्वीकृति फरवरी माह में हो गई थी। केवल वेतन में लगाने की स्वीकृति दी जानी है। अधिशासी अभियंता निरंतर सीचपाल एवं सीच पर्यवेक्षकों का मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। जो कार्य सीचपाल एवं सीच पर्यवेक्षकों के नहीं है। उनको करने पर भी अनावश्यक दबाव बनाया जाता है और जिसको लेकर कर्मचारी मानसिक रूप से परेशान है। इस प्रकार के दबाव से कर्मचारियों पर किसी भी प्रकार का हादसा होने की संभावना बनी हुई है। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिमंडल को आस्वस्त किया।

प्रतिनिधि मंडल में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिम जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह, संयुक्त राज्य परिषद के जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह, सेवानिवृत्ति पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला मंत्री योगेश्वर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला मंत्री संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# कुटेसरा में नकली मावे का बड़े पैमाने पर बनता गढ़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र का गांव कुटेसरा जोकि दूसरे राज्यों में नकली मावे की धड़ल्ले से हो रही सप्लाई कर रहा हे वाकई एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला है। त्योहारों का सीजन हो या आम दिन, मुनाफे के चक्कर में लोगों की सेहत के साथ यह खिलवाड़ सीधे तौर पर एक बड़ा अपराध है। इस पूरे नेटवर्क और इसके पीछे के कारणों को कुछ अहम बिंदुओं से समझा जा सकता है किसकी शह परश चल रहा है यह खेल? इतने बड़े पैमाने पर नकली मावे का बनना और उसे दूसरे राज्यों में सप्लाई करना बिना स्थानीय सांठगांठ के मुमकिन नहीं है। इसमें अक्सर निम्नलिखित कड़ियाँ शामिल होती हैं।

घ्स्थानीय रसूखदार और बिचौलिएरू जो पुलिस या खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से इन मिलावटखोरों को बचाते हैं। भ्रष्ट अधिकारी समय-समय पर चे. कंग न करना या सिर्फ त्योहारों पर दिखावे की छापेमारी करके मामले को रफा-दफा कर देना इस अवैध धंधे को बढ़ावा देता है। दूसरे राज्यों (जैसे दिल्ली, हरियाणा, या पंजाब,उत्तराखंड) के व्यापारियों के साथ इनका एक मजबूत नेटवर्क होता है, जो एडवांस पेमेंट पर माल उठाते हैं।

**सेहत से खतरनाक खिलवाड़**

इस नकली मावे को बनाने में जिन चीजों का इस्तेमाल होता है, वे किसी धीमे जहर से कम नहीं हैं डिटर्जेंट और यूरियारू दूध को गाढ़ा और झागदार बनाने के लिए। घ्सिंथेटिक दूध और रिफाइंड ऑयल कम लागत में ज्यादा मावा तैयार करने के लिए।घ्सफेद चाम्क या ब्लामटिंग पेपररू मावे का वजन और उसका सफेद रंग बढ़ाने के लिए। स्वास्थ्य पर असररू इस जहरीले मावे के सेवन से फूड पक्व्हजनिंग, उल्टी-दस्त, लिवर और किडनी का खराब होना, और लंबे समय में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियां होने का खतरा रहता है। इस पर लगाम कैसे लग सकती है?सख्त और लगातार छापेमारीरू खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (FSDA) को केवल त्योहारों का इंतजार किए बिना, कुटेसरा जैसे हॉटस्पॉट पर औचक छापेमारी करनी होगी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्रगण गुलबहार व सनव्वर व इनकी पत्निया श्रीमती हासरून पत्नी गुलबहार व श्रीमती साईन पत्नी सनव्वर मेरे व मेरे अन्य परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैंने इन सभी से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**आशक अली पुत्र जान मौ.**
**निवासी- गालिबपुर**
**थाना खतौली**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# पशु चिकित्साधिकारी ने सिसौली गौशाला का किया निरीक्षण

**सिसौली/बुढ़ाना।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जितेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार के दिन पशु चिकित्सा अधिकारी डूंगर डॉक्टर वैभव आर्य ने सिसौली कस्बे में स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान गौशाला में रखे गए सभी गोवंश स्वस्थ पाए गए। गौआश्रय स्थल पर भूसा, स्वच्छ पेयजल और हरा चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध मिला। केयरटेकर भी डयूटी पर मौजूद मिले। गर्मी से बचाव के लिए शेड और पंखों की व्यवस्था भी दुरुस्त मिली। डॉक्टर वैभव आर्य ने गौशाला प्रबंधन को गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा, खल-चोकर देने और साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। सीवीओ डॉक्टर जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जिले की गौशालाओं का लगातार निरीक्षण कर पशुओं के स्वास्थ्य और सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है।

## हमलावरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**छपार।** मुर्गा फार्म पर एक युवक पर जान से मारने की नियत से फायर करने वाले हमलावरों के विरुद्ध पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। गांव खिंदडिया में अंकित का मुर्गा फार्म है। वह अपने कुछ साथियों के साथ फार्म के बाहर चारपाई पर लेटा हुआ था सोमवार की सुबह चार युवक दो बाइकों से आये ओर अंकित पर तमंचे से फायर किये। पीड़ित ने बड़ी मुश्किल से भागकर जान बचाई। हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने रजत निवासी मानिकपुर थाना झबरेडा जनपद हरिद्वार को नामजद व तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# किसान यूनियन टिकेत के संगठन का हुआ विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** भारतीय किसान यूनियन भाकियू द्वारा क्षेत्र के गांव नगला राई निवासी सक्रिय कार्यकर्ता समद चौधरी को संगठन मे अहम जिम्मेदारी देते हुए ब्लॉक उपाध्यक्ष चरथावल मनोनीत किया है।

ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपते हुए संगठन की जिम्मेदारियां निभाने के लिए संगठन हित और किसानों की लड़ाई पुरजोर तरिके से लड़ने की बात कही हे ।इस अवसर पर संजय त्यागी ने कहा कि समद चौधरी लंबे समय से किसानों एवं क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सक्रिय रहे हैं। उन्हें युवा बाड़ी से हटाकर संगठन की मुख्य बॉडी में शामिल करने से भारतीय किसान यूनियन को मजबूती मिलेगी। वहीं समद चौधरी ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किसानों के हितों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। और किसानों की लड़ाई को पुरजोर तरिके से लड़ने की बात कही

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र गुलबहार व पुत्रवधू समा आयरा मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गए हैं। इसलिए मैने इन दोनो से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार केअन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**अजीज पुत्र गुलाम मोहम्मद**
**निवासी- ग्राम परासौली**
**थाना बुढाना**
**तहसील बुढाना,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र फरदीन व उसकी पत्नी अफसाना मेरे कहने सुनने में नही है। फरदीन व उसकी पत्नी अफसाना मेरे व मेरे परिवार से लडाई झगडा करते रहते है। इस कारण मैने अपने पुत्र फरदीन व उसकी पत्नी अफसाना को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। आज के बाद इनका मेरी समस्त सम्पत्ति पर कोई हक व अधिकार किसी प्रकार का नही होगा और उनके किसी भी अच्छे या बुरे कृत्य के लिए मै व मेरा परिवार किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नही रहेगा।

**भूटू पुत्र असरफ निवासी ग्राम**
**खतौला थाना शाहपुर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# धानुका कंपनी ने किसान गोष्ठी में माइक्रो सुपर की दी जानकारी

**बुढ़ाना।** कृषि क्षेत्र में क्षेत्र के सभी किसानों को नई तकनीक से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार की देर शाम ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव मंदवाडा में युवा प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के आवास पर धानुका प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारियों द्वारा एक किसान गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में कंपनी के कई अधिकारियों ने किसानों को अपनी फसल संरक्षण उत्पाद माइक्रो सुपर के उपयोग, लाभ और सही छिड़काव विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यहां अधिकारियों ने बताया कि माइक्रो सुपर के प्रयोग से फसल की गुणवत्ता और पैदावार में बढ़ोतरी होती है और साथ ही लागत भी कम आती है। गोष्ठी में इरशाद राणा, महबूब राणा, लाल खान, असाब अली, अजरार राणा, शाहिद राणा, शाहरुख, फुरकान, वकील राणा, मुजम्मिल, साजिद राणा, रियासत राणा, मौकीन, मुजफ्फर राणा, सैय्यार राणा, मुस्तफा, जाबिर राणा, शमीम और शकील राणा सहित गांव के सैंकड़ों किसान मौजूद रहे। किसानों ने कंपनी के उत्पादों को लेकर जिज्ञासा दिखाई और अधिकारियों से खेती से जुड़े सवाल भी पूछे। कंपनी के अधिकारियों ने किसानों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी गांव गांव जाकर किसानों को जागरूक किया जाएगा।



# 15 लाख की रंगदारी व झूठे मुकदमे की धमकी का आरोप

**बुढ़ाना।** सफीपुर पटी निवासी हाजी शहजाद ने अपनी बहू व उसके पक्ष के लोगों पर 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगने, मारपीट करने व झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को शिकायत की है। हाजी शहजाद ने बताया उनके पुत्र उबेदुल्ला की शादी बीते 22 अप्रैल सन 2024 को शामली जिले के कुडाना गांव निवासी मुस्कान पुत्री हारुन के संग हुई थी। दंपति का 8 माह का बेटा भी है। शादी के बाद से ही मुस्कान का व्यवहार परिवार के प्रति ठीक नहीं था और वो आए दिन विवाद कर झूठे मामलों में फंसाने की धमकी देती थी। बीते 14 मई को मुस्कान ने अपने मायके पक्ष के लोगों को घर बुलाया। लोगों ने मेरे व मेरे पुत्र संग मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस उबेदुल्ला को थाने ले गई जहां उसके विरुद्ध धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई। घटना के बाद हम घर छोड़कर चले गये थे। बाद में पुलिस की सलाह पर घर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इसके बाद बहू व उसकी मां द्वारा 15 लाख रुपये की मांग की जा रही है। रुपये न देने पर जेल भिजवाने व घर में न रहने देने की धमकी दी जा रही है। हाजी शहजाद ने बताया कि उनके परिवार व रिश्तेदारों के विरुद्ध एक झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया। हाजी शहजाद ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। उधर अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरु कर दी है।

**समन वास्ते मुस्तहरी**

न्यायालय उपजिलाधिकारी, बुढाना (मु0नगर) वाद सं0 टी 202509550309527 सन् 2025 रामपाल बनाम रविन्द्र आदि मौजा ग्राम बिटावदा परगना बुढाना रामपाल पुत्र नाहर सिंह निवासी ग्राम बिटावदा परगना व तहसील बुढाना जिला मु0नगर ..**वादी बनाम** 1. रविन्द्र, 2. कश्मीर पुत्रगण रणवीर, 3. श्रीमति सोहनवीरी पत्नि रणवीर, 4. अमित कुमार पुत्र रामपाल, 5. जयवीर, 6. सोमपाल पुत्रगण नाहर सिंह, 7. पवन, 8. नितिन पुत्रगण कृष्णपाल, 9. श्रीमती मितलेश पत्नी कृष्णपाल निवासीगण ग्राम बिटावदा परगना व तहसील बुढाना जिला मु0नगर 10. भूमि प्रबन्धक समिति बिटावदा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम बिटावदा परगना व तहसील बुढाना जिला मु0नगर प्रतिवादीगण हरगाह वादी ने आपके नाम धारा 116 यू पी राजस्व संहिता 2006 का उक्त वाद दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 10 के जो 06 माह सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असलातम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से कर वाकिफ वाकिफ किया गया हो, और कुछ उमर मुसल्लिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर जवाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसका शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इसतेमाल करना चाहे हो पेश करे। अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे। मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूम फैसला होगा। परवाना मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज 29 तारीख 5 माह सन् 2026 जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी**
**बुढाना**

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया डोर टू डोर सर्वे

**बुढ़ाना।** कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान में मंगलवार के दिन स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की तीन सदस्यीय टीम ने घर घर जाकर सैंकड़ों भवनों की जनगणना की। जिसमें एएनएम रीना रानी, आशा सोम और पारूल ने मोहल्ले में डोर टू डोर भ्रमण कर गृह स्वामियों से 34 प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्र की। सर्वे के दौरान टीम ने आवास, परिवार, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य बिन्दुओं से जुड़ी जानकारी ली। जो प्रश्न पूछे जा रहे हैं उनमें भवन संख्या, जनगणना मकान संख्या, भवन का उपयोग, जनगणना भवन, दीवार की प्रमुख सामग्री, छत की प्रमुख सामग्री, जनगणना मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार में सामान्य रूप से रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, मुखिया किस जाति से है, क्या परिवार का मुखिया ट्रांसजेंडर है। परिवार के पास रहने के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या, परिवार में रहने वाले विवाहित दंपत्तियों की संख्या, पेयजल व प्रकाश का मुख्य स्रोत, घर में स्नान करने की सुविधा, गैस कनेक्शन, रेडियो है या फिर क्या परिवार के पास टेलीविज़न है सहित अन्य जानकारियां भी पूछी जा रही है। इसको लेकर मोहल्ले के लोगों और गृहणियों ने सर्वे में पूरा सहयोग किया। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर सटीक डाटा जुटाकर सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करना है।



## पुरुषोत्तम मास पर व्यापारियों ने बांटा मीठा शर्बत

**बुढ़ाना।** पुरूषोत्तम मास के अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई ने हरनंदेश्वर धाम नदी मंदिर के सामने ठंडे शरबत की एक छबील लगाई। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चले इस आयोजन में नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने राहगीरों को अपने हाथों से मीठा शरबत पिलाया। रिक्शा चालक, पैदल चलने वाले और मोटर साइकिल सवार सहित सैंकड़ों लोगों ने गर्मी में ठंडे शरबत का आनंद लिया। इस मौके पर संजीव कुमार संगल ने कहा कि भगवान विष्णु को प्रिय पुरूषोत्तम मास में दान, कथा श्रवण और गंगा स्नान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में राहुल एड., अमित गर्ग, नसीम भटियार, राज. कुमार हलवाई, पंडित मोजर समेत कई लोग मौजूद रहे। व्यापार मंडल के मीडिया प्रभारी नसीम कुरैशी ने सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया हुआ था पर वे बाहर गये हुए थे।

# भाकिमसंमो का सदस्यता अभियान हुआ तेज

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम के नेतृत्व में भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चे का सदस्यता अभियान लगातार जारी है।

मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव शिकारपुर के अब्दुल कादिर अपने कई समर्थकों के साथ इस किसान संगठन से जुड़े तो मोर्चे को एक नई ताकत भी मिली। भारतीय किसान मजदूर संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम ने बुढ़ाना क्षेत्र के गांव शिक. ारपुर के निवासी अब्दुल कादिर को उक्त संगठन के विस्तार की अहम जिम्मेदारी सौंपी। अब्दुल कादिर ने भी बुढ़ाना कस्बे में जल्दी ही एक बड़ी किसान मीटिंग आयोजित करने का कार्यक्रम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम से लिया और कहा कि क्षेत्र के सभी किसानों की सबसे बड़ी जरूरत उचित मूल्य, सिंचाई सुविधा और कर्जे की माफी है। हमारा संगठन इन मुद्दों को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकारों तक किसानों की आवाज पहुंचाएगा। बुढ़ाना की इस बैठक में हम क्षेत्र की समस्याओं को एकजुट होकर उठाएंगे। इस संगठन के कई पदाधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में बुढ़ाना क्षेत्र में किसान पंचायत होगी। जिसमें क्षेत्रीय समस्याओं और किसानों के हितों पर चर्चा होगी। यहां राष्ट्रीय महासचिव इन्तजार राणा समेत कई लोग भी उपस्थित थे।



# चरथावल में तालाब पर किए जा रहे हैं अवैध कब्जे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** जहाँ एक और तालाबो का अस्तित्व बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट और प्रदेश सरकार पूरी तरह गम्भीर है और सुप्रीम कोर्ट द्वारा तालाबो पर से कब्जे हटाने के आदेश सरकारों को दिए हुए है ।और जल जीवन बचाने के लिए तालाबो का अस्तित्व बचे रहना बहुत ही जरूरी है

वही अगर चरथावल क्षेत्र में मातावाली तालाब सहित अन्य तालाबो की बात करे तो यहाँ पर कुछ और ही नजारा देखने मे आ रहा है। और यहाँ पर तालाबो का अस्तित्व ही खत्म होता जा रहा है। पिछली सरक. ारों में जहाँ इन कब्जाधारियों को जहाँ खुला संरक्षण दिया जाता था और पूर्व की सरकारों की ढुलमुल नीतियों के चलते तालाबो पर जमकर कब्जा कर बड़ी बड़ी इमारते खड़ी कर दी गयी थी।हालत यह है कि तालाबो का अस्तित्व ही खत्म होता जा रहा है। देश के प्रधानमन्त्री जहाँ जल बचाओ अभियान के अंर्तगत देशवासियो को पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर रहे है ।और देशवासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील कर रहे है जिससे आने वाली पीढ़ी को जल मिल सके और जल है तो कल है और देश के प्रत्येक नागरिक को जल बचाने के प्रति सरकार द्वारा जागरूक किया जा रहा है और अगर तालाबो का अस्तित्व खत्म हो गया तो फिर वाटर लेविल दिनप्रतिदिन नीचे चला जायेगा और देशवासियों को पानी के लिये बड़ी ही परेशानी उठानी पड़ेगी वैज्ञानिकों का भी मानना है कि शु) जल की प्राप्ति के लिए आने वाला कल बहुत ही मुश्किल भरा होगा जहाँ देश प्रदेश की भाजपा सरकार में आम आदमी से लेकर उच्च पद पर विरा. जमान व्यक्ति को सुलभ और सस्ता न्याय मिल रहा है। और सरकारे आम आदमी को सभी सुविधाएं देने के मार्ग पर अग्रसर है वही अगर चरथावल की बात की जाए तो यहाँ पर अगर हम देखे तो यहाँ पर अलग ही नजारा देखने मे आयेगा चरथावल नगर सहित जहाँ देहात में भी कई तालाबो का अस्तित्व खत्म की ओर है।वही चरथावल नगर में जहाँ तालाबो पर भी अवैध अतिक्रमण धारियों ने बड़े स्तर पर कब्जा कर लिया है। और तो ओर जहाँ तालाबो पर कब्जा होने से थोड़ी भी बारिश होने से नगरवासियों के घरों में एकदम पानी भर जाता है और नगर के रास्तो की तो यह हालत है कि कई कई दिनों तक रास्तो से पानी नही हटता है और नगरवासियों को गन्दे पानी से होकर गुजरता है जहाँ देश प्रदेश में भाजपा सरकार बनने में आम जनता को यह आस जगी थी कि भाजपा सरकार में आम आदमी को भरपूर न्याय मिलेगा और अवैध कब्जाधारी किसी भी स्तर पर बख्शे नही जायेगे और इन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी ताकि जिससे तालाब बच सके और आने वाला कल भी बच सके लेकिन प्रदेश में दोबारा भाजपा की सरकार बनने पर भी हालत वही के वही बने हुए है बल्कि दिनों दिन तालाबो पर नए नए कब्जे किए जा रहे है।और इन कब्जाधारियों को खुलेआम संरक्षण दिया जा रहा है और यह कब्जाधारी प्रशासन से मिलीभगत के चलते तालाबो पर नयी नयी इमारते खड़ी कर रहे है और प्रशासन सबकुछ जानते हुए भी अनजान बना बैठा है।तालाबो पर अवैध कब्जा करने वाले कब्जाधारियों को कौन संरक्षण देता है यह तो यह कब्जाधारी ही जान सकते है लेकिन इन पर कोई कार्यवाही न होने से जहाँ प्रशासन की कार्यप्रणाली खुद ब खुद बया हो रही है वही इन कब्जाधारियों की वजह से नगरवासियों और वहा से गुजरने वाले व्यक्तियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नगर निकायों में तालाबो पर से कब्जा हटाने के आदेश पहले ही दे चुके है लेकिन चरथावल में मातावाली तालाब पर अवैध कब्जाधारियों पर मुख्यमंत्री के आदेश कोई मायने नही रखते और चरथावल में मातावाली तालाब पर जमकर कब्जा कर नई नई इमारते खड़ी की जा रही है क्या योगी सरकार में भी इन अवैध कब्जाधारियों पर कोई कार्यवाही होगी या फिर तालाबो पर भाजपा सरकार में भी यू ही कब्जा होते रहेगा यह चर्चा बच्चे बच्चे की जुबान पर गूंज रही है ।और तालाबो के अस्तित्व खत्म होने की चर्चा आमजनता कर रही है कैसे बचेगा जल स्तर जब देश प्रदेश में तालाब ही नही बचेगा तो फिर आने वाली पीढ़ियों और देशवासियों के लिए जल स्तर कैसे बचेगा।

## स्टंटबाजी कर रहे पांच बाराती गिरफ्तार

**भोपा।** विवाह शादियों में कार में सवार युवकों द्वारा सड़कों पर हुड़दंग मचाने का चलन आम हो चला है। हुड़दंगबाजी से आमजन महिलाएं व राहगीर परेशान हैं वहीं स्टंटबाज युवक स्वयं की जान भी जोखिम में डाले हुए हैं। मंगलवार को बेलड़ा गांव सड़क पर खतरनाक स्टंटबाजी कर आम जनता की जान जोखिम में डालने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्टंट में प्रयुक्त दो कारों को सीज कर दिया, जबकि दो अन्य वाहनों का चालान किया गया है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में सलीम मलिक की बेटी की बारात मंसूर पुर थाना क्षेत्र के नावला गांव से आई हुई थी कि कुछ युवकों द्वारा कारों में सवार होकर मुख्य मार्गो पर हुड़दंग मचाया जाने लगा। कारों के इधर-उधर दौड़ने से ग्रामीणों तथा गुज़र रहे राहगीरों में दहशत प्राप्त हो गयी। जिसकी वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल की जाने लगी। स्टंटबाज़ी के साथ साथ दबंगई दिखाने को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई जिसके बाद भोपा पुलिस ने स्टंटबाजी में प्रयुक्त थार न्च 37 ज्ञ 9000 तथा स्विफ्ट कार न्च 12 ब्ब 2582 को सीज कर दिया।व दो अन्य गाड़ियों का 10000 रुपये का चालान किया गया।तथा स्टंटबाज युवक कैफ पुत्र मोहम्मद अली, जुनैद पुत्र जुल्फाम, सादिक पुत्र इसराईल निवासीगण निवादा थाना मंसूरपुर व अजीम पुत्र मुस्तकीम निवासी आखलौर थाना कोतवाली नगर तथा इन्त्याज पुत्र यासीन निवासी सोमापुर थाना कंकरखेड़ा जिला मेरठ को गिरफ्तार कर लिया

थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ धारा 126, 135 एवं 170 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गयी है।

# यूएसडीटी का कारोबार करने वाले की चपेट में ग्रामीण

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** जनपद में अवैध डिजिटल करेंसी (यूएसडीटी) के कारोबार ने अपने पैर इस कदर पसार लिए हैं कि अब कस्बा और ग्रामीण इलाके भी इसकी चपेट में हैं।

ताजा मामला चरथावल थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक गेंग इस कारोबार को कर अनेको भोले भाले लोगो को फंसाकर इस कार्य को अंजाम दे रहा हे

मिली जानकारी के अनुसार, चर्चा हे की इस कार्य को अंजाम देने वालों की कुछ कड़ी प्रशासन को लगी थी जिनसे पूछताछ करने की खूब चर्चा उड़ रही हे, और जिनके नाम लंबे समय से यूएसडीटी (डिजिटल डालर) के संदिग्ध लेनदेन और हेरफेर में चर्चा का विषय बने हुए थे। इन युवकों से लम्बी पूछताछ करने की और उनके डिजिटल लेन-देन की जांच की करने की चर्चा व्याप्त हे

हालांकि, देर रात बिना किसी ठोस कानूनी कार्रवाई न किए जाना चर्चा का विषय बना हुआ हे । जैसे ही यह खबर क्षेत्र में फैली,तो इनके छोड़ जाने की घटना को चांदी की खनक बताई जा रही हे गोरखधंधे के रसूख को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

**चरथावल बना डिजिटल सट्टे का गढ़**

सूत्रों का दावा है कि चरथावल क्षेत्र में यूएसडीटी का यह मकड़जाल बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है।रातों-रात अमीर बनने के चक्कर में कस्बे के दर्जनों युवा इस दलदल में फंसते जा रहे हैं।करोड़ों रुपये के संदिग्ध ट्रांजेक्शन होने की आशंका है, जो बिना किसी बैंकिंग रिकार्ड या टैक्स के दायरे में किए जा रहे हैं।इस खेल में भारी मुनाफे और नुकसान के कारण भविष्य में बड़ी आपरा. धिक घटनाओं की नींव पड़ सकती है।

**पुलिस की चुप्पी पर सवाल**

हैरानी की बात यह है कि एक ओर जहां प्रशासन साइबर अपराध रोकने के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं चरथावल पुलिस ने इस गंभीर प्रकरण में अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया है

।अब तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही न होना पुलिस की जांच पर भी सवालिया निशान लगा रहा है।क्या पुलिस के पास सबूतों का अभाव था, या फिर पर्दे के पीछे कोई और ही कहानी चल रही है? आखिर युवाओं को इस मकरजाल से बचाने के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे

**स्थानीय निवासी अभिभावकों में चिंता का माहौल**

क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और अभिभावकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस शडिजिटल सटे्श के मास्टरमाइंड तक पहुँचा जाए। यदि समय रहते इन युवाओं को इस जाल से नहीं निकाला गया, तो क्षेत्र की पूरी पीढ़ी आर्थिक और मानसिक रूप से बर्बाद हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### लाखों की नकदी सहित नाबालिग को किया गायब ,मुकदमा दर्ज

**भोपा।** क्षेत्र के गांव सीकरी में किशोरी को बहका-फुसलाकर ले जाने व लाखों नकदी चुराकर साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए महिला ने बेटी की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।पुलिस ने महिला सहित चार व्यक्तियों पर मुकदमा दर्ज किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवारको वह अपने पति के साथ जंगल में काम करने गई हुई थी। घर पर उसकी 16 वर्षीय पुत्री मौजूद थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी राजू का पुत्र वीशू उसकी पुत्री को बहका-फुसलाकर अपने साथ कहीं ले गया।जब वह घर वापस लौटी तो पुत्री घर पर नहीं मिली। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसी दौरान घर में रखी करीब दो लाख रुपये की नकदी भी गायब मिली। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी वीशू के अलावा उसके भाई नैतिक, शिवा तथा दादी निर्मला ने भी इस घटना में सहयोग किया है।महिला ने गायब पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ओडीओपी के तहत चयनित उत्पाद योजना शुरु

**मुजफ्फरनगर।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र ने बताया है कि वर्ष 2026-27 में एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु सहायता योजना जनपद मुजफ्फरनगर हेतु ओडीओपी प्रकोष्ठ लखनऊ के पत्राक 12 16 अप्रैल 2026 द्वारा लक्ष्य दिशा निर्देश जारी किये गये है। जनपद मुजफ्फरनगर में ओडीओपी के अन्तर्गत चयनित उत्पाद गुड है। इस योजना के अन्तर्गत ऐसे सभी आवेदक पात्र होंगे जो जनपद मुजफ्फरनगर के स्थायी निवासी हों, तथा आयु कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिये। आवेदन करने हेतु शैक्षिक योगयता की कोई बाध्यता नहीं है। योजनान्तर्गत गुड निर्माण एवं व्यवसाय क्षेत्र के लिये वित्त पोषण में सहायता की सुविधा निम्नवत देय होगी। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत 25.00 लाख रूपये तक की कुल परियोजना लागत की इकाईयों हेतु कुल परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम 06.25 लाख, रूपये जो भी कम हो, मार्जिन मनी के रूप में देय होगी।

### अतिरिक्त दहेज ना देने पर विवाहिता को पीटा

**बुढाना।** लगभग साढ़े छह माह पहले हुई शादी के बाद से ही एक नवविवाहिता से अतिरिक्त दहेज में दो लाख रूपये और एक बुलेट मोटर साइकिल की मांग करने वाले दहेज लोभी ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज नहीं मिलने पर नवविवाहिता के साथ मारपीट की। इस मामले में पिता की तहरीर पर बुढ़ाना महिला थाना पुलिस ने दहेज लोभी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित पक्ष के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के ग्राम टोडा निवासी मुनसब ने अपनी पुत्री शबनम का निकाह बीती साल 12 नवंबर को गांव हरसोली निवासी नईम पुत्र शमशाद से मुस्लिम रीति रिवाज से की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया गया जिसमें लगभग छह लाख रुपये खर्च हुए थे। अब आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी पुत्री शबनम से उसके पति नईम, सास नफीसा, देवरानी आयशा, ननद रेशमा, देवर गुलजार, बिचौलिया शबनम और उसका पति शहजाद और पड़ोसी अरशद ने मिलकर अतिरिक्त दहेज में 2 लाख रुपये और 1 बुलेट मोटर साइकिल देने की मांग शुरू कर दी। तब मना करने पर पुत्री शबनम के साथ पति नईम, गुलजार, रेशमा और शबनम ने एक राय होकर मारपीट की और उसे घर में बंधक बना लिया। तभी सूचना मिलने पर परिजनों ने इसकी सूचना थाना शाहपुर पुलिस को दी तो पुलिस की मदद से शबनम को मुक्त कराया गया। तहरीर के आधार पर बुढ़ाना महिला थाना ने सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके जांच शुरु कर दी है।

### ट्रांसफॉर्मर में लगी आग

**नजीबाबाद।** आज सुबह करीब दस बजे भारत टॉकीज के पास एसडीएम आवास के बाहर लगे एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रांसफॉर्मर अचानक जलने लगा, जिससे वहां से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें काफी ऊंची उठ रही थीं। घटना की सूचना तत्काल फायर स्टेशन को दी गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई बड़ा हादसा या जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। व्यस्त इलाके में हुई इस घटना के कारण कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। एसडीओ शंभू नाथ ने बताया कि विद्युत विभाग की टीम मरम्मत कार्य कर रही है और कुछ ही घंटों में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### सुंगरपुर बेहड़ा में क्रिकेट टूर्नामेंट

**नांगल सोती।** सुंगरपुर बेहड़ा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में कामराजपुर की टीम ने सुंगरपुर बेहड़ा को आठ विकेट से हराकर मैच जीत लिया। सुंगरपुर बेहड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 108 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज वकार अंसारी ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। कामराजपुर की ओर से जावेद ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए कामराजपुर की टीम ने आठ विकेट से मैच जीत लिया। जिसमें जावेद ने 43 रनों का योगदान दिया। कामरा. जपुर के जावेद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।




मुजफ्फरनगर:श्रीराम कॉलेज कला प्रदर्शनी में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

# 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला का भव्य समापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** ललित कला विभाग, श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर में राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश एवं राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कला कार्यशाला (2026-27) का भव्य समापन दीप प्रज्ज्वलन एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

समापन समारोह में राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के प्रांत सह-संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सदस्य अभिनवदीप, श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल, ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान, राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के मनोज कुमार सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में ललित कला विभागाध्यक्ष मीनाक्षी काकरान, रीना त्यागी, श मयंक सैनी, रजनीक. ांत, मानसी नामदेव तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।अपने संबोधन में श्री राम कॉलेज की प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कला एवं संस्कृति के संवर्धन हेतु किए जा रहे ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। इस प्रकार की कार्यशालाएँ युवाओं को कला से जोड़ने के साथ-साथ उनकी सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश के सदस्य अभिनवदीप ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले प्रत्येक युवा कलाकार को प्रोत्साहित करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपनी कला के माध्यम से समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।राष्ट्रीय कला मंच, मेरठ प्रांत के मनोज कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच कला के माध्यम से समाज की आवाज़ को सशक्त बनाने का कार्य करता है। कैनवास पेंटिंग, रंगोली, नुक्कड़ नाटक तथा अन्य रचनात्मक विधाओं के माध्यम से कलाकार अपने विचारों और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से समाज तक पहुँचा सकते हैं।ललित कला विभाग के निदेशक डॉ. मनोज धीमान ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए कला के विविध आयामों को समझने और अपनी प्रतिभा को निखारने का एक उत्कृष्ट मंच सिद्ध हुई है। उन्होंने बताया कि भविष्य में विद्यार्थियों को राज्य ललित कला अकादमी की विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों से भी जोड़ा जाएगा, जिनमें नुक्कड़ नाटक, फिल्म निर्माण, फोटोग्राफी तथा अन्य रचनात्मक विधाएँ शामिल हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि वे कला को पर्याप्त समय, समर्पण एवं निरंतर अभ्यास देंगे, तो कला उन्हें जीवन में विशिष्ट पहचान एवं नई ऊँचाइयाँ प्रदान कर सकती है। कार्यशाला के समापन अवसर पर यह भी घोषणा की गई कि प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई उत्कृष्ट कलाख़्रतियों की विशेष प्रदर्शनी आगामी तीन दिनों तक ललित कला विभाग में आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी में कार्यशाला के दौरान निर्मित पेंटिंग, स्केच, हस्तशिल्प एवं अन्य रचनात्मक कलाख़्रतियाँ प्रदर्शित की जाएँगी, जिससे कला प्रेमियों एवं आमजन को युवा कलाकारों की प्रतिभा को निकट से देखने का अवसर प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यशाला की सफल पूर्णता पर सभी को शुभकामनाएँ दी गईं।

## सरकारी पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जे का लगा आरोप

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के ग्राम कुरावा निवासीगण दो सगे भाईयों संजीव कुमार व सुनील कुमार पुत्रगण स्वर्गीय इंद्रपाल ने बुढ़ाना उप जिला अधिकारी ख्रष्णकांत ब्रिवकर्मा को मंगलवार के दिन एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी पैतृक सरकारी पटे की जमीन पर अवैध कब्जा करने और धमकी देने का आरोप कुछ लोगों पर लगाया है। दोनों भाइयों ने बताया उनके पिता इन्द्रपाल पुत्र रघुवीर को खसरा संख्या 240/2 खतोनी 378 पर 23.08.1975 को इन्दिरा गांधी आवासीय योजना के तहत 100 वर्ग गज का सरकारी पटा आवंटित हुआ था। पिता की मृत्यु के बाद से हम दोनों भाई प्लाट पर काबिज हैं। गांव के ब्रजपाल पुत्र खिला उर्फ पहाड़ी कश्यप ने गत दिनों एक फर्जी स्टाम्प पेपर के आधार पर प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया। स्टाम्प पर उनके पिता के हस्ताक्षर व फोटो नही हैं। इस बारे में उन्होंने बीते 21 मई को भी उन्हें शिकायत दी थी जिस पर जांच के आदेश देकर लेखपाल को मौके पर भेजा गया था मगर अब तक भी जांच पूरी नहीं हुई। इस बीच आरोपियों और ग्राम के कुछ लोगों ने उन्हें खुली चेतावनी दी है कि मामला पंचायत में निपटाएं वरना गांव छोड़ना पड़ेगा। इससे डरे सहमे दोनों भाइयों ने एसडीएम से उक्त अवैध कब्जा हटवाकर प्लाट दिलवाने और अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा हेतु आरोपियों को मुचलका पाबंद करने की मांग की है। वहीं इस मामले में एसडीएम बुढ़ाना ने फुगाना पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

# हाईवे पर कार की टक्कर से ग्रामीण हुआ घायल

**बुढ़ाना।** मेरठ वाया करनाल हाईवे पर फुगाना थाना के पास मंगलवार के दिन सड़क पार कर रहे एक ग्रामीण को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, तहसील क्षेत्र के गांव भौराखुर्द निवासी विनोद मंगलवार के दिन गांव खेड़ा मस्तान गांव से पैदल अपने गांव में जा रहा था। बस अढे के पास हाईवे पार करते समय तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि विनोद उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही फुगाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। कार चालक ने घायल को तुरंत उठाकर उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया। परिजनों को भी घटना की जानक. ारी दे दी गई है। फुगाना पुलिस ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट व हत्या की धमकी देने वाले दबोचे

**रतनपुरी/बुढाना।** वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत रतनपुरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगवार के एक मामले में वांछित 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। भनवाड़ा भट्टा तिराहा के पास से इन अभियुक्तों को दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान ग्राम रियावली नंगला निवासी साकिब पुत्र मनव्वर, अबरार पुत्र रज्जाक, आदिल पुत्र जाबिर व औरंगजेब पुत्र अबरार के रूप में हुई है। बीती 28 मई को इन अभियुक्तों ने एक राय होकर लाठी डंडे और धारदार हथियारों से लैस होकर पीडित के घर में घुसकर पीडित और उसके बेटे फरमान, राशिद व अतीकुर्रहमान के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की थी। मारपीट में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# किसानों की आवाज उठाने को भाकियू तोमर की पंचायत

**छपार।** भाकियू तोमर की एक पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने सभी पदाधिकारियों को धरातल पर उतर कर कार्य करने का आव्हान किया।

बुधवार को संगठन की एक पंचायत गांव खिंदडिया में चरण के आवास पर हुई। पंचायत में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने ओर किसानों की आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण घोषणा की उन्होंने पूरे देश में किसान जागरूक अभियान चलाने का आव्हान करते हुए संगठन के सभी स्तर पदाधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किये।

उन्होंने प्रदेश, मंडल व जिलाध्यक्षों को स्पष्ट आदेश दिया हे कि अब धरातल पर उतर कर कार्य करें। हर गांव ओर कस्बे में जाकर किसानों के बीच चौपाल



लगानी होगी। किसानों की स्थानीय समस्याओं, खाद, बीज की उपलब्धता, बिजली संकट ओर बकाया भुगतान को विस्तार से सुनेंगे।ओर उनका रिकर्क्ड तैयार करेंगे।

प्रत्येक गांव में संगठन की नई इकाइयों का गठन किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना ओर संगठन की शक्ति को गांव गांव तक फैलाना है।पवन त्यागी, मुकेश गुर्जर, दीपक तोमर,अजय त्यागी,सोहनबीर, संजय, अरुण, शमशाद, साजिद नौशाद जमीर आदि मौजूद रहे।

# टीबीमुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी बढ़ाने को वर्चुअल बैठक आयोजित

**65 औद्योगिकी इकाईयों के प्रतिनिधियो से किया संवाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर की अध्यक्षता में जनपद की 65 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता तथा क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गितेश चंद भी उपस्थित रहे।

बैठक में उद्योगों के प्रति. निधियों को टीबी उन्मूलन हेतु समाज की सहभागिता बढ़ाने तथा टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित किया गया। अधिका. रियों द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निक्षय मित्र बनकर उद्योग, संस्थाएं एवं सामा. जिक संगठन टीबी रोगियों को पोषण सहायता प्रदान कर सकते हैं, जिससे उनके उपचार एवं स्वास्थ्य लाभ में सहायता मिलती है। मुख्य विकास अधिकारी कमल किशोर कंडारकर ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य केवल स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने सभी औद्योगिक इकाइयों से आगे आकर अधिक से अधिक टीबी मरीजों को गोद लेने एवं उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए उद्योग प्रतिनिधियों को निक्षय मित्र योजना एवं पोषण पोटली वितरण की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया।

क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी गितेश चंद ने कहा कि वह इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे तथा औद्योगिक इकाइयों को भी टीबी मरीजों के सहयोग हेतु आगे आने के लिए प्रेरित करेंगे।बैठक में उपस्थित सभी उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा शीघ्र ही टीबी मरीजों हेतु पोषण पोटलियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहमति प्रदान की गई तथा अभियान में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया गया।

## ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**धामपुर।** नौरंगाबाद स्थित पंचायत भवन परिसर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन की कथा में व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध भागवत आचार्य कृष्ण मोहन महाराज का कहना है कि संसार में यदि कोई बड़ी शक्ति है, तो वह मातृशक्ति है जिसको प्रबल शक्ति के रूप में भी वंदनीय पूजनीय और सम्मानीय स्थान दिया जाता है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीजल-पेट्रोल कालाबाजारी पर प्रशासन की कार्रवाई

**□ कैराना के स्टार फिलिंग स्टेशन का लाइसेंस निलंबित।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में डीजल-पेट्रोल की अवैध कालाबाजारी और अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थों के कारोबार पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कैराना स्थित स्टार फिलिंग स्टेशन का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई, जिससे पेट्रोलियम कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार की रात जिला पूर्ति अधिकारी अंकुर यादव को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ लोग एक पिकअप वाहन के माध्यम से डीजल और पेट्रोल की अवैध बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस, एसओजी टीम और जिला पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने कांधला थाना क्षेत्र के जिडाना पुलिया पर चेकिंग अभियान शुरू किया। चेकिंग के दौरान कैराना की ओर से आ रही एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रोका गया। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें तीन बड़े प्लास्टिक बैरल, तीन प्लास्टिक के कैन, तेल निकालने के लिए हाथ से चलने वाली मशीन, पाइप, कीप सहित अन्य उपकरण बरामद हुए। जब मौके पर मौजूद टीम ने ड्रमों की जांच की तो उनमें भरा पेट्रोलियम पदार्थ अपमिश्रित पाया गया। पुलिस व पूर्ति विभाग की टीम ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें वाहन चालक राहुल पुत्र रामकुमार निवासी धनौरा थाना बिनौली जनपद बागपत, राजन पुत्र उदयवीर निवासी दुलैरा थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर, अशोक पुत्र रामपाल निवासी जगदीशपुर थाना राई जनपद सोनीपत (हरियाणा) तथा स्टार फिलिंग स्टेशन के मैनेजर मुजम्मिल पुत्र इकबाल निवासी शेखबद्दा कैराना शामिल हैं। जांच के दौरान टीम ने कुल पांच प्लास्टिक ड्रम भी बरामद किए, जिनमें से दो खाली तथा तीन में अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ भरा हुआ पाया गया। इस मामले में स्टार फिलिंग स्टेशन के मालिक शहजाद पुत्र जमील निवासी ककरौली जनपद मुजफ्फरनगर सहित मोहित, रिजवान और परवेज के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रशासन की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि पेट्रोलियम पदार्थों की अवैध खरीद-फरोख्त और मिलावट का यह संगठित नेटवर्क लंबे समय से सक्रिय था। इसके बाद जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए स्टार फिलिंग स्टेशन का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। डीएम आलोक यादव के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई से अवैध पेट्रोलियम कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने साफ किया है कि इस तरह की गतिविधियों में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी लगातार सघन चेकिंग अभियान जारी रहेगा। स्थानीय प्रशासन की इस कार्रवाई को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और उपभोक्ता सुरक्षा की दिशा में एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश मंत्री जयवीर सिंह का शामली में होगा भ्रमण

**शामली।** जनपद शामली में मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश (जयवीर सिंह) का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 04-06-2025 को सायं 4:30 बजे इस्सोपुर टील, जनपद शामली में आगमन करेंगे। उनके आगमन के पश्चात जनपद शामली के अंतर्गत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास मंत्री द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनपद में पर्यटन विकास को गति मिलने की उम्मीद है तथा स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित योजनाओं को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन के संचालन एवं समन्वय के लिए रविशंकर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी (मो नं 9650113878) तथा रवीन्द्र कुमार, परियोजना प्रबंधक, सी एण्ड डीएस (मोनं 9897591777) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों अधिकारी कार्यक्रम की तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं ताकि सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संपन्न हो सकें। कार्यक्रम के उपरांत मा मंत्री का प्रस्थान सायं 5:30 बजे निर्धारित है, जो वाया मेरठ करनाल रोड होते हुए दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के मार्ग से होगा।

## एक नजर......

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** कस्बे के राम रत्न मंडी स्थित ठाकुरद्वारा पंचायत घर से मंगलवार को प्राचीन शिव हनुमान मंदिर भूमिया खेड़ा तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ श्र द्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। यात्रा की शुरुआत होते ही पूरा क्षेत्र हजय श्रीकृष्णह और हहर-हर महादेवह के जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह धर्ममय हो गया।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। विशेष रूप से महिलाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों द्वारा पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धा और आस्था का अद्भुत ख्रश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य कथा व्यास के रूप में ग्राम सोहनजनी से पधारे अनुज आचार्य का भी भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया तथा श्रीमद्भागवत कथा के सफल आयोजन और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। कथा के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इनमें अंकित कश्यप, नीरज पांचाल, आशु पाल, सूरज कश्यप, सुरेश पांचाल, अर्जुन कश्यप, गौरव प्रजापति, सुभाष पाल, महेंद्र कश्यप, रमेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल रहे। आयोजकों ने बताया कि आगामी दिनों में कथा का आयोजन प्रतिदिन विधिवत रूप से किया जाएगा, जिसमें विद्वान कथावाचक द्वारा भक्तों को श्रीमद्भागवत के अमृतमय प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है।

### तीन बच्चों समेत दर्जनभर लोगों को लगे रेबीज के इंजेक्शन

**शामली।** जनपद में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कुत्तों के हमलों की घटनाएं सामने आ रही हैं। महिलाओं और बुजुर्गों के बाद अब छोटे बच्चे भी इनका शिकार बन रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल में कुत्तों के काटने से घायल एक दर्जन से अधिक लोगों को रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए, जिनमें तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल पाए गए। कैराना क्षेत्र के गांव पावटी कला निवासी चार वर्षीय सक्षम अपने घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया और उसके चेहरे को बुरी तरह नोच डाला। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई। दूसरी घटना गांव बीबीपुर हटिया की है, जहां आठ वर्षीय सबिया'' घर से सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर बालिका को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया। वहीं तीसरी घटना शामली क्षेत्र के गांव खेड़ीकरमू में हुई। यहां सात वर्षीय अभिमन्यु अपने घर की सीढ़ियों पर बैठा था, तभी पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया और उसे घायल कर दिया। तीनों बच्चों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के साथ रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए। गंभीर चोटों को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें आगे के उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में मंगलवार को कुत्तों के काटने के करीब एक दर्जन मामले पहुंचे। लगातार बढ़ रही घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों और नगरवासियों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

### गरीब पिछड़ा वर्ग परिवारों की बेटियों की शादी के लिए मिलेगा 20 हजार रुपये अनुदान

शामली। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के पात्र परिवार अपनी पुत्रियों के विवाह हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बेटियों की शादी में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ उन परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में एक लाख रुपये से अधिक नहीं है। पात्र लाभार्थियों को 20 हजार रुपये प्रति पुत्री की दर से अनुदान प्रदान किया जाएगा। एक परिवार की अधिकतम दो पुत्रियों को ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा। शासन के निर्देशानुसार आवेदन प्रक्रिया प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर संचालित की जाएगी।

# योग में प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

**शामली।** शामली जनपद के शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने हरियाणा के सोनीपत में आयोजित नॉर्थ इंडिया योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 29 से 31 मई तक आयोजित की गई थी, जिसमें सात राज्यों के लगभग 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अमित कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

उनकी इस उपलब्धि से शिक्षा विभाग और स्थानीय क्षेत्र में खुशी की लहर है। मंगलवार को शामली के एसडीएम ने उन्हें सम्मानित करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अमित कुमार ने बताया कि वह इससे पहले भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की योगासन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अभ्यास, अनुशासन और योग के प्रति समर्पण को दिया। उनकी इस उपलब्धि से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और योग के प्रति रुचि भी बढ़ेगी। विद्यालय परिवार और सहकर्मियों ने भी उनकी उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। अमित कुमार ने कहा कि वह भविष्य में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का प्रयास जारी रखेंगे।

# एशियन चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली निपम चौहान का जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एशियन अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने वाली कैराना क्षेत्र के गांव पावटी कलां की प्रतिभाशाली खिलाड़ी निपम चौहान का क्षेत्र में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।



गांव और आसपास के लोगों ने निपम चौहान का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी उपलब्धि पर खुशी जताई। उनके आगमन पर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लोगों ने निपम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। इस अवसर पर गुरुदेव आईटीआई के चेयरमैन शिव कुमार चौहान ने निपम चौहान को सम्मानित कर उनकी उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं एसडीएस स्कूल के प्रबंधक श्रीपाल चौहान ने अपने आवास पर उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि निपम चौहान ने अपने शानदार प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र के युवाओं को भी आगे बढ़ने और खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर चलेगा विशेष अभियान, 230 ग्राम पंचायतों की होगी बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्व पर्यावरण दिवस-2026 के अवसर पर जनपद शामली में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर एक बड़े स्तर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 1 जून से शुरू हुआ यह अभियान 5 जून तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी ने एक महत्वपूर्ण बैठक कर सभी एडीओ पंचायत व सचिवों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जनपद के सभी 5 विकास खंडों की कुल 230 ग्राम पंचायतों में (स्वच्छ गांव सुरक्षित जलवायु) थीम के तहत आगामी 5 जून को अनिवार्य रूप से विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता का स्तर सुधारना, ठोस व प्लास्टिक कचरे का सही प्रबंधन करना और पर्यावरण को सुरक्षित बनाना है। जिला पंचायत राज अधिकारी संदीप अग्रवाल और जिला सलाहकार सचिन वर्मा ने बताया कि इन ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के बारे में विस्तार से जागरूक किया जाएगा। कचरे का वर्गीकरण ग्रामीणों को सूखे, गीले और हानिकारक कचरे को चार अलग-अलग भागों में बांटना सिखाया जाएगा। सिंगल-यूज़ प्लास्टिक पर रोक गांवों को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल को पूरी तरह रोकने पर जोर रहेगा। मिशन लाइफ व जल संरक्षणरू घरेलू खाद बनाने, गंदे पानी की पहचान करने, जल स्रोतों व सड़कों की सफाई और शमिशन लाइफश के तहत पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान में महिलाओं, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों और कमजोर वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में होने वाली गतिविधियों की फोटो, वीडियो और विस्तृत रिपोर्ट को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। अधिकारियों का मानना है कि इस अभियान से न सिर्फ गांवों में पर्यावरणीय जिम्मेदारी बढ़ेगी, बल्कि (स्वच्छ भारत मिशन) को भी नई मजबूती मिलेगी।

# भीषण गर्मी ने पिफर किया बेहाल, बढ़ते तापमान से जनजीवन प्रभावित

**शामली।** पिछले दिनों हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली थी, लेकिन पिछले दो दिनों से मौसम साफ रहने और तेज धूप निकलने के कारण तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं का असर दिखाई देने लगा था, जबकि दोपहर तक उमस ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। नगर के बड़ा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, कबाड़ी बाजार, माजरा रोड और नेहरू मार्केट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहा। आवश्यक कार्य से बाहर निकलने वाले लोग भी धूप से बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतते नजर आए। राहगीर छांव और ठंडे पानी की तलाश करते दिखाई दिए। भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। वहीं अस्पतालों में गर्मी और लू से संबंधित शिकायतों वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली और पानी की मांग में भी इजाफा हुआ है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग कूलर, पंखे और एसी का सहारा ले रहे हैं। दूसरी ओर कई स्थानों पर बार-बार हो रही बिजली कटौती ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। लगातार बढ़ता तापमान लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

# चेकिंग अभियान के दौरान काटे गए चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा मंगलवार को फव्वारा चौक, विजय चौक एवं एस.टी. तिराहा पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संदिग्ध वाहनों की गहन जांच की गई तथा बिना हेलमेट, बिना कागजात और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने कई वाहनों के चालान किए और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। अभियान का उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना बताया गया। इस दौरान मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

# यमुना नदी समेत प्राकृतिक जल स्रोतों में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**शामली।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन और संरक्षण को ध्यान में रखते हुए तहसील ऊन क्षेत्र में प्रवाहित यमुना नदी एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों में मछली पकड़ने और मत्स्य बीज के दोहन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उप जिलाधिकारी ऊन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम-1948 एवं उत्तर प्रदेश मत्स्य (विकास एवं नियंत्रण) नियमावली-1954 के प्रावधानों के तहत लिया गया है। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु के दौरान रोहू, कतला, नैन, कॉमन कार्प, ग्रास कार्प और सिल्वर कार्प जैसी प्रमुख मछलियां प्रजनन करती हैं। इनके संरक्षण और संवर्द्धन के लिए 1 जून से 30 जुलाई तक नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों में मत्स्य आखेट (मछली पकड़ने) पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा 15 जुलाई से 31 अगस्त तक फाई एवं फिंगरलिंग आकार (2 से 10 सेंटीमीटर) के मत्स्य बीज को पकड़ने, नष्ट करने और बेचने पर भी रोक रहेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित अवधि के दौरान मत्स्य विभाग, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकृत अधिकारी नियमित जांच अभियान चलाएंगे। अधिकारियों को तलाशी और जांच-पड़ताल के विशेष अधिकार भी प्रदान किए गए हैं, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके। उप जिलाधिकारी ने चेतावनी दी है कि प्रतिबंधित अवधि में यदि कोई व्यक्ति या समिति सदस्य नदियों अथवा प्राकृतिक जल स्रोतों में मछली या मत्स्य बीज का अवैध शिकार, परिवहन अथवा बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम-1948 की संबंधित धाराओं के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने मत्स्य व्यवसाय से जुड़े लोगों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग दें, ताकि भविष्य में मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

# मंढा, नाच-गाना और कब्रों पर तकिया को लेकर जिजौला बैठक में हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जिजौला की जुमा मस्जिद में मुस्लिम धर्मगुरूओं ने सामाजिक दृष्टिकोण से एक बैठक बुलाई। जिसमें राजपूत समाज में होने वाली शादियों में होने वाले दिखावे, अनैतिक रीति-रिवाजों और कब्रों पर तकिया/चादर बनाने जैसी प्रथाओं का विरोध किया गया। यह पहला मौका नही है जब किसी समाज ने ऐसा विरोध किया हो ,समय-समय पर ऐसा विरोध समाज सुधारकों, धार्मिक गुरुओं और न्यायपालिका द्वारा किया जाता रहा है।



चौसाना के जिजौला गांव मे जुमा मस्जिद पर मुस्लिम मौलानाओं ने मंगलवार को समाज के मौजिज लोगो की एक बैठक बुलाई,जिसमे सामाजिक ख्रष्टिकोण से सुधार के एजेंडे का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव मे कहा गया कि लडको की शादियो मे होने वाले मंढे को बन्द किया जाना चाहिए।

ताकि मंहगाई जैसे माहोल में दिखावा प्रथा बंद हो सके। दूसरा खडे होकर खाना खाने का विरोध किया गया ,जिसके अलग अलग वैज्ञानिक कारण भी बताये गए।तीसरा शादियो मे होने वाले नाच गाने बंद हो,इससे समाज पर गलत प्रभाव पडता है। इसके अलावा कब्रिस्तान में कब्रो पर तकिया ना बनाया जाये। बैठक मे शामिल लोगो एवं धर्मगुरूओं ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया। इस दौरान मुफ्ती मोहम्मद फाजिल कासमी,कारी, नसीम साहब,मास्टर नाजिम राणा,डॉक्टर इस्तेकार राणा,पूर्व प्रधान जाहिद, यासीन राणा,राशिद सूफी,इसरार, अमीर साहब, सुहैल,अब्दुल वहाब, आबिद, शौकीन, जफरू, शाहवेज,आरिफ,मौलाना सनव्वर,कारी रमजान,इरदीस, शाहरुख,सलामुद्दीन,कारी अनस, मुफ्ती यह्यामुफ्ती आस मोहम्मद, कारी अब्दुर रहीम, कारी महबूब कासमी आदि मौजूद रहे।

# लिलौन में शुरू हुई हिंदी सीरियल 'कौन प्यार करेगा' की शूटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के गांव लिलौन में हिंदी टीवी सीरियल कौन प्यार करेगा की शूटिंग का शुभारंभ हो गया है। सीरियल के लिए तैयार किए गए भव्य सेट का उद्घाटन अधिवक्ता कमलवीर सिंह ने मुहूर्त शॉट देकर किया। इस अवसर पर कलाकारों, तकनीकी टीम और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलवीर सिंह ने कहा कि शामली जिले में हिंदी सीरियल का स्थायी सेट तैयार होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल मनोरंजन और फिल्म जगत के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और प्रतिभा प्रदर्शन के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। अब छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत मैसर्स एस एस एंटरप्राइजेज द्वारा श्री सुखपाल सिंह, पुत्र श्री भिक्कू, खसरा नं0-1005, भैंसवाल रोड, ग्राम- गोहरनी, जनपद-शामली, उ0प्र0 के द्वारा ऑनलाइन शमन मानचित्र सं0-MZDA/BP/COMP/25-26/0651 के द्वारा अपनी भूमि खसरा नं0-1005, भैंसवाल रोड, ग्राम-गोहरनी, जिला-शामली के कुल क्षेत्रफल 6230.00 वर्गमी0 (कुल नेट क्षेत्रफल 5906.87 वर्गमी0) पर ''व्यावसायिक (ढाबा)'' के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा नं0-1005, भैंसवाल रोड, ग्राम-गोहरनी, जनपद-शामली का भू-उपयोग शामली महायोजना-2031 (शामली-कैराना) के अनुसार 30 मीटर चौड़े प्रस्तावित महायोजना मार्ग का विस्तार/मार्गाधिकार छोड़ने के उपरान्त अधिकांश भाग 'व्यावसायिक' एवं आंशिक भाग 'हरित पट्टिका' एवं आंशिक भाग 'कृषि' भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ0प्र0 विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगुलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.8 (b) अनुसार ''हरित पट्टिका एवं कृषि एवं व्यावसायिक'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''ढाबा'' की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य/सशर्त अनुमति से अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति/सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेंगे एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति/सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo-co-in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

# खेत की डोल को लेकर परिवार में खूनी संघर्ष, दो भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव तितारसी में खेत की डोल को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस घटना में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने मामले को लेकर नजर बनाई हुई है।

जानकारी के अनुसार घायल राजन 22 पुत्र रामनिवास ने बताया कि खेत की डोल काटने को लेकर उसके ताऊ कृष्ण ने विरोध किया था। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और ताऊ कृष्ण तथा उनके पुत्रों ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में राजन का हाथ टूट गया, जबकि उसके भाई रामचन्द्र (20) के सिर में गंभीर चोट लग गई। घटना के बाद रामचन्द्र खून से लथपथ हालत में अपने परिजनों के साथ थानाभवन थाने पहुंचा। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस कर्मियों ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन भेजा, जहां उसका उपचार कराया गया। पीड़ित पक्ष ने ताऊ कृष्ण और उनके पुत्रों रवि, पवन, कुलदीप, नीरज और रूबी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामले में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पुलिस नजर बनाए हुए है।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कांधला, ऊन, झिंझाना, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरीयता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**(जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ)**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पता:- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# छह सूत्रीय मांगों को लेकर पंचायत सहायकों का प्रदर्शन

□ पंचायत सहायको ने लखनऊ कूच की चेतावनी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** ऊन विकासखंड में पंचायत सहायकों ने मंगलवार को खंड विकास कार्यालय ऊन में सहायक खंड विकास अधिकारी को अपनी विभिन्न छह सूत्रीय मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने 1 जून से मोबाइल आधारित समस्त कार्यों और ऑनलाइन उपस्थिति का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। कार्य बहिष्कार 15 जून तक रहेगा। प्रदेश के समस्त पंचायत सहायको ने 6000 रुपये का मानदेय बहुत कम होने, मोबाइल आधारित कार्यों का खर्च न मिलने,ऑनलाइन हाजिरी के विरा.ेध और स्थायी करने की मांग को लेकर पंचायत सहायको ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। पंचायत सहायकों ने चेतावनी दी कि यदि दो सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेशभर के पंचायत सहायक 15 जून को लखनऊ स्थित ईको गार्डन में धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन पर डाली। पंचायत सहायको की मांगो में अल्प मानदेय (वेतन वृद्धि) यानि मात्र 6,000 रुपये मासिक मानदेय पर काम करना अत्यंत कठिन है, जिसे बढ़ाकर न्यूनतम 20,000 रुपये करने की मांग की जा रही है।दूसरा संसाधनों का अभाव जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, स्टेशनरी और इंटरनेट जैसी बुनियादी सुविधाओं के बिना काम काज प्रभावित होता है। मोबाइल आधारित कार्यों का बहिष्कार,मोबाइल के जरिए सभी काम करने और स्मार्टफोन खराब होने पर कोई सहायता न मिलने से कर्मचारी परेशान हैं।बिना संसाधनों के व्यक्तिगत फोन और ऑनलाइन उपस्थिति लगाने का नियम लागू होने के कारण कर्मचारी इसे मानने से इंकार कर रहे हैं,पंचायती राज के अलावा अन्य विभागों के कार्य जैसे. जनगणना या राशन फीडिंग बिना उचित प्रशिक्षण के कराई जा रही है।इस दौरान पंचायत सहायक आसिया,शोएब,सतीश कुमार, सद्दाम हुसैन, सूरज, प्रदीप, अंकित, गणेश,प्रिंस,कपिल कुमार सहित विकास खंड क्षेत्र के अनेक पंचायत सहायक उपस्थित रहे।




## जीआई टैग से विश्व बाजार में नई पहचान बनाएगा शामली का गुड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के लिए गर्व की बात है कि एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत चयनित उत्पाद गुड़ को अब भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग प्राप्त हो गया है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जीआई टैग मिलने के बाद शामली का गुड़ अब राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करेगा।

**एक नजर**

## दुकान का गल्ला उखाड़कर एक लाख रुपये चोरी, व्यापारी ने दर्ज कराया मुकदमा

**कैराना।** कस्बे में दिनदहाड़े चोरों ने एक बैटरी एवं इलेक्ट्रिक सामान की दुकान को निशाना बनाते हुए गल्ला उखाड़कर उसमें रखी एक लाख रुपये की नकदी चोरी कर ली। पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम झाड़खेड़ी निवासी सुनील कुमार उर्फ मिंटू पुत्र हरि सिंह की तित्तरवाड़ा चुंगी पर एसके नाम से बैटरी व इलेक्ट्रिक सामान की दुकान है। सुनील कुमार के अनुसार 26 मई को दोपहर करीब तीन से चार बजे के बीच वह अपनी दुकान पड़ोसी दुकानदार के भरोसे छोड़कर गांव चला गया था। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो दुकान का गल्ला उखड़ा हुआ मिला और उसमें रखी एक लाख रुपये की नकदी गायब थी। पीड़ित ने बताया कि चोरी गई रकम उसे अपने डीलर के खाते में जमा करनी थी। घटना के बाद उसने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद डायल-112 पर सूचना दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। व्यापारी का कहना है कि चोरी की घटना से उसे भारी आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## फायरिंग प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज, आरोपियों की तलाश में पुलिस की दबिश

**शामली।** ऊन क्षेत्र में युवक अजय और उसके साथियों पर फायरिंग किए जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नामजद सहित अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

कस्बा ऊन निवासी अजय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 जून की सुबह करीब 9 बजे वह अपने दोस्त उज्जवल और शुभम के साथ बुलेट बाइक से ऊन धर्मकांटा की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में स्कॉर्पियो सवार आर्यन व उसके कुछ साथियों ने उन पर तमंचे से फायरिंग कर दी और उनकी बाइक में तोड़फोड़ भी की। फायरिंग के दौरान किसी तरह तीनों युवक मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि यह विवाद इंस्टाग्राम पर हुई किसी कहासुनी से जुड़ा हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही दोनों पक्षों के बीच विवाद के वास्तविक कारणों की भी गहनता से जांच की जा रही है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर कवि सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नगर पालि.का परिषद परिसर में प्रसिद्ध कवि प्रदीप मायूस'' के संयोजन में भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आए कवियों, शायरों और साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य चंचल शर्मा एवं वरिष्ठ समाजसेवी यशपाल पंवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन हिंदी साहित्य भारती शाखा, शामली के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार फारूक बिजनौरी को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए पद्मश्री बशीर बद्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी गजलों की प्रस्तुति से श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। कार्यक्रम के आयोजक एवं संच.ालक प्रदीप मायूस ने सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत कीं। वरिष्ठ कवि पवन कुमार पवन ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता सुनाई, जबकि युवा रचनाकार श्रीकांत शर्मा ने संघर्ष और संकल्प का संदेश दिया। बृजेश चितेरा ने श्रृंगार रस, शिवम सम्राट ने सामाजिक विषयों और अजीत आर्य ने गजलों के माध्यम से श्रोताओं का मनोरंजन किया। शायर अकबर खान ने सम्मान और स्वाभिमान पर आधारित शेर सुनाए, वहीं हास्य कवि सुनील अरोरा टम्मी ने अपनी व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओं को हंसी से लोटपोट कर दिया। प्रमोद कुमार और वसीम झिंझानवी ने भी प्रभावशाली काव्यपाठ किया। समारोह के दौरान पत्रकारों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मनोज मित्तल, कृष कुमार, आंशिक आर्य, राजीव मित्तल, राकेश गोयल सहित बड़ी संख्या में साहित्यप्रेमी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एडवांस के रुपये मांगने पर ठेकेदार पर हमला, तीन के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** चिनाई कार्य के लिए दिए गए एडवांस रुपये वापस मांगने पर एक ठेकेदार के साथ मारपीट और जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरो.पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आलदरम्यान द्धइकबालपुराऋ निवासी नौशाद पुत्र वहीद ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह चिनाई ठेकेदारी का कार्य करता है। करीब छह माह पूर्व उसने मोहल्ले के ही गुलफाम को चिनाई कार्य पर लगाने के लिए 30,500 रुपये एडवांस दिए थे। इसमें 25 हजार रुपये नकद तथा 5,500 रुपये फोनपे के माध्यम से दिए गए थे। आरोप है कि रकम लेने के बावजूद गुलफाम न तो काम पर गया और न ही रुपये वापस किए। पीड़ित के अनुसार 30 मई की शाम करीब 6रू10 बजे उसने गुलफाम से अपने रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और फोन कर बाबू तथा राशिद को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा नुकीले पंच और लोहे की चेन से हमला कर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह बीच-बचाव कर नौशाद को आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। आरोप है कि जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर गुलफाम, बाबू और राशिद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भीषण गर्मी में पेयजल समस्या के समाधान हेतु कंट्रोल रूम की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भीषण गर्मी के बीच शहर में पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए नगर पालिका द्वारा पेयजल समस्या निराकरण कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या होने पर नागरिक सीधे कंट्रोल रूम पर सूचना दे सकते हैं, ताकि तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने बताया कि वर्तमान में तापमान लगातार बढ़ रहा है और गर्मी अपने चरम पर है। ऐसे हालात में आमजन के लिए पेयजल सबसे आवश्यक सुविधा है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा यह विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिससे शहरवासियों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने जानकारी दी कि हर्षित गर्ग को कंट्रोल रूम प्रभारी नियु क्त किया गया है। इसके साथ ही नगर पालिका के कर्मचारियों को अलग-अलग वार्डों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनिल कुमार शर्मा को वार्ड 1 से 8 तक, प्रदीप कुमार को वार्ड 9 से 16 तक तथा लक्ष्मण सिंह को वार्ड 17 से 25 तक की जिम्मेदारी दी गई है। नगर पालिका चेयरमैन ने बताया कि यदि किसी भी नागरिक को पेयजल संबंधित समस्या होती है तो वह अपने वार्ड के अनुसार संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकता है। वार्ड 1 से 8 के लिए 9389001334, वार्ड 9 से 16 के लिए 8273142252 तथा वार्ड 17 से 25 के लिए 8923388399 नंबर जारी किए गए हैं। नगर पालिका ने आश्वस्त किया है कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर शीघ्र समाधान कराया जाएगा, ताकि नागरिकों को भीषण गर्मी में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सामान के पैसे मांगने पर दुकानदार से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

गढीपुख्ता। झिंझाना के चौसाना निवासी साजिद ने गढीपुख्ता थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह गढीपुख्ता के गांव गढी अब्दुल्ला खां में दुकान करता है। 30 मई की शाम थानाभवन के गांव भनेडा उद्दा निवासी कुलदीप पुत्र कंवरपाल अपने एक-दो साथियों के साथ उसकी दुकान पर आया तथा कोल्ड ड्रिंक व सिगरेट लेने के बाद जाने लगे, जब उसने सामान के पैसे मांगे तो उक्त लोगों ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट शुरू कर दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# जूस पी रहे युवक पर मौत बनकर चढ़ी तेज रफ्तार कार, हाईवे पर मचा हड़कंप

□ सड़क किनारे खड़े बाइक सवार को स्विफ्ट डिजायर ने रौंदा गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर।

□ हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार, पुलिस जांच में जुटी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नेशनल हाईवे पर मंगलवार शाम तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। भूरा अंडरपास के निकट सड़क किनारे खड़े एक बाइक सवार युवक को स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर जा गिरा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहग.ीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जनपद पानीपत के गांव डाढ़ोला निवासी अरविंद पुत्र मानसिंह अपनी सास का हालचाल जानने के लिए कैराना आया हुआ था। उसकी सास नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती बताई जा रही हैं। शाम के समय अरविंद अपनी बाइक सड़क किनारे खड़ी कर भूरा अंडरपास के पास जूस पी रहा था। इसी दौरान शामली की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार संख्या एचआर-51बीटी-7483 तेज गति से मौके पर पहुंची और अनियंत्रित होकर सीधे अरविंद को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़ पड़े। स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल संभाला और उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।उधर, दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैराना पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। वहीं हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। उन्होंने प्रशासन से दुर्घटना संभावित स्थानों पर प्रभावी यातायात नियंत्रण और सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# गली की साफ-सफाई को लेकर महिलाओं में मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गली में साफ सफाई को लेकर महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक किशोरी समेत तीन महिलाएं घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर में नफीस की 12 वर्षीय पुत्री शहला गली में अपने घर के बाहर सफाई कर रही थी। आरोप है कि उसके द्वारा गली में पड़ा कूड़ा नाली में कर देने से पानी निकासी रुक गई और गंदा पानी बहकर पड़ौस में रहने वाले मुजम्मिल के घर के सामने एकत्रित हो गया। इसी बात को लेकर मुजम्मिल की पत्नी सईदा और नफीस की पत्नी रफत में कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। शोर शराबे की आवाज सुनकर किशोरी शहला अपनी मां को बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। महिलाओं में हुई मारपीट में किशोरी समेत तीनों महिलाएं घायल हो गई। सभी घायलों को गांव के ही एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। घटना को लेकर गांव में चर्चा का बाजार गर्म है हालांकि पुलिस का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है और न ही किसी पक्ष की ओर से तहरीर दी गई है।जनवाणी संवाददाता, देवबंद। गांव राजूपुर में गली में साफ सफाई को लेकर महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक किशोरी समेत तीन महिलाएं घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

# पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हिंदू मुस्लिम भाईचारा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बिना भेदभाव विकास कार्य कराने के लिए पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग को अंग वस्त्र व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

शेखुल हॉल में आयोजित अपने सम्मान समारोह में पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि शपथ ग्रहण के समय उन्होंने नगर वासियों से जो वादे किए थे, उन्हें तीन वर्षों के कार्यकाल में पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने दावा किया कि उनके तीन वर्षों के विकास कार्य पूर्व अध्यक्षों के दस वर्षों के कार्यकाल की तुलना में अधिक हैं। कहा कि नगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को करोड़ों रुपये का बकाया भुगतान बिना किसी कमीशन के दिलाया गया है। कार्यक्रम में प्रख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक गुप्ता, अशरफ उस्मानी, नजर फाउंडेशन के अध्यक्ष नजम उस्मानी, विवेक तायल, राजेश सिंघल, तहसीन खान, चौधरी ओमपाल सिंह, जर्रार बेग आदि ने भी विचार रखे और विपिन गर्ग के कार्यकाल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में संयोजक सलीम कुरैशी ने पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग को अंग वस्त्र व अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। डा. यूनुस सिद्दीकी, मौलाना सालिम अशरफ कासमी, राजेश सिंघल, इरम उस्मानी, शाजिया नाज, खलील खान, धनराज त्यागी, धर्मपाल सिंह, विनय कुच्छल, अजय गांधी आदि शामिल रहे।




# गाय को राष्ट्रीय गोमाता घोषित किया जाए: शर्मा

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय गोमाता घोषित करने की मांग की है।



श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने जारी अपने बयान में पंडित सतेंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में गाय का विशेष महत्व रहा है और इसे सदियों से पूजनीय माना जाता है। गाय केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला भी है। उन्होंने कहा कि गाय के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार को गाय को राष्ट्रीय गोमाता का दर्जा देकर उसके संरक्षण संबंधी कानूनों को और अधिक प्रभावी बनाना चाहिए। पंडित सतेंद्र शर्मा ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि देशवा.सियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गाय को राष्ट्रीय गोमाता घोषित किया जाए, जिससे भारतीय संस्कृति और परंपराओं को और अधिक मजबूती मिल सके।

# मोटरसाइकिल चोरो को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने अलग अलग समय पर हुई तीन मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की एक बाइक व मोटरसाईकिल के पार्टस भी बरामद किए हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कपिल देव ने बताया कि बीती 21 मार्च एवं 23 व 29 मई को कोतवाली में पीड़ितों द्वारा मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के मुकदमे दर्ज कराए थे। पुलिस ने घटनाओं की जांच की तो गांव रणखंडी निवासी कृष्ण, बैरून कोटला निवासी सुहैल और मोहल्ला किला निवासी सुहैल पुत्र तैय्यब का नाम बाइक चोरी की घटनाओं में सामने आया। तभी से पुलिस उक्त तीनों को तलाश रही थी।

बताया कि सोमवार को वाहन चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने गांव अम्बेहटा जाने वाले रास्तें चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर कहीं जा रहे तीनों आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। बाद में आरोपियों की निशानदेही पर एक स्थान से चोरी हुई मोटरसाइकिलों के पार्ट्स भी बरामद किए गए हैं। बाइक चोरी की घटना के संबंध में दर्ज मुकदमे में धारा 3175(2) बीएनएस की वृद्धि करते हुए तीनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



## विवाहिता ने डीएम व सीएम को भेजा पत्र, ससुरालियों पर लगाया आरोप

**देवबन्द।** कोतवाली क्षेत्र के घ्याना गांव निवासी शिवानी ने जिलाकिधारी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर ससुरालियों पर पति को जान से मारने और उसे घर से निक.ालने का आरोप लगाया है।

भेजे पत्र में शिवानी ने बताया कि 16 अप्रैल 2019 को उसका विवाह इंद्रा विहार कॉलोनी नूरपुर में एक व्यक्ति के साथ हुआ था। लेकिन शादी के बाद पति समेत ससुरालियों उसे बेटी सहित घर से निकाल दिया था। यह मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। आरोप लगाया कि पति की जमीन और बैंक में जमा धनराशि हड़पने की नीयत से ससुरा.लियों ने 14 अप्रैल 2026 को पति को विषेला पदार्थ देकर मार दिया। इतना ही नहीं उसे पति की मृत्यू की जानक.ारी तक नहीं दी गई। शिवानी ने आरोप लगाया कि ससुरालिए मुकदमे वापस न लेने पर उसे और बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दो बार प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद भी पुलिस ने कोई गिरफ्तारी नहीं की। पीड़िता ने मामले में कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

## गाली गलौज का विरोध करने पर दंपत्ति ने की मारपीट

**देवबन्द।** बिलासपुर गांव निवासी मुकर्रम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कहासुनी को लेकर पडोस में रहने वाले दंपती उसके साथ गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ मारपीट की। जिसमें वह घायल हो गया। इतना ही नहीं घर में खड़े उसके पिकअप वाहन में भी तोड़फोड़ की गई। जिससे उसे हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## कार खड़ी करने पर मारपीट, एक घायल

**देवबन्द।** कासिमपुरा मार्ग पर घर के सामने कार खड़ी करने से मना करने पर दो लोगों के बीच मारपीट हो गई। इसमें काशिफ नामक व्यक्ति घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी तहरीर में बताया कि एक व्यक्ति उसके घर के सामने कार खड़ी कर रहा था। मना करने पर गाली गलौज करने लगा। विरोध पर उसके साथ मारपीट की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बाइक सवार की मौत

**हल्दौर।** ग्राम सोतखेड़ी निवासी जकीर (48 वर्ष) पुत्र खलील बाइक से खासपुरा गया था। दोपहर करीब एक बजे बिजनौर-मुरादाबाद हाईवे स्टेट मार्ग पर स्थित फजलपुर ढ़ाकी मोड़ के पास बिजनौर से नूरपुर की ओर जा रही एक कार ने बाइक चालक को टक्कर मार दी। मौके से गुजर रहे राहग.ीरों ने मामले की सूचना फोन पर पुलिस को दी।

**सम्बंध विच्छेद**

हमारा भाई फहीम अपने हिस्से की भूमि ले चुका है और वे गलत संगत में पड़ा है। जिस कारण हमने उससे संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी लेनदेन या गलत कृत्य का हम या हमारा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

मो. वसीम खान, अजीम खान, नदीम खान पुत्रगण तसलीम खान निवासी मोहल्ला पठानपुरा, देवबंद।

# सांसद इमरान व विधायक किरत ने पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** सोमवार को नगर के कॉस्मेटिक व्यापारी संजय मित्तल की पत्नी पूनम मित्तल की घर में घुसकर धारदार हथियार से गला रेतकर की गई हत्या के बाद मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद व्यापारी की पत्नी पूनम मित्तल का नगर के शमशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा पुलिस प्रशासन से घटना के शीघ्र खुलासे की मांग की।





सहारनपुर सांसद इमरान मसूद, गंगोह विधायक चौधरी किरत सिंह, पूर्व विधायक संजय गर्ग, पूर्व विधायक मसूद अख्तर, वरिष्ठ भाजपा नेता राज सिंह माजरा, चौधरी संदीप वर्मा, मो. हकम चौधरी, डॉक्टर राकिब अंजुम, जिला उपाध्यक्ष चौधरी सतपाल सिंह,संदीप चौधरी रंधेड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि अंबेहटा पहुंचे। उन्होंने मृतका के पति संजय मित्तल एवं अन्य परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और इस दुख की घड़ी में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया।

जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन से हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े हुई इस जघन्य घटना से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि आम जनता का कानून व्यवस्था पर विश्वास बना रहे।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन ईनाम शाकिर, बाबू नासिर, पूर्व चेयरमैन अखिलेश जैन नगर पंचायत सभासद दानिश शफिक, मनोज गुप्ता, राकेश गर्ग, आजाद अल्वी, मोहम्मद अनीस, मुनसाद अंसारी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं: राव सरदार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** भारतीय किसान यूनियन तोमर किसान मजदूर मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने पूर्व गन्ना डायरेक्टर राव सरदार अली, मास्टर देवेंद्र कंबोज के संचालन में और रामनाथ प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम पाली में एक सभा का आयोजन किया गया।

सभा मे मौजूद सरदार अली ने कहा की किसानों का उत्पीड़न नहीं बर्दाश्त किया जाएगा। जिसमें मुख्य वक्ताओं में पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष परित उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष रईस मलिक जिला अध्यक्ष योगेंद्र तोमर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद किसान मजदूर मोर्चा जिला अध्यक्ष राव सलीम मंडल उपाध्यक्ष जसबीर राणा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण पाल फौजी ग्राम अध्यक्ष ऋषिपाल राणा जिला उपाध्यक्ष चंदन सिंह राणा युवा प्रदेश सचिव अरशद मिर्जा शहजाद राजीव मल्होत्रा युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आरिफ मलिक राव गुलजार जिला सचिव राव साजिद क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष जिला मंत्री इसरार सिद्दीकी जिला महासचिव वकार अंसारी ग्राम प्रभारी इंतजार सिद्दीकी तनवीर नवाब मौलाना फारूक प्रधान राव हाशिम राव अखलाक राव जमशेद राव अली शेर राव अयूब राव इकराम सैयद चांद हुसैन राव एहसान शहजाद प्रदेश महासचिव कारी सुफियान राव इरफान मास्टर सैकड़ो लोग शामिल रहे।

## मुकदमा दर्ज कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम चालाकपुर निवासी पीड़ित युवक ने विपक्षियों पर दीवार की मरम्मत न करने देने व मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की।

पीड़ित शिवलाल पुत्र नुप्पा ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी दीवार नाली के पानी से खराब हो गयी थी। जिसकी वह पांच दिन पूर्व देर शाम के समय मिस्त्री के साथ मरम्मत का कार्य करा रहा था। आरोप है कि विपक्षी बोबी, राजवीर व रामपाल, बाधूराम व सन्नी पुत्रगण रामपाल वहां पर आये तथा दीवार की मरम्मत करने से रोकते हुए गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी।

# रेत से भरी तीन ट्रैक्टर ट्रॉली सीज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली सहित कुल तीन ट्रॉलियों को पकड़कर सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा एवं खनन विभाग के नेतृत्व मेंशाहजहांपुर चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह तोमर मय पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने चौकी शाहजहांपुर क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना वैध प्रपत्रों के खनिज सामग्री का परिवहन करते पाए जाने पर रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली और दो सिंगल ट्रॉलियों को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। पकड़े गए वाहनों को चौकी शाहजहांपुर परिसर में खड़ा कराया गया है। संयुक्त टीम की इस कार्रवाई से अवैध खनन एवं परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया।

उल्लेखनीय है कि करीब दो सप्ताह पूर्व भी थाना सरसावा पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर लगभग एक दर्जन ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ते हुए कड़ी कार्रवाई की थी।

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गांव कुंडाकलां के लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। मुख्य मार्ग जल निकासी न होने से गंदे पानी और कीचड़ से भरा हुआ है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों ने आरोप है कि आज तक स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था को लेकर कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

गांव कुंडाकलां के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबुर है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित गांव का मुख्य मार्ग जल निकासी न होने से गंदे पानी और कीचड़ से भरा पड़ा है। जिसमें पैदल चलना तक दुश्वार हैं। बच्चों को स्कूल जाने, शादी समारोह, बीमार को अस्पताल ले जाने के अलावा जनाजे व शवयात्रा को भी इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। कई बार फिसलन से चोटिल होने का खतरा बना रहता है। ग्रामवासियों मुकर्रम, इस्तखार, राशिद, शाहरुख, मोमिन, कुर्बान, मुमताज का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद ग्रामपंचायत समस्या का समाधान नही कर रही है और न ही बीडीओ व न ही अन्य प्रशासनिक अधिकारी समस्या पर ध्यान दे रहे है। गांव के बुजुर्ग साजिद, मुमताज, अल्लारक्खा व पं. जयप्रकाश शर्मा बताते हैं कि कई वर्ष पहले गांव में फैली अज्ञात बीमारी की चपेट में आकर दर्जनों लोगों की मौत हो गई थी। इसके बावजूद आज तक स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था को लेकर कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने डीएम से मांग की है कि गांव के विकास को समग्र योजना बनवाकर जल निकासी की समस्या का समाधान कराने के साथ ही चिकित्सा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण कराकर ग्रामीणों को नारकीय जीवन से मुक्ति दिलायें। इसबारे में बीडीओ असलम परवेज का कहना है कि गांव की समस्याओं के निराकरण को प्रयास जारी है।



# भतीजों पर लगाया पुरानी रंजिश के चलते मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सड़क कातला निवासी पीड़ित व्यक्ति ने अपने भतीजों पर पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

पीड़ित मोहतसीम पुत्र सलीम ने अपने भतीजों वासिफ व कादिर पुत्र मुर्तजा पर आरोप लगाते हुए बताया कि उसका अपने भतीजों के साथ पुराना विवाद था। इसी पुरानी रंजिश के चलते वह लाठी डन्डे लेकर पीड़ित के घर के सामने आये और गाली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे पीड़ित के शरीर पर कंई जगह जगह गुम व जख्मी चोटें आयी।

पीड़ित की चीख-पुकार सुनकर बीच बचाव को उसका बेटा उसामा आया तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। मौके पर पड़ोसियों ने आकर उन्हें बामुश्किल बचाया। आरोप है कि विपक्षी जाते जाते भी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर गये।

वहीं पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विपक्षी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जीएसटी अफसरों का व्यापारियों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** स्थित रुड़की रोड स्थित मिलन गार्डन में राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी अधिकारियों और व्यापारियों के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों को आ रही व्यावहारिक और तकनीकी दिक्कतों को दूर करना और टैक्स प्रणाली को और अधिक सरल बनाना था।




संवाद के दौरान व्यापारियों ने जीएसटी रिटर्न दाखिल करने में होने वाली परेशानियां, इनपुट टैक्स क्रेडिट यानी आईटीसी के क्लेम, ई-वे बिल की विसंगतियां और पोर्टल से जुड़ी अन्य तकनीकी समस्याओं से अधिकारियों को विस्तार से अवगत कराया। मौके पर मौजूद जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों की सभी समस्याओं और सुझावों को बेहद गंभीरतापूर्वक सुना और उनके शीघ्र व संतोषजनक निस्तारण का पूरा आश्वासन दिया। अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें एक सरल, सुगम और पारदर्शी जीएसटी प्रक्रिया उपलब्ध कराना है, ताकि व्यापार को बढ़ावा मिल सके। बेहद गरिमामयी माहौल में संपन्न हुए इस कार्यक्रम के संयोजक मोहित शर्मा रहे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ व्यापारी मोहम्मद अतहर ने अधिकारियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया, वहीं व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने बुके भेंट कर सभी मुख्य अतिथियों और अधिकारियों का स्वागत किया। इस संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न व्यापारिक संगठनों से जुड़े बड़ी संख्या में छोटे-बड़े व्यापारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की।

# गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग

**चिलकाना।** ग्राम पटनी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज गौमाता को राष्ट्रीय दर्जा देने तथा उनके नाम के साथ सम्मानजनक शब्दों का प्रयोग करने की पुरजोर मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने राज्य और केंद्र सरकार का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित किया है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि गाय को सदियों से राष्ट्रीय सम्मान देने की मांग जनता द्वारा की जाती रही है। उन्होंने इस बात पर विशेष आपत्ति जताई कि गौमाता के नाम के साथ पशु शब्द जोड़ा जाता है।

उनके अनुसार पशु शब्द को समाज में एक निम्नता अर्थात नीची दृष्टि से देखा और प्रयोग किया जाता है। इसलिए गौमाता के सम्मान में उनके नाम के साथ श्पशुश शब्द हटाकर श्राष्ट्रीय जीवश या श्राष्ट्रीय प्राणीश लिखना और कहना ही अति उत्तम और न्यायसंगत रहेगा। गौमाता को राष्ट्रीय सम्मान देने की यह मुहिम अब और व्यापक हो चुकी है। अब मुस्लिम समुदाय की ओर से भी यह मांग लगातार बढ़ती और मजबूत होती जा रही है। जो कि सौहार्द एवं एक दूसरे की आस्था के सम्मान का बड़ा प्रतीक है।

# पोल्ट्री फार्मों की गंदगी से ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** थाना मिर्जापुर के रामपुर बड़कला क्षेत्र के ग्रामीणों ने गांव के आसपास संचालित पोल्ट्री फार्मों से फैल रही गंदगी और दुर्गंध को लेकर गहरी नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पोल्ट्री फार्मों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थों और गंदगी के कारण आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है, जिससे संक्रामक और गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।



ग्रामीणों का कहना है कि पोल्ट्री फार्मों से निकलने वाली बदबू के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। सुबह और शाम के समय दुर्गंध इतनी अधिक हो जाती है कि बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गंदगी के कारण मक्खियों और मच्छरों की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है, जिससे डेंगू, मलेरिया तथा अन्य संक्रामक रोगों का खतरा बना हुआ है।

रामपुर बड़कला के ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी कई बार संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन को शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द ही पोल्ट्री फार्मों की गंदगी पर नियंत्रण नहीं किया गया और स्वास्थ्य संबंधी खतरे को देखते हुए आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो उन्हें मजबूर होकर धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

ग्रामीणों प्रधान चो संजय, पूर्व प्रधान चानू राम, मास्टर धर्म सिंह, चो ब्रजपाल, बीडीसी गुलजार, सोनू चौधरी, संजय उपाध्याय, प्रीतम सिंह आदि मे आक्रोश बना हुआ है।

# ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप

**गागलहेडी।** थाना क्षेत्र के गांव सुनहेटी-खरखड़ी निवासी वृद्ध ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों पर पोती के शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया। वृद्ध ने पोती के पति पर उसके बेटे को कार से कुचलकर मारने का भी आरोप लगाया।

थाना गागलहेड़ी क्षेत्र के ग्राम सुनहेटी खरखड़ी निवासी नाथूराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 वर्ष पहले उसकी पोती शालू का विवाह हर्ष पुत्र आजाद सिंह निवासी पटेल नगर मालवीय चौक थाना गंगनहर के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन उसके लालची ससुरालजन इससे खुश नही थे। उसके बेटे यानि शालू के पापा मांगेराम ने शालू के ससुरा. लियों को काफी समझाया लेकिन वे मानने को तैयार नही हुए। पौत्री शालू ने एक लडके को जन्म दिया जिस पर उसका पति हर्ष, सास बबली ने केवके में 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। उसने रुड़की जाकर उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन वें नही माने। 30 मई को लगभग 4 बजे शालू का पति हर्ष व सास बबली कार में बैठकर आये और उसके बेटे मांगेराम को कुचलकर मारने का प्रयास किया लेकिन वह बाल बाल बच गया। उसके बाद उन्होंने धारदार हथियार से फिर हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर आये मुहल्ले के व्यक्तियों ने बड़ी मुश्किल से उनके चंगुल से छुड़ाया। उधर पीड़ितों ने पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर पीड़ितों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कराया।

**सूचना**

मेरी पुत्री अलीना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नही है और उसने अपनी मर्जी से निकाह कर लिया है। इसलिए मैने उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**जियाउर्रहमान पुत्र मौ. इदरीश निवासी हरिजन काला. नी गली नं. 5, छुटमलपुर, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र बलेन्द्र व पुत्रवधू श्रीमति सोनी को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**भोपाल पुत्र शोभाराम निवासी ग्राम बोडपुर, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र अनुज व पुत्रवधू श्रीमति पुष्पा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**दलेल पुत्र कृपा राम निवासी ग्राम नन्हेडा बक्काल भाऊपुर, थाना कुतुबशेर, जिला सहारनपुर।**

# सबील लगा राहगीरों को बांटा शर्बत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** पांचवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर पायस एजुकेशनल ग्रुप, परिवार के सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन चौक, गागलहेड़ी पर राहगीरों के लिए मीठे शर्बत की छबील लगाकर सेवा भाव का परिचय दिया।

संस्थान के प्रबंधक श्री पंकज गर्ग ने बताया कि पायस एजुकेशनल ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष बड़े मंगलवार के अवसर पर मीठे शर्बत की छबील लगाई जाती है। भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की असीम कृपा से संस्थान निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार की यह सामूहिक इच्छा है कि भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा एवं जनकल्याण के कार्य निरंतर जारी रहें। इस सेवा कार्य में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा राहगीरों को शीतल मीठा शर्बत वितरित किया। उपस्थित लोगों ने इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव हर्षित गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार दुर्गेश शर्मा, अमित चौधरी, समा. जसेवी आशीष शर्मा, रामकुमार गुप्ता, विधालय कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार, जितेंद्र यादव, डोली यादव, सारिका, प्रवीण कुमार, अमित कुमार, प्रवेश कुमार, वीरेंद्र कुमार यादव, प्रीतम सिंह, अनूप सिंह सहित विद्यालय परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भारी मात्रा में स्मैक समेत पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने नशे के सौदागरों पर एक और करारा प्रहार करते हुए एक शातिर तस्कर को भारी मात्रा में अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

प्राप्त विवरण के अनुसार थाना फतेहपुर के उपनिरीक्षक रामआसरे हेड कांस्टेबल बबलू राणा और हेड कांस्टेबल ललित कुमार की टीम क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर से क्षेत्र में स्मैक तस्कर की मौजूदगी की सटीक सूचना मिली पुलिस टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए कलसिया रोड स्थित बिजली घर (फतेहपुर भादो) के पास घेराबंदी की और एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से 11.93 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान नूर पुत्र नसीम निवासी संसारपुर (थाना बेहट, जिला सहारनपुर) के रूप में हुई है. फतेहपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त नूर के खिलाफ थाना फतेहपुर पर मुकदमा अपराध संख्या 220/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर लिया है पुलिस अब इस बात की गहनता से पड़ताल कर रही है कि अभियुक्त यह स्मैक कहां से लेकर आ रहा था और इसे क्षेत्र में किन-किन लोगों को सप्लाई किया जाना था।

# कथा में दूसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** शिवालय महादेव मंदिर में श्री राधे गोविंद सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञानामृत सप्ताह के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

नगर में चल रही कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि श्रीमद् भागवत भगवान के 24 अवतारों का दिव्य वर्णन है तथा भगवान श्रीकृष्ण की जन्म से गोलोक धाम तक की लीलाओं का सार प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि भागवत महापुराण भगवान गोविंद का स्वरूप है और इसका श्रवण भक्तों में ईश्वर के प्रति भक्ति भाव जागृत करता है। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वाद्य यंत्रों पर अमित पांडे, रवि तिवारी और शिवशंकर शुक्ला ने भक्ति रस बिखेरा। कथा पूजन पंडित सात्विक शर्मा, पंडित विपिन कपिल एवं पंडित शाश्वत चेतन ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। दूसरे दिन के यजमान पवन जोशी परिवार सहित रहे। कथा के समापन पर आरती हुई तथा प्रणव गुप्ता द्वारा श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया गया।

# ओपनिंग में सूर्यवंशी के साथ कोहली

**एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबाज से 44 रन ज्यादा बनाए**



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से सबको प्रभावित करने वाले राजस्थान रॉयल्स के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में चुना गया है। उनके साथ ओपनिंग में उनका जोघीदार विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की रन मशीन विराट कोहली को बनाया गया है।

टीम ऑफ द टूर्नामेंट वैभव सूर्यवंशी :पारियां 16 (रन 776) स्ट्राइक रेट 237.30 औसत 48-50 (1ग100/ 5ग50 टीम में चुनने के लिए इससे आसान घ्सला शायद ही कोई और हो सकता था। एक ऐसी सीरीज जिसमें यकीन करना मुश्किल हो, वैभव सूर्यवंशी ने दूसरे नम्बर के सबसे बेहतरीन बल्लेबा से 44 रन घ्डादा बनाए, उनका स्ट्राइक रेट 23 पॉइंट बेहतर था और उन्होंने दूसरों के मुकाबले 29 छक्के ज्यादा लगाए। रन और रफ्तार की गिनती तो देख ली, अब घ्रा खेल की क्वालिटी भी देखिए: चैंपियन टीम के खिलाफ 202 रनों का पीछा करते हुए सिर्फ 26 गेंदों पर 78 रन ठोक दिए, सिर्फ 36 गें. दों में शतक जमाया, करो या मरो वाले एक बेहद जरूरी मैच में 221 रनों का पीछा करते हुए 38 गेंदों पर 93 रन बनाए, अपने पहले प्लेऑफ मैच में सिर्फ 29 गेंदों पर 97 रन की तूफानी पारी खेली और फिर क्वालीफायर 2 में जहां एक तरफ लगातार विकेट गिर रहे थे, वहां उन्होंने 47 गेंदों पर 96 रनों की शानदार पारी खेली। उम्र चाहे जो भी हो और मंच चाहे जितना बड़ा, यह वाकई हैरान कर देने वाला प्रदर्शन है। विराट को. हली: पारियां 16 (रन 675) स्ट्राइक रेट 165-84 औसत 56-25 1ग100/5ग50 उम्र और तघ्र्बे के दूसरे छोर पर खड़े विराट कोहली ने एक बार फिर अपना वही पुराना अंदाघ दिखाया जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लगातार चौथे सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाए।

लेकिन इससे भी ज्यादा हैरान करने वाली बात यह थी कि उन्होंने अपना एक ऐसा रूप दिखाया जो पहले कभी नहीं देखा गया था: धीमे खेल की जगह उन्होंने तूफानी रफ्तार को चुना, लगभग हर दूसरी गेंद पर बाउंड्री लगाने की कोशिश की और पावरप्ले में विरोधी टीम पर हावी रहे। इस सीजन में जहां पावरप्ले जीतना सबसे अहम था, कोहली ने पहले छह ओवरों में 175 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौर में 200 से घ्डादा रन बनाने वाले 16 अन्य बल्लेबाघें में से सिर्घ पांच ही उनसे बेहतर कर पाए। सीजन का आघ्रिी मैच उन्होंने आईपीएल में अपने सबसे तेज अर्धशतक के साथ घ्त्म किया।

वह आईपीएल में 77 बार 50 या उससे ज्यादा का स्कोर बना चुके हैं। और हां, वह 37 साल के हैं। इशान किशन (विकेटकीपर) :पारियां 15 ( रन 602) स्ट्राइक रेट 182-42 ( औसत 40-13) 6ग50 द्य कैच/स्टंप 9/1 रजत पाटीदार (कप्तान) : पारियां 15 (रन 501) स्ट्राइक रेट 192.69 (औसत 41-75) 5ग50 हेनरिक क्लासेन पारियां 15 ( रन 624 (स्ट्राइक रेट 160-00 ( औसत 48-00 (6ग50 नीतीश कुमार रेड्डी : मैच 14) रन 302 ( स्ट्राइक रेट 171-59 (विकेट 8 ( इकॉनमी 10-41 क्रुणाल पंड्या : मैच 16 ( रन 226 (स्ट्राइक रेट 145-80) विकेट 14 (इकॉनमी 8-41 सुनील नारायण : मैच 13 (विकेट 15 (इकॉनमी 6-64 ( औसत 22.60 जोफ्रा आर्चर : मैच 16 ( विकेट 25 (इकॉनमी 9.31 (औसत 22-36 भुवनेश्वर कुमार : मैच 16 (विकेट 28 (इकॉनमी 7.95 (औसत 17-89 कगिसो रबाडा : मैच 17 (विकेट 29) इकॉनमी 9-68 ( औसत 21-58 साकिब हुसैन : मैच 11 ( विकेट 15 ( इकॉनमी 9-45 ( औसत 26-46 आरसीबी की जीत के बाद वृंदावन पहुंचे विराट-अनुका, प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद मथुरा।

# श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचे

**पेरिस, वार्ता।** भारत के श्रीराम बालाजी और उनके ब्राजीलियाई जोड़ीदार मार्सेलो डेमोलिनर ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के मेन्स डबल्स क्वार्टर-फाइनल में धमाकेदार एंट्री की।

उन्होंने जर्मनी के छठी वरीयता प्राप्त केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी को हराया। इस साल रौलां गैरो में बिना किसी वरीयता के खेल रहे भारतीय टेनिस खिलाड़ी और मार्सेलो डेमोलिनर की जोड़ी ने, राउंड ऑफ 16 के मैच में जर्मनी के दो ग्रैंड स्लैम विजेताओं को हराने में 1 घंटा 25 मिनट का समय लिया। उन्होंने 7-5, 6-4 से यह उलटफेर भरी जीत हासिल की। जर्मनी की अनुभवी टेनिस जोड़ी पर मिली इस जीत के साथ ही, 36 साल के श्रीराम बालाजी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई। जर्मनी की यह जोड़ी पिछले महीने मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतकर पेरिस पहुंची थी। सेमी-फाइनल में जगह बनाने के लिए, भारत-ब्राजील की यह जोड़ी अब दूसरी वरीयता प्राप्त ग्रेट ब्रिटेन के हेनरी पैटन और फनिलैंड के हैरी हेलियोवारा की जोड़ी से भिड़ेगी। पहले सेट के दूसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद बालाजी और डेमोलिनर पर शुरुआत में ही दबाव आ गया था। हालांकि, उन्होंने अगले ही गेम में विरोधी की सर्विस तोड़कर तुरंत वापसी की। जब सेट 5.5 की बराबरी पर था, तब बालाजी और डेमोलिनर ने 11वें गेम में निर्णायक बढ़त बनाई और फिर अपनी सर्विस बचाते हुए पहला सेट 7.5 से जीत लिया।

**खेल विशेष**

## अफगानिस्तान टेस्ट के लिए आकिब नबी सहित छह खिलाड़ियों को बुलाया गया

**नई दिल्ली, वार्ता।** आकिब नबी, जो अफगानिस्तान टेस्ट के लिए टीम में जगह नहीं बना पाए थे, उन छह गेंदबाजों में से एक हैं जो नेट बॉलर के तौर पर भारतीय टीम से जुड़े हैं। ए गेंदबाज 6 जून से मुल्लांपुर में होने वाले मैच की तैयारी में टीम की मदद करेंगे। चुने गए नेट बॉलर: आकिब नबी, गुरजपनीत सिंह, प्रिस यादव, सारांश जैन, जीशान अंसारी, शिवांग कुमार। नबी के अलावा, इस लिस्ट में दो और तेज गेंदबाज हैं, युवा और प्रभावशाली प्रिस यादव और तमिलनाडु के गुरजपनीत सिंह। प्रिंस, जिन्होंने आईपीएल में तेजी से अपना नाम बनाया है, इस एकमात्र टेस्ट के बाद होने वाले वनडे मैचों के लिए भी भारतीय टीम का हिस्सा हैं। स्पिन गेंदबाजों में, ऑफ-स्पिनर सारांश जैन के पास काफी अनुभव है। फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में, उन्होंने मध्य प्रदेश के लिए 52 मैचों में 181 विकेट लिए हैं। उनके एमपी के साथी खिलाड़ी, जिन्होंने अभी तक घरेलू क्रिकेट में रेड-बॉल (टेस्ट) डेब्यू नहीं किया है।

## श्रीराम फाइनेंस ने पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन के साथ साझेदारी की घोषणा की

**बेंगलुरु, वार्ता।** श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) ने आज पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन (पीएसबी) के साथ प्रेजेंटिंग प्रायोजक के रूप में अपनी साझेदारी की घोाणा की। इस सहयोग की घोाणा श्रीराम फाइनेंस के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन उमेश रेवंकर और भारत के दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी तथा पीएसबी के संस्थापक पद्मश्री प्रकाश पादुकोण ने बेंगलुरु स्थित पादुकोण-द्रविड़ सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में की। इस साझेदारी के माध्यम से एसएफएल वित्तीय समावेशन और सामुदायिक विकास के जरिए राट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है। अब यह प्रतिबद्धता खेल और देशभर की जमीनी स्तर की प्रतिभाओं तक भी विस्तारित होगी। इस सहयोग के तहत भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पादुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। इस पहल का उद्देश्य देशभर में विभिन्न आयु वर्गों और उभरते खिलाड़ियों के लिए जमीनी स्तर पर संरचित बैडमिंटन प्रशिक्षण की पहुंच को और मजबूत करना है। साझेदारी की प्रमुख विशोताएं नेमिग राइट्स: भारत में पीएसबी के सभी मौजूदा और भविय के केंद्र श्रीराम फाइनेंस प्रेजेंट्स पाद. ुकोण स्कूल ऑफ बैडमिंटन नाम से संचालित होंगे। अपैरल स्पॉन्सरशिप: पीएसबी अकादमियों में खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ के बीच 2,000 से अधिक ब्रांडेड टी-शर्ट वितरित की जाएंगी।

# भारत के विजय शंकर एलपीएल में डेब्यू के लिए तैयार

**वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे**



**कोलंबो, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर विजय शंकर लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) 2026 में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बनने के लिए तैयार हैं, क्योंकि उन्हें कैंडी रॉयल्स ने साइन किया है। वहीं, श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो सीजन 6 के ड्राफ्ट में कुल मिलाकर नम्बर 1 पिक के तौर पर उभरे, जब फ्रेंचाइजी ने इस टूर्नामेंट के बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के लिए अपनी टीमें पूरी कर लीं।

17 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली इस प्रतियोगिता से पहले हुए ड्राफ्ट में, सभी पांचों फेंचाइजी ने जाने-माने इंटरनेशनल सितारों, उभरते हुए विदेशी टैलेंट और श्रीलंका के प्रमुख क्रिकेटरों के मिश्रण से अपनी टीमों को मजबूत किया। इससे लीग के इतिहास में सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी सीजन में से एक के लिए मंच तैयार हो गया है। एलपीएल 2026 ड्राफ्ट में पहली कुल मिलाकर पिक का अधिकार रखने वाली मौजूदा चैंपियन एससी जाफना किंग्स ने श्रीलंका के इंटरनेशनल खिलाड़ी अविका फर्नांडो को नम्बर 1 पिक के तौर पर चुनकर प्रक्रिया की शुरुआत की। किंग्स ने अनुभवी ऑलराउंडर डेविड वीस, अफगानिस्तान के ओपनर इब्राहिम जादरान और नेपाल के लेग-स्पिनर संदीप लामिछाने को शामिल करके अपनी टीम को और मजबूत किया। ए खिलाड़ी डुनिथ वेलालगे और भानुका राजपक्षे जैसे बड़े नामों के साथ जुड़ेंगे, क्योंकि फेंचाइजी अपने खिताब का बचाव करना चाहती है और प्रतियोगिता में अपनी सफल दौड़ को आगे बढ़ाना चाहती है। भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए चर्चा का सबसे बड़ा विाय विजय शंकर की भागीदारी होगी, जिन्होंने 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। यह अनुभवी ऑलराउंडर कैंडी रॉयल्स की एक मजबूत टीम में शामिल हो रहा है, जिसमें मोईन अली, वानिदु हसरंगा और एंजेलो मैथ्यूज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। रॉयल्स ने ड्राफ्ट के जरिए रहमानुल्लाह गुरबाज, डैनियल सैम्स, कुसल परेरा और नुवान तुाारा को शामिल करके अपनी लाइन-अप को और मजबूत किया। दूसरी ओर, कोलंबो कैप्स ने इंटरनेशनल खिलाड़ी मुजीब उर रहमान को शामिल करके अपनी लाइन-अप को मजबूत किया, जो उनके आइकॉन खिलाड़ियों जिमी नीशम, कुसल मेंडिस और कामिदु मेंडिस के पूरक के तौर पर काम करेंगे। दंबुला सिक्सर्स ने अपने साथ महेश थीक्षाना और फजलहक फारूकी जैसे साबित हो चुके मैच-विनर्स को जोड़ा है, साथ ही दिनेश चांदीमल और दुमंथा चमीरा जैसे बड़े नामों को भी शामिल किया है। वहीं, गाले गैलेंट्स ने अपनी टीम को श्रीलंका के कप्तान चरित असलंका और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रासी वैन डेर डुसेन के साथ और मजबूत किया है, ए दोनों नए सीजन से पहले दासुन शनाका और ईशान मलिगा जैसे बड़े नामों के साथ टीम में शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के इस ड्राफ्ट ने अंतर्राट्रीय स्तर पर काफी दिलचस्पी जगाई है, जिसमें 21 देशों के 650 से ज्यादा विदेशी क्रिकेटरों ने चयन के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। यह इस बात को दिखाता है कि लंका प्रीमियर लीग की वैश्विक लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और यह इस क्षेत्र की सबसे बड़ी टी 20 प्रतियोगिताओं में से एक के तौर पर उभर रही है। लंका प्रीमियर लीग के छठे संस्करण में एससी जाफना किंग्स, कैंडी रॉयल्स, कोलंबो कैप्स, दंबुला सिक्सर्स और गाले गैलेंट्स की टीमें एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। यह टूर्नामेंट 'डबल राउंड-रॉबिन' प्रारूप में खेला जाएगा, जिसके बाद प्लेऑफ मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 जुलाई, 2026 को होगी और इसका समापन 8 अगस्त, 2026 को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले के साथ होगा। ओसाका को हराकर सबालेंका क्वार्टरफाइनल में पेरिस। शीर्ा वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सोमवार को फ्रेंच ओपन के महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिए जापान की नाओमी ओसाका को हराया, जबकि तीन इताल. वी खिलाड़ी पुरुा सिंगल्स के अंतिम आठ में पहुंच गए।

# टिम डेविड पर मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया

**डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया**



**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज टिम डेविड पर उनकी मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं।

यह कार्रवाई नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के फाइनल मैच के दौरान खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए की गई है। डेविड को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो मैच के दौरान किसी खिलाड़ी, टीम अधिकारी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य तीसरे व्यक्ति पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट के किसी अन्य उपकरण, जैसे पानी की बोतल) फेंकने से संबंधित है। यह घटना पहली पारी के 10वें ओवर में हुई, जब एक विकेट गिरने के बाद, डेविड ने अंपायर नितिन मेनन की दिशा में आक्रामक तरीके से एक आइस बैग फेंका। डेविड ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी, जवागल श्रीनाथ द्वारा लगाए गए दंड को मान लिया। यह इस सीजन में डेविड का तीसरा लेवल 1 का अपराध था( उन्होंने अपना पहला अपराध मैच 20 (एक डिमेरिट पॉइंट) में और दूसरा अपराध मैच 54 (दो डिमेरिट पॉइंट) में किया था।

# रजत पाटीदार का सामना माधव तिवारी से

**इंदौर, वार्ता।** मध्य प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट आयोजनों में से एक आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप के नए सीजन का इंतजार अब लगभग खत्म हो चुका है। 3 जून से ऐतिहासिक होलकर स्टेडियम में शुरू होने जा रहे इस टूर्नामेंट को लेकर पूरे इंदौर में उत्साह का माहौल है। राज्य भर की शीर्ा क्रिकेट प्रतिभाएं आने वाले हफ्तों में रोमांचक मुकाबलों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में अनुभवी ग्वालियर चीताज का सामना नई टीम उज्जैन फाल्कन्स से होगा। दोनों टीमें अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेंगी, ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भरपूर मुकाबले की उम्मीद है। ग्वालियर चीताज को दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान रजत पाटीदार की मौजूदगी से मजबूती मिलेगी, जबकि उज्जैन फाल्कन्स के पास युवा और प्रतिभाशाली ऑलराउंडर माधव तिवारी होंगे, जिन्होंने आईपीएल 2026 में लगातार दो मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। ग्वालियर चीताज के पूर्व मुख्य कोच और वर्तमान में उज्जैन फाल्कन्स से जुड़े सुनील धोलपुरे ने मध्य प्रदेश लीग को युवा क्रिकेटरों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा, एमपीएल ने युवा क्रिकेटरों के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है। पहले खिलाड़ियों को क्लब क्रिकेट, जिला टूर्नामेंट, संभागीय प्रतियोगिताओं और राज्य स्तरीय कैंपों से होकर गुजरना पड़ता था, तब जाकर उन्हें पहचान मिलती थी। एमपीएल ने इस प्रक्रिया को बदल दिया है और खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया है, जहां वे दबाव की परिस्थितियों में चयनकर्ताओं, स्काउट्स और फेंच. इजी टीमों के सामने अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। यह लीग युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खुद को साबित करने और अपने क्रिकेट करियर को नई दिशा देने का अवसर देती है। उन्होंने आगे कहा कि, हम अपनी टीम में माधव तिवारी जैसे खिलाड़ी को पाकर बेहद खुश हैं। उन्होंने आईपीएल 2026 में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है और कम उम्र में ही अपनी शानदार क्षमता का परिचय दिया है। हमें पूरा विश्वास है कि वह एमपीएल में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखेंगे और इस सीजन टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# साईराज बहुतुले भारतीय टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हुए

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** भारत के पूर्व लेग-स्पिनर साईराज बहुतुले, न्यू चंडीगढ़ में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले, पुरुाों की टीम में स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर शामिल हो गए हैं। 53 साल के बहुतुले व्हाइट-बॉल क्रिकेट में भी भारत के स्पिनरों के साथ काम करेंगे।

बहुतुले का सबसे हालिया कार्यकाल आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स के साथ था, जहां उन्होंने स्पिन-बॉलिंग कोच के तौर पर काम किया था। इससे पहले, वह केरल और बंगाल की पुरुाों की टीमों के साथ भी रह चुके हैं। नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में शामिल होने से पहले, 2018 से 2021 तक वह राजस्थान रॉयल्स के सपोर्ट स्टाफ का भी हिस्सा थे। जब राहुल द्रविड़ हेड कोच थे, तब उन्होंने इंडिया 'ए' के असाइनमेंट और भारत की कुछ सीरीज के लिए सपोर्ट स्टाफ के तौर पर काम किया था, इसके बाद आईपीएल 2025 में वह एक और साल के लिए आरआर के साथ जुड़ गए थे। बहुतुले का इंटरनेशनल करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा, उन्होंने 1997 में भारत के लिए डेब्यू किया और 2003 में अपना आखिरी मैच खेला। इन सालों के दौरान, उन्होंने सिर्फ दो टेस्ट और आठ वनडे मैच खेले। हालांकि, घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा: लगभग 20 साल लंबे अपने करियर में, उन्होंने 188 फर्स्ट-क्लास मैचों में 630 विकेट और 143 लिस्ट 'ए' मैचों में अपनी लेग-स्पिन गेंदबाजी से 197 विकेट लिए। बहुतुले भारत के उस सपोर्ट स्टाफ में शामिल होंगे, जिसमें अभी कोई स्पिन-बॉलिंग कोच मौजूद नहीं है।



# सोबो मुंबई फाल्कन्स की टी-20 मुंबई महिला लीग में पहली ऐतिहासिक जीत

**भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया**

**मुंबई, वार्ता।** मंगलवार को मुंबई क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा गया, जब वानखेड़े स्टेडियम में पहली नुवामा प्राइवेट टी-20 मुंबई महिला लीग शुरू हुई।

भारत की स्टार खिलाड़ी सायली सतघरे ने सोबो मुंबई फाल्कन्स की कमान संभालते हुए तीन विकेट लेकर टीम को आगे से लीड किया, उनकी टीम ने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में ठाणे स्काई राइजर्स को 16 रनों से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। 174 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, ओपनर मानसी पाटिल (46) ने लगातार अंतराल पर अपने साथियों के विकेट गिरने के बावजूद ठाणे स्काई राइजर्स के लिए जीत की उम्मीदें बनाए रखीं। महक पोकर (23, रिटायर्ड हर्ट) और साइमा ठाकोर (29) ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे इसे बड़ी पारी में नहीं बदल पाईं, वहीं, सतघरे की शानदार अगुवाई में फाल्कन्स के गेंदबाजों ने विपक्षी टीम पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के आखिरी पलों में, विकेटकीपर खुशी भाटिया ने सिर्फ 16 गेंदों में 28 रनों की जुझारू पारी खेली और गेंद को जोरदार तरीके से हिट करते हुए ठाणे की उम्मीदों को जिदा रखा। हालांकि, 19वें ओवर में उनके आउट होते ही स्काई राइजर्स की जीत की उम्मीदें लगभग खत्म हो गईं और मैच पूरी तरह से फाल्कन्स के पक्ष में चला गया। इससे पहले, ठाणे स्काई राइजर्स कप्तान साइमा ठाकोर की शानदार शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही। साइमा ने टूर्नामेंट की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर इतिहास रचा था और उसी ओवर में एक और विकेट भी चटकाया था। नौ कैच छूटने की गलतियों का फायदा उठाते हुए, सोबो मुंबई फाल्कन्स ने हली गाला (45 नाबाद) की तूफानी पारी की बदौलत मैच में वापसी की( उन्हें रिया चौधरी (43), सिमरन शेख (30) और सारिका कोली (26) का भी अहम सहयोग मिला, जिसकी बदौलत टीम ने 20 ओव. रों में 173/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। सोमवार को खेले गए पुरुाों के टूर्नामेंट के पहले दिन, आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब और मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स के बीच एक बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। यह मैच 'सुपर ओवर' में जाकर तय हुआ, जिसमें सिद्धेश लाड की कप्तानी वाली रॉयल्स टीम ने बाजी मारी। जब दोनों टीमों ने अपने-अपने 20 ओवरों के आखिर में एक जैसा 165 का स्कोर बनाया, तो मैच सुपर ओवर में चला गया।

# गन्ना भुगतान न करने पर डीएम ने लगाई फटकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान जनपद की सभी चीनी मिलों के हेड को पेराई सत्र 2025-26 का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही बजाज चीनी मिल के प्रबंधक को गन्ना मूल्य भुगतान न करने पर कड़ी फटकार लगाई है।

जिलाधिकारी श्री चौहान मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के सम्बन्ध में किसान संगठनों, चीनी मिल के अधिकारियों, उप गन्ना आयुक्त, एवं जिला गन्ना अधिकारी के साथ आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने चीनी मिल टोडरपुर के शेयर होल्डर राणा ग्रुप को पेराई सत्र 2024-25 का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं करने पर कड़ी फटकार लगाते हुए भुगतान करने के निर्देश दिये गये।

चीनी मिल गागलहेडी, बिडवी एवं गांगनौली के यूनिट हैड को पेराई सत्र 2025-26 का बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिये गये। चीनी मिल टोडरपुर पर पेराई सत्र 2024-26 को 20 करोड तथा चीनी मिल गागलहेडी, बिडवी एवं गांगनौली पर पेराई सत्र 2025-26 का क्रमशः 14.75 करोड, 21.58 करोड तथा 124.16 करोड बकाया है।

बैठक में उप गन्ना आयुक्त ओमप्रकाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य, चीनी मिल गागलहेड़ी, बिड़वी एवं गांगनौली के यूनिट हैड तथा चीनी मिल टोडरपुर के शेयर होल्डर राणा ग्रुप के प्रतिनिधि एवं किसान संगठनों के प्रतिनिधि एवं किसान आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## भागवत कथा का समापन

**गंगोह।** श्रीमद्भागवत कथा मंगलवार को समापन किया गया। कथा का समापन यज्ञ और विशाल भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिससे पूरा परिसर जय श्रीकृष्ण और राधे-राधे के जयघोषों से गूंज उठा।

कालेज मार्ग स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास सुधीर शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, उनके उपदेशों और धर्म, भक्ति तथा सत्कर्म के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आपसी प्रेम, भाईचारा, सेवा भावना और भारतीय संस्कारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# 6 को करेंगे विरोध प्रदर्शनः संदीप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि आज भाजपा सरकारे अपनी विफलता के विभिन्न मुद्दों को छिपाने के लिए जनता का ध्यान असली मुद्दों से भड़काने के लिए देश में सांप्रदायिकता का जहर खोल रही है। जिसके विरोध में छह जून को कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। संदीप राणा ने कहा कि आज देश के सामने महंगाईए बेरोजगारी शिक्षा का गिरता स्तर परीक्षाओं के लीक होते प्रश्नपत्र महिलाओं दलितों पिछड़ों व कमजोर तबकों के प्रति बढ़ती आपराधिक घटनाएं जहां एक तरफ आम लोगों की परेशानियों का सबक बन रही है। वहीं दूसरी ओर भाजपा सरकारों का इन समस्याओं के प्रति लापरवाह रवैया इस स्थिति को और अधिक गंभीर व विकट बना रहा है। बैठक में जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने हिंदू रक्षादल की पूर्व जिलाध्यक्ष अमनदीप कौर व उनकी सहयोगी तान्या चौहान को कांग्रेस का पटका पहनकर उनका कांग्रेस में स्वागत करते हुए उन्हें कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। जिलाध्यक्ष संदीप राणा ने सभी ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा करते हुए बिट्टू चौधरी रामपुर मनिहारा, अबरार राव मुजफ्फराबाद, पवन राणा पुवारका, चौधरी नवाब अली नकुड, गालिब चौधरी सरसावा, कय्यूम प्रधान बलिया खेड़ आदि सहित पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए साथियों सहित 6 जून के कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी सौंपी।

# दैवीय आपदा के बाद खुले मां शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** शाकंभरी खोल में आई अचानक बाढ़ के बाद एहतियातन बंद किए गए सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर के कपाट मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। मंदिर प्रशासन द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार मंगलवार सुबह 5 बजे मां शाकंभरी देवी की विशेष आरती के साथ मंदिर के कपाट खोले गए, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन-पूजन किए।

जल प्रलय के बाद मंदिर प्रशासन ने 29 मई से 1 जून तक मंदिर के कपाट बंद रखने का निर्णय लिया था। मंदिर व्यवस्थापक आदित्य प्रताप राणा ने बताया कि मौसम की स्थिति सामान्य होने और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा के बाद मंगलवार से मंदिर को पुनः श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह 5 बजे आरती के साथ कपाट खोले गए और अब श्रद्धालु प्रतिदिन सुबह से रात 9 बजे तक मां शाकंभरी देवी के दर्शन कर सकेंगे।

# सहारनपुर के खिलाड़ियों ने जीते 28 पदक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नोएडा मे आयोजित हुई तीन दिवसीय नॉर्थ जोन जू-जित्सु प्रतियोगिता मे सहारनपुर के खिलाड़ियों ने 12 गोल्ड, 6 सिल्वर और 10 कांस्य पदक जीत कर सहारनपुर समेत उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर दिया।

सहारनपुर जू-जित्सु एसोसिएशन के सचिव मोहित शर्मा ने बताया कि नॉर्थ जोन जू-जित्सु प्रतियोगिता में सहारनपुर के खिलाड़ियों ने निवाजा और फाइटिंग सिस्टम में 28 पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया। उन्होने बताया की प्रतियोगिता मे सहारनपुर के हिमांशु करनवाल ने दो स्वर्ण पदक, कुणाल पुंडीर ने दो स्वर्ण पदक, सक्षम सहगल ने दो रजत पदक, नमन रोहिला ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक, यथार्थ कुलवंशी एक कांस्य व एक रजत पदक, गगन सिंह राठौड़ ने दो स्वर्ण पदक, नित्यम शर्मा ने दो स्वर्ण पदक, आन्या सैनी ने दो स्वर्ण पदक, देव यादव ने दो कांस्य पदक, अविराज ने दो कांस्य पदक, सुहानी धीमान ने एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक, वंशिका कश्यप ने एक कांस्य पदक, नूपुर ने एक रजत पदक व एक कांस्य पदक, लक्ष्य ने दो कांस्य पदक, अभिनव सैनी ने दो स्वर्ण पदक, दुर्वेश सैनी ने दो स्वर्ण पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहराया। स्वागत समारोह मे राजेश धीमान व सहारनपुर जू-जित्सु एसोसिएशन के सचिव मोहित शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। पदक जीतने पर खिलाड़ियों को भारतीय कुराश महासंघ के सचिव विक्रांत कश्यप, भारतीय जु जुत्सु एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय जोशी, सचिव अमित अरोड़ा, अमित चौधरी, यश शर्मा, दिव्यांश कश्यप, अंतरिक्ष सैनी, राघव कृष्णा आदि ने भी शुभकामनाएं दी।

# राहगीरों व वाहन चालकों को ठंडे शरबत का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** आसमान से बरसती आग और उमस भरी गर्मी के बीच तीतरों नगर के श्री सरस्वती इंटर कॉलेज के सामने स्थानीय दुकानदारों ने मानवता और सेवा भाव का परिचय देते हुए मीठे शरबत की छबील लगाई। दुकानदारों ने राहगीरों एवं वाहन चालकों को ठंडा मीठा शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई।

राहगीरों ने शरबत पीकर न केवल अपनी प्यास बुझाई बल्कि आयोजकों के इस सेवा कार्य की भी सराहना की। बढ़ती गर्मी के दौर में इस प्रकार के जनहित और समाजसेवा के कार्य लोगों को राहत देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। रमन सैनी, अंकुश चौधरी, जबर सिंह, सुशील कुमार, मुन्ना, विकास कुमार, नीरज सैनी, बोबी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए यह सेवा कार्य आयोजित किया गया है, ताकि राह चलते लोगों को कुछ राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों में भागीदारी निभानी चाहिए। छबील के दौरान लोगों को ठंडा मीठा शरबत पिलाने के साथ स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखा गया।

## थाना देहात कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े दो वांछित

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने बलवा के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह व उपनिरीक्षक जगवीर सिंह के नेतृत्व में बलवा के मुकदमे में वांछित चल रहे दो आरोपियों शिवम भास्कर पुत्र सुखवीर व अनूप पुत्र चंद्रपाल निवासीगण ताहरपुर थाना कोतवाली देहात को रामनगर चौक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# एन को हरा टीम एम 22 रन से जीती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भूतेश्वर इंटर कॉलेज के क्रीड़ास्थल पर एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित अंडर-12 समर क्रिकेट लीग में मंगलवार को टीम एम और टीम एन के बीच मुकाबला खेला गया। टीम एन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में छह विकेट पर 143 रन बनाए और बाद में टीम एम को 120 रन पर रोककर 22 रन से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम एन की ओर से अंकित ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 86 रन बनाए। जतिन ने 14 रन का योगदान दिया। टीम एम की ओर से लक्ष्य ने दो विकेट हासिल किए।144 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम एम निर्धारित 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 120 रन ही बना सकी। टीम की ओर से वरुण ने सर्वाधिक 58 रन बनाए, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। टीम एन की ओर से अंकित और जतिन ने दो-दो विकेट लेकर टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अंकित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के दौरान कोच राजीव गोयल टप्पू, रणधीर कपूर, भूपेंद्र कछल, संजय शर्मा सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# विकास पंवार जिलाध्यक्ष व विकास जैन महासचिव बने



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ का सर्वसम्मति से विकास पंवार को जिलाध्यक्ष तथा विकास जैन को जिला महासचिव चुना गया।

पेपर मिल रोड स्थित एक पैलेस पर आयोजित सम्मेलन में प्रदेश संगठन मंत्री विनोद आर्य एवं जिला संगठन मंत्री प्रमोद कुमार की देखरेख में जनपद के विभिन्न ब्लॉकों और नगरों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराए गए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जिला स्तरीय पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से विकास पंवार को जिलाध्यक्ष तथा विकास जैन को जिला महासचिव चुना गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष पवन सिंह राठौड़ ने कहा कि महासंघ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था के तहत मान्यता प्राप्त विद्यालयों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करता रहा है।

नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विकास पंवार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। कार्यक्रम में श्याम सिंह वर्मा, देशबंधु शर्मा, ग्रामीण इंदरौसी, कृष्ण मोहन मिश्रा, श्याम सिंह वर्मा, बलबीर यादव, डॉ. बलवीर सिंह सैनी, सोमवीर शर्मा, रविंद्र कुमार, हेमंत अरोड़ा, विश्वकांत शर्मा, रामपाल सिंह, दिनेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, सतीश शर्मा, विशेष सैनी, विजयपाल सिंह, महक सिंह, सुरेंद्र सिंह, ओमपाल सैनी, प्रवीण शर्मा, संजीव कुमार, दुष्यंत चौधरी, हिमांशु पुंडीर, रोहताश पंवार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह राठौड़ एवं संचालन विकास पंवार एवं बलकार सिंह ने किया।

# पूर्व सभासद इरशाद निजामी का हृदयगति रुकने से इंतकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद इरशाद निजामी का दोपहर अचानक हार्ट फेल होने के कारण इंतिकाल हो गया। उनके इंतकाल से पूरे कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपर 3 बजे उनके फोन पर किसी की कॉल आयी, जब उन्होंने कॉल अटेंड नहीं की और फोन बजता रहा तो उनके परिजनो ने उन्हें आवाज दी, कोई जवाब न मिलने पर वह घबरा गए और तुरन्त उन्हें लेकर एक निजी चिकित्सक को दिखाया। वहां से उन्हें सरसावा रोड़ स्थित देवऋषि हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने जांच कर इरशाद निजामी को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही उनके निधन की खबर घर पर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि उनके निधन की खबर आम होते ही, कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

इरशाद निजामी की नगर में पहचान एक मिलनसार व्यक्ति के रूप में थी। उनके आकस्मिक निधन पर पूर्व चेयरमैन व बसपा नेता शाहनवाज खान, पूर्व चेयरमैन खालिद खान व युवा नेता साहिल खान, पूर्व चेयरमैन एड. धनीराम सैनी, आरएन टैगोर इंटर कॉलेज प्रबंधक चन्द्रशेखर मित्तल, अध्यापक राजेश जैन, हरि कॉलेज प्राचार्य डॉ. एनपी राठौर, भाजपा नेता पवनसिंह राठौर, बसपा नेता डॉ. इस्लाम अहमद व डॉ. जीशान अहमद सन्नी, कॉग्रेस नेता हाजी याकूब कुरैशी, व्यापारी नेता इरशाद प्रभारी, मनोज गोयल, पंकज जैन, मोहनलाल आर्य, सभासद आमिर कुरेशी, राव जीशान, जुनैद असगर, फरमान निजामी, देवेन्द्र कुमार, एड. वरुण मित्तल, एड. अनुज गर्ग, अमजद खान, सभासद प्रतिनिधि हसीब निजामी, दिलशाद कुरैशी, हैदर अली, अमीर आलम, पूर्व सभासद शमशाद अली खान, पूर्व सभासद शबाना सिद्दीकी, याकूब निजामी, अफजाल निजामी, आसिफ राणा, डॉ. इदरीस, अभिषेक जैन, त्रिलोक चंद, सलेखचन्द बर्मन, महेश कुमार, मुनेश चंद, एवं इनाम निजामी, इरफान निजामी, लियाकत निजामी, डॉ.असलम खान, सुलेमान खान, जावेद सैफी, सैफुल इस्लाम पत्रकार नदीम निजामी, फरमान निजामी, मनोज धनगर, हमसफर सामाजिक संस्था संरक्षक इस्लाम कुरैशी, संस्था अध्यक्ष डॉ. साकिब खान, कोषाध्यक्ष व पत्रकार काजी शाहिद अहमद सहित विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारिक संगठनों के लोगों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया।

# निधन के बाद परिजनों ने दान की आंखें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** रमेश मित्तल के निधन के बाद उनके परिजनों द्वारा नेत्रदान किया गया। इस प्रेरणादायी कार्य के लिए सोमवार को आयोजित शोकसभा में सामाजिक संस्था दृष्टि एक प्रयास ने उनके परिजनों को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

संस्था के अध्यक्ष अमित गर्ग व पूर्व प्रैस क्लब अध्यक्ष अरविंद टेबक ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि रमेश मित्तल का यह कार्य समाज को लंबे समय तक मानव सेवा का संदेश देता रहेगा। उन्होंने नेत्रदान को महादान बताया, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में फिर से रोशनी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि रमेश मित्तल के निधन के उपरांत उनके पुत्र विशाल मित्तल, विभोर मित्तल व वैभव मित्तल ने परिवार की सहमति से नेत्रदान कराने का निर्णय लिया। शोकसभा में डा. महेश गर्ग, गगन, पीयूष, राजेश्वर शर्मा, अरविंद शर्मा, संजय, विनीत, एसआर, मुकेश गुप्ता, संदीप सैनी आदि मौजूद रहे।

# समस्याओं पर कार्यवाही के निर्देश



**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अतिक्रमण सम्बंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रवर्तन दल तथा सफाई सम्बंधी समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने नगर निगम में जनसुनवाई के दौरान ये निर्देश दिए। नौ समस्याओं में से एक समस्या का तत्काल समाधान कराया गया।

वार्ड 04 पंत विहार निवासी देशपाल शर्मा ने ओम चौक पर नालियों से अतिक्रमण हटाने, वार्ड 06 हलालपुर निवासी संजीव शर्मा ने पड़ौसी द्वारा अवैध रुप से दीवार बनाकर अतिक्रमण करने की ओर ध्यान दिलाते हुए उसे हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जबकि वार्ड 46 ज्ञान विहार कॉलोनी निवासी सुभाष प्रजापति ने अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान उठाया गया सामान वापिस दिलाने की मांग की। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 04 जे जे पुरम निवासी राजेंद्र कुमार ने कॉलोनी में नाली की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर अविलंब समस्या का समाधान करा दिया गया। इसके अलावा वार्ड 43 पीर जियो वाली मस्जिद निवासी नाजिर जमाल ने भी साफ सफाई कराने तथा देशपाल शर्मा ने ओम चौक की नालियों की सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर अविलंब कार्रवाई करने को कहा है।

इसके अतिरिक्त वार्ड 16 शिवाजी नगर निवासी धर्म सिंह ने खराब पड़ी लाइटों को ठीक कराने, वार्ड 07 आदर्श नगर निवासी अमित कुमार ने आदर्शनगर में बंद सीवर लाइन को खोलने व सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए, जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# नगर के विकास की अहम कड़ी रहे हैं संजय गर्ग

## पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में जुटे रहे पूर्व विधायक, कई तालाबों को बचाने के लिए उठाए मुद्दे



**अबूबकर शिब्ली**

**सहारनपुर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश और विशेषकर सहारनपुर की सियासत में संजय गर्ग एक ऐसा नाम है जो अपनी सादगी, बेदाग छवि और जमीनी पकड़ के लिए जाना जाता है। लगभग चार दशकों से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे संजय गर्ग सहारनपुर नगर विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं और मुलायम सिंह यादव सरकार में मंत्री पद की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। हालांकि साल 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया, लेकिन समाजवादी सरकार और विधायक के रूप में उनके द्वारा सहारनपुर में कराए गए कार्यों की छाप आज भी शहर में देखी जा सकती है।

संजय गर्ग जब समाजवादी सरकार के दौरान और बाद में 2017 में विधायक चुने गए, तो उनका सबसे बड़ा फोकस सहारनपुर नगर के बुनियादी ढांचे को सुधारने पर था। उन्होंने नगर की आंतरिक सड़कों, कोर्ट रोड, बेरी बाग और व्यापारिक क्षेत्रों को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण और पक्कीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक वैश्य चेहरे के रूप में उन्होंने स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को सीधे सरकार के सामने रखा और बाजारों में बिजली-सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करवाया। दिल्ली रोड पर ग्राम मौहम्मपुर माफी स्थित जोहड को बचाये रखने में संजय गर्ग ने अपना अहम योगदान दिया। शासन द्वारा इस जोहड को मंडलायुक्त आवासीय भवन के लिये आरक्षित कर दिया था। जिसका संजय गर्ग द्वारा वर्ष 2019 में विधानसभा में विरोध किया गया और उसका नतीजा यह रहा कि यह जोहड बच गया और आज एक तालाब के रूप में निगम द्वारा विकसित किया जा चुका है।

संजय गर्ग ने वार्ड नं. 66 नदीम कॉलोनी में खसरा खतौनी में दर्ज जोहड़ को नगर निगम द्वारा कूड़ा डालकर पाट देने का मामला भी 14 फरवरी 2020 को नियम 51 के अंतर्गत प्रमुखता से उठाया था। जिस पर सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा कि उक्त स्थान से कूड़ा हटाकर उस स्थान का सौन्दर्यकरण कराया जाएगा। लाखों लोगों की आस्था और श्रद्धा के केन्द्र गंगोह रोड स्थित गुग्घा माहड़ी स्थल के आसपास फैले जोहड़ पर कुछ दबंगों एवं भूमाफिया लोगों द्वारा कब्जा करने का मुद्दा भी नियम 51 के तहत 22 फरवरी 2021 को उठाया गया तो सरकार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा उक्त जोहड़ को कब्जा मुक्त कराकर उसे पुनः जोहड़ का स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। विधायक निधि और सरकारी कोष के माध्यम से उन्होंने स्थानीय कॉलेजों और स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए भारी बजटीय आवंटन कराया। उन्होंने अपनी विधायक निधि का एक बड़ा हिस्सा बिना किसी भेदभाव के सभी समुदायों के इलाकों में गलियों के निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स और स्ट्रीट लाइट्स लगवाने में खर्च किया। यद्यपि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की स्थापना बाद में हुई, लेकिन सहारनपुर में एक राज्य विश्वविद्यालय की मांग को विधानसभा के पटल पर पुरजोर तरीके से उठाने वाले नेताओं में संजय गर्ग प्रमुख थे। सहारनपुर एक बेहद संवेदनशील जिला माना जाता है। 1996, 2002 और फिर 2017 में जब उन्होंने कठिन राजनीतिक परिस्थितियों में भी जीत दर्ज की, तो उसका मुख्य कारण उनकी सर्वसमाज में स्वीकार्यता थी।

वर्ष 2024 की शुरुआत में संजय गर्ग ने समाजवादी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले ली। संजय गर्ग की कहानी केवल एक दल से दूसरे दल में जाने की नहीं है, बल्कि सहारनपुर की स्थानीय समस्याओं को बारीकी से समझने वाले एक गंभीर राजनेता की है। समाजवादी सरकार में मंत्री रहने के दौरान लिए गए उनके नीतिगत फैसले और शहर के चौराहों से लेकर गलियों तक कराए गए कार्य आज भी सहारनपुर की जनता के बीच उनकी मजबूत साख की गवाही देते हैं।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# फिर बढ़ेगी महंगाई

केंद्र सरकार महंगाई रोकने में लगातार विफल होती आ रही है, जिसका असर आम आदमी पर हो रहा है, लेकिन अभी पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि होने वाली है, जिसके कारण आने वाले महीनों में परिवहन एवं विनिर्माण लागत बढ़ सकती है और आम उपभोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है, जिससे अब लोगों की जेबें और खाली हो जाएंगी। सरकार का दावा है कि यह सब कुछ अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण है, लेकिन जनता का मानना है कि यह सब कुछ सरकारी दावे हैं, जिसके सापेक्ष देश में महंगाई नहीं बढ़नी चाहिए थी। सरकार ने पिछले महीने में तीन बार पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए, जिसके कारण देश के लोगों ने अपने वाहन न निकालकर अन्य साधनों का प्रयोग शुरू कर दिया है। परंतु एक रिपोर्ट में फिर से पेट्रोलिय पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है, जो लोगों को परेशान करने वाली होगी। रिपोर्ट कहती है कि 15 मई के बाद से पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो चुकी है और अगर कच्चे तेल के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहते हैं, तो यह बढ़ोतरी निकट भविष्य में 10 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच सकती है। क्रिसिल का कहना है कि इसका असर पूरी अर्थव्यवस्था में ढुलाई लागत में बढ़ोतरी के जरिये दिखेगा, जिससे खाने-पीने की चीजों और अन्य वस्तुओं की महंगाई दोनों बढ़ेंगी। ईंधन कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ेगा। ईंधन कीमतों में 7.5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी से खुदरा मुद्रास्फीति करीब 0.36 प्रतिशत बढ़ सकती है। अगर ईंधन कीमतें 10 रुपये प्रति लीटर तक बढ़ जाती हैं, तो खुदरा महंगाई में करीब 0.48 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। कि ईंधन के दाम बढ़ने का सर्वाधिक प्रभाव सड़क परिवहन पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी लागत का लगभग 42 प्रतिशत हिस्सा ईंधन पर निर्भर है। इससे माल ढुलाई महंगी हो जाएगी और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा। देश में करीब 71 प्रतिशत माल ढुलाई सड़क मार्ग के जरिये ही होती है। ढुलाई लागत बढ़ने से दूधा, फल, दालें, चाय-काफी, मसाले, अंडे, मांस और मछली जैसे खाद्य उत्पादों की कीमतों में तेजी आ सकती है, क्योंकि ये बड़े पैमाने पर परिवहन नेटवर्क पर निर्भर हैं। कपड़ा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, लकड़ी उत्पाद, सीमेंट और सिरेमिक जैसे क्षेत्रों में भी लागत बढ़ेगी।रसायन, कोयला और धातु क्षेत्र भी महंगाई की चपेट में आएंगे। ऐसी स्थिति में कंपनियां लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल सकती हैं या उत्पाद की मात्रा में कटौती कर सकती हैं। सितंबर 2025 में जीएसटी दरों में की गई कटौती से कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऊंची ऊर्जा लागत के असर को यह पूरी तरह संतुलित नहीं कर पाएगी। चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में कच्चे तेल की औसत कीमत 112 डॉलर प्रति बैरल रही है, जो पूरे वर्ष के अनुमान 95 डॉलर प्रति बैरल से अधिक है।

## सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती



बदमाशों द्वारा मेरठ जिले में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या समाज को झकझोर देने वाली है, अत्यंत दु:खद और चिंताजनक इस जघन्य अपराध में शामिल सभी दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकेगी, अनुष्का की आखिरी गति. विधियां आरोपी श्याम धानक के साथ दर्ज हुई थीं, इस तरह के घटनाक्रम न केवल पुलिस- प्रशासन के लिए चेतावनी होते हैं, अपितु सरकार के लिए भी एक खुली चुनौती के समान हैं।

-सुश्री मायावती
अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों, वरिष्ठ स्तंभकारों और लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, यहां प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
( सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003 )

# टूटते भरोसे के वेंटिलेटर पर देश की परीक्षा व्यवस्था





योगेश कुमार गोयल

**जब छात्र यह मानने लगें कि सफलता मेहनत से नहीं बल्कि 'सेटिंग' से मिलती है तो यह केवल शिक्षा का नहीं बल्कि सामाजिक नैतिकता का भी पतन है। अब सवाल यह है कि समाधान क्या है? क्या हर बार जांच, गिरफ्तारी और बयानबाजी से काम चल जाएगा? स्पष्ट है कि नहीं। सबसे पहले परीक्षा प्रणाली में पूर्ण डिजिटल और एन्क्रिप्टेड मॉडल लागू करना होगा। प्रश्नपत्रों को परीक्षा से कुछ मिनट पहले तक सुरक्षित सर्वर में रखा जाए और सीधे केंद्रों पर डिजिटल रूप में उपलब्ध कराया जाए। इससे छपाई और परिवहन से जुड़ी कमजोरियां समाप्त होंगी।**

भारत में परीक्षा अब केवल योग्यता का आकलन नहीं रह गई है, बल्कि यह करोड़ों सपनों की निर्णायक कसौटी बन चुकी है लेकिन जब यही कसौटी बार-बार संदिग्ध हो जाए, जब मेहनत और ईमानदारी की जगह 'जुगाड़' और 'माफिया नेटवर्क' हावी हो जाएं, तब यह केवल परीक्षा का संकट नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य का संकट बन जाता है।

पेपर लीक के चलते नीट-यूजी 2026 परीक्षा का रद्द होना, सीबीएसई की ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली पर उठे गंभीर सवाल और एसएससी जीडी परीक्षा में धांधली, यह घटनाएं मिलकर यह साबित करती हैं कि भारत की परीक्षा प्रणाली अब गहरे संस्थागत संकट में फंस चुकी है और भारत की परीक्षा प्रणाली अब वेंटिलेटर पर है। नीट-यूजी 2026 का घटनाक्रम तो इस विफलता की सबसे भयावह तस्वीर पेश करता है। लगभग 22.79 लाख छात्रों की मेहनत, उनके परिवारों के त्याग और वर्षों की तैयारी एक झटके में शून्य हो गई। यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं था बल्कि उस विश्वास का टूटना था, जिस पर पूरी शिक्षा व्यवस्था टिकी हुई है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि इस बार मामला केवल बाहरी गिरोहों तक सीमित नहीं रहा बल्कि जांच में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के भीतर तक मिलीभगत के आरोप सामने आए।

सीबीआई की जांच और संसदीय समिति की पूछताछ में यह संकेत मिले हैं कि प्रश्नपत्र तैयार करने और परीक्षा प्रबंधन से जुड़े कुछ अधिकारियों ने मोटी रकम लेकर चुनिंदा छात्रों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने का काम किया। यदि यह आरोप सही हैं तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं बल्कि संस्थागत विश्वासघात है। जिस संस्था को निष्पक्षता की गारंटी देनी थी, वही यदि धांधली का हिस्सा बन जाए, तो पूरी व्यवस्था का नैतिक आधार ही खत्म हो जाता है। नीट पेपर लीक की प्रकृति भी सामान्य नहीं थी। 'गेस पेपर' के नाम पर लगभग 150 से अधिक प्रश्नों का हूबहू मिल जाना, परीक्षा से पहले 600 अंकों तक के सवालों का प्रसार, व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर खुलेआम प्रश्नपत्र का घूमना, यह सब किसी संयोग का परिणाम नहीं हो सकते। यह एक संगठित, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से सक्षम नेटवर्क का संकेत है, जो परीक्षा प्रणाली की हर कमजोर कड़ी को भेद चुका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि 2024 में पेपर लीक के बाद भी कोई ठोस सुधार क्यों नहीं हुआ? सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों, जांच समितियों और सिफारिशों के बावजूद 2026 में स्थिति और बदतर कैसे हो गई? इसका सीधा अर्थ है कि समस्या तकनीकी कम और इच्छाशक्ति की अधिक है। भारत की परीक्षा प्रणाली का ढांचा ही कई स्तरों पर कमजोर है। प्रश्नपत्रों की छपाई से लेकर वितरण तक की प्रक्रिया में निजी एजेंसियों और आउटसोर्स कर्मचारियों की बड़ी भूमिका रहती है। यही वह जगह है, जहां से माफिया नेटवर्क अपनी जड़ें जमाता है। जब प्रश्नपत्र परीक्षा केंद्र तक पहुंचने से पहले ही स्कैन होकर डिजिटल रूप में फैल सकता है तो यह स्पष्ट संकेत है कि सुरक्षा तंत्र केवल कागजों पर मजबूत है, जमीन पर नहीं। दूसरी ओर, कोचिंग उद्योग का अनियंत्रित विस्तार इस संकट को और गहरा कर रहा है। मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाएं अब हजारों करोड़ रूपए का बाजार बन चुकी हैं। इस बाजार में 'सफलता' एक उत्पाद है, जिसे खरीदने के लिए छात्र और अभिभावक किसी भी हद तक जाने को मजबूर हैं। इसी मानसिकता का फायदा उठाकर एजुकेशन माफिया 'सीक्रेट पेपर', '100 प्रतिशत सलेक्शन गारंटी' और 'इनसाइडर एक्सेस' जैसे झूठे वादों के जरिए पूरे सिस्टम को खोखला कर रहा है। यदि नीट प्रकरण परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है तो सीबीएसई का ओएसएम विवाद मूल्यांकन प्रणाली की विश्वसनीयता पर गंभीर चोट करता है। डिजिटल मूल्यांकन को पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू किया गया था लेकिन इसके परिणाम उलटे दिखाई दिए। पास प्रतिशत में गिरावट, मेधावी छात्रों को अपेक्षा से कम अंक मिलना और स्कैन की गई कॉपियों में भारी गड़बड़ियां, यह सब इस बात के संकेत हैं कि तकनीक को बिना पर्याप्त तैयारी और परीक्षण के लागू किया गया। कई छात्रों ने शिकायत की कि उनकी कॉपियां धुंधली थी, कुछ को गलत उत्तर पुस्तिकाएं मिली और कुछ मामलों में तो पूरी कॉपी ही किसी और की थी। यह स्थिति केवल तकनीकी त्रुटि नहीं मानी जा सकती बल्कि यह सरासर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही है। यदि एक छात्र की मेहनत को किसी दूसरे की कॉपी से बदल दिया जाए तो यह केवल गलती नहीं है बल्कि उस छात्र के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड भले ही इन खामियों को सीमित मामलों तक बताकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करें लेकिन छात्रों में बढ़ता असंतोष इस बात का प्रमाण है कि समस्या व्यापक है। तीसरी बड़ी घटना, एसएससी कांस्टेबल जीडी परीक्षा में धांधली, इस बात को और स्पष्ट करती है कि यह संकट किसी एक परीक्षा या संस्था तक सीमित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में पेपर लीक, तकनीकी खराबी और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण परीक्षा रद्द करनी पड़ी। ग्रेटर नोएडा में यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए रैकेट ने इस धांधली के आधुनिक रूप को उजागर किया। प्रॉक्सी सर्वर, स्क्रीन शेयरिंग ऐप्स और डमी कैंडिडेट्स के जरिए परीक्षा में हेरफेर किया जा रहा था। यह पारंपरिक नकल या पेपर लीक से कहीं अधिक खतरनाक है क्योंकि इसमें तकनीक का इस्तेमाल कर पूरी प्रणाली को भीतर से हैक किया जा रहा है। इन तीनों घटनाओं को एक साथ देखें तो एक भयावह तस्वीर उभरती है, एक ऐसी व्यवस्था, जहां प्रश्नपत्र सुरक्षित नहीं, मूल्यांकन विश्वसनीय नहीं और परीक्षा प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है। सबसे अधिक पीड़ित वह छात्र है, जो ईमानदारी से मेहनत करता है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों छात्र, जिनके माता-पिता ने कर्ज लेकर या जमीन गिरवी रखकर उन्हें कोचिंग दिलाई, आज सबसे ज्यादा निराश हैं। एक परीक्षा रद्द होने का मतलब केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता बल्कि यह मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और आत्मविश्वास के टूटने का कारण बनता है। इस पूरे संकट का एक और खतरनाक पहलू है व्यवस्था के प्रति बढ़ता अविश्वास।

# आर्थिक संकट की चुनौतियों का सामना करता प्रिंट मीडिया

**प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है।**



शिबली रामपुरी

प्रिंट मीडिया आज आर्थिक संकट के दौर से बुरी तरह से गुजर रहा है और अब प्रिंट मीडिया में काम करने वाले बहुत सारे तजुर्बेकर पत्रकारों की नौकरी जा चुकी है और कुछ की नौकरी कभी भी जा सकती है क्योंकि अब प्रिंट मीडिया में चाहे कोई अखबार छोटा हो या बड़ा हो हर किसी के सामने आर्थिक तौर पर एक बहुत बड़ा संकट खड़ा हो चुका है। इस संकट से अगर कोई प्रिंट मीडिया को निकाल सकता है तो वह है हमारी सरकार।

जब तक सरकार प्रिंट मीडिया पर गंभीरता से ध्यान नहीं देगी तब तक प्रिंट मीडिया की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता है। प्रिंट मीडिया से जुड़े पत्रकारों के सामने रोजी रोटी का ऐसा संकट खड़ा है कि अधि. कतर पत्रकार भारी परेशानियों के दौर से गुजर रहे हैं। प्रिंट मीडिया में अंग्रेजी से लेकर हिंदी और उर्दू तीनों शामिल हैं और सबसे अधिक परेशानी हिंदी और उर्दू प्रिंट मीडिया के सामने खड़ी हो चुकी है। उर्दू अखबारों में तो अब चंद ही अखबार ऐसे हैं जो नियमित प्रकाशित हो रहे हैं अधिकतर समाचार पत्र आर्थिक संकट से खुद को बाहर निकालने में असफल रहे और आखिरकार वो अखबार बंद हो चुके हैं और उनसे जुड़े पत्रकारों की आर्थिक स्थिति का आप अंदाजा लगा सकते हैं कि अखबार बंद होने के बाद उन पत्रकारों को अपना घर परिवार चलाने में कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा होगा। प्रिंट मीडिया के दौर में अंग्रेजी अखबारों की स्थिति अभी तक फिर भी कुछ सही मानी जा सकती है लेकिन यह भी एक कड़वी हकीकत है कि अंग्रेजी प्रिंट मीडिया की स्थिति पहले जैसी तो बिल्कुल नहीं रही है वरना अंग्रेजी मीडिया का एक सुनहरा दौर हुआ करता था, लेकिन अब उसमें काफी कमी आ चुकी है। प्रिंट मीडिया से जुड़े सीनियर पत्रकारों से बात करने के बाद यही बात सामने आती है कि उनका कहना है कि जब तक सरकार प्रिंट मीडिया की आर्थिक स्थिति पर गंभीरता से ध्यान देकर आर्थिक संकट का समाधान करने का प्रयास नहीं करेगी तब तक इस समस्या का कोई हल नहीं निकल सकता है क्योंकि प्रिंट मीडिया का अधि. कतर दारोमदार सरकार की नीतियों पर है और सरकार को नीतियों को आसान बनाने की जरूरत है। आपने देखा होगा कि किस तरह से प्रिंट मीडिया से नौकरी जाने के बाद कई पत्रकारों ने यूट्यूब चैनल पर काम करना शुरू कर दिया और वहां पर भी काफी संघर्ष कर रहे हैं क्योंकि उनको डिजिटल मीडिया का इतना अनुभव नहीं है तो उनके सामने यहां भी काफी चुनौतियां हैं हालांकि



कुछ पत्रकार डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर काफी अच्छा काम भी कर रहे हैं लेकिन ऐसे पत्रकारों की गिनती काफी कम है। ऐसे हालात को देखते हुए अब केंद्र सरकार से ही प्रिंट मीडिया को उम्मीद रह जाती है कि केंद्र सरकार ऐसी नीतियां बनाए कि जिससे प्रिंट मीडिया का वजूद खतरे में ना पड़े और प्रिंट मीडिया का वह सुनहरा दौर फिर से लौट आए कि जब प्रिंट मीडिया भी आकर्षण का एक केंद्र ना सिर्फ हुआ करता था बल्कि इसमें रोजगार के बहुत सारे अवसर भी पर्याप्त होते थे। युवाओं की एक बड़ी आबादी पढ़ लिखकर प्रिंट मीडिया में जाना चाहती थी और अपना भविष्य उज्जवल बनाने का एक बेहतरीन माध्यम प्रिंट मीडिया माना जाता था मगर बदलते वक्त के साथ अब सब कुछ बदल चुका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पेपर लीक की आड़ में डिजिटल शिक्षा पर 'दो कौड़ी' का तंज

भारतीय शिक्षा जगत में यह शायद ही पहले कभी देखने को मिला हो कि एक टीवी स्टूडियो में कही गई टिप्पणी इतनी तेजी से राष्ट्रीय बहस का विषय बन जाए। लेकिन जब वरिष्ठ एंकर अंजना ओम कश्यप ने नीट पेपर लीक पर चर्चा के दौरान यूट्यूब शिक्षकों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक्सप्लेनर बनाते हैं, जानते कुछ नहीं और उन्हें दो कौड़ी के यूट्यूब गुरु तक कह दिया, तो यह सिर्फ एक टीवी बहस नहीं रही। यह बयान देखते ही देखते ब्लैकबोर्ड पर ब्रेकिंग न्यूज बन गया। वास्तव में, यह डिजिटल शिक्षा की बढ़ती ताकत के सामने मुख्यधारा मीडिया की असहजता को उजागर करता है। अंजना का यह हमला तथ्यों से अधिक पूर्वाग्रह का प्रतीक प्रतीत होता है।

जब लाखों छात्रों का भरोसा किसी मंच से जुड़ जाए, तो उस पर उठी उंगली केवल व्यक्तियों पर नहीं, पूरी व्यवस्था पर सवाल बन जाती है। अंजना ओम कश्यप की इस टिप्पणी को खान सर, अभिनय शर्मा जैसे लोकप्रिय यूट्यूब शिक्षकों पर भी लागू माना गया। उन्होंने कुछ डिजिटल शिक्षकों को 'बड़ा फ्रॉड' तक कह दिया। यह टिप्पणी ऐसे समय आई, जब लाखों छात्र ऑनलाइन शिक्षा के सहारे अपने सपने संवार रहे हैं। इसलिए इसे केवल कुछ शिक्षकों पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल शिक्षा जगत की साख पर प्रहार माना गया। सवाल है, क्या यह आलोचना तथ्यों पर आधारित है या महज सुर्खियां बटोरने की कोशिश? क्या कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय को कटघरे में खड़ा करना




उचित है? शोर और आरोपों से परे, किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन उसके परिणामों से होता है। पिछले एक दशक में यूट्यूब आधारित शिक्षा ने लाखों छात्रों तक ज्ञान पहुंचाया, जिनकी पहुंच महंगी कोचिंग तक नहीं थी। खान सर और अभिनय शर्मा जैसे शिक्षकों ने दूर-दराज क्षेत्रों के युवाओं को अवसर, मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया। इनके पक्ष में सबसे बड़ा प्रमाण लाखों सफल छात्र हैं। यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है। जब दुनिया थम-सी गई थी और शिक्षा के पारंपरिक रास्ते बंद हो गए थे, तब डिजिटल मंचों ने सीखने की लौ बुझने नहीं दी। कोविड महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षक लाखों विद्यार्थियों के लिए सहारा

**यदि यह कुछ नहीं जानते, तो यह सफलता कैसे संभव हुई? हालांकि कुछ अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनसे पूरे योगदान को नकारा नहीं जा सकता। अंजना जी, यह आरोप केवल शिक्षकों पर नहीं, उनके समर्पण और मेहनत पर भी सवाल उठाता है।**

बने। स्कूलों और कक्षाओं के बंद रहने पर मोबाइल और इंटरनेट के जरिए शिक्षा घर-घर पहुंची। जहां कई कोचिंग संस्थानों की फीस लाखों रूपए तक है, वहीं अनेक यूट्यूब शिक्षक मुफ्त या कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते रहे। डिजिटल प्लेटफॉर्म ने शिक्षा को सीमित दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे योगदान को अनदेखा कर पूरे समुदाय को फ्रॉड बताना न केवल अनुचित, बल्कि एकतरफा दृष्टिकोण भी है। हालांकि कुछ चैनलों में क्लिकबेट, भ्रामक थंबनेल और पेड कोर्स की आक्रामक मार्केटिंग जैसी समस्याएं भी मौजूद हैं। विवाद के बीच शिक्षकों की प्रतिक्रिया ने अंजना के आरोपों पर नए सवाल खड़े कर दिए। अभिनय सर और खान सर जैसे शिक्षकों ने कहा कि उनका काम छात्रों का भविष्य संवारना है, न कि सनसनी फैलाना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उन्हें ज्ञानहीन सिद्ध कर दे, तो वे सीखने को तैयार हैं, लेकिन निराधार आरोप स्वीकार्य नहीं हैं। दूसरी ओर, सोशल मीडिया पर छात्रों ने भी खुलकर उनका समर्थन किया। हजारों प्रतिक्रियाओं में छात्रों ने बताया कि इन शिक्षकों ने शिक्षा को महंगे दायरों से निकालकर आम लोगों तक पहुंचाया है। ऐसे में दो कौड़ी जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन लाखों छात्रों और परिवारों के विश्वास पर भी चोट करती है, जो उन्हें अपना मार्गदर्शक मानते हैं।

इस प्रकरण ने मुख्यधारा मीडिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े किए हैं। जब यूट्यूब शिक्षक नीट लीक, सीबीएसई विवादों और शिक्षा व्यवस्था की खामियों पर आवाज उठाते हैं, तो उन्हें फ्रॉड कहकर खारिज कर दिया जाता है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि क्या टीवी एंकर हर विषय के अंतिम विशेषज्ञ हैं? यदि डिजिटल मंचों की विश्वसनीयता पर संदेह किया जाता है, तो टीआरपी-केंद्रित बहसों की निष्पक्षता भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। अंजना ओम कश्यप का बयान इसी विरोधाभास को उजागर करता है। एक ओर डिजिटल शिक्षक शिक्षा की पहुंच बढ़ा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उनके योगदान पर संदेह जताया जा रहा है। डिजिटल शिक्षा जगत भी कमियों से पूरी तरह अछूता नहीं है। कुछ यूट्यूब चैनलों पर क्लिकबेट और भ्रामक जानकारी की समस्या मौजूद है, जिसकी आलोचना और जवाबदेही आवश्यक है। कुछ टीचर्स पर पेपर लीक या गलत मार्गदर्शन के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन कुछ उदाहरणों के आधार पर पूरे समुदाय को फ्रॉड या दो कौड़ी का कहना उचित नहीं। शिक्षा में



प्रो. आर.के. जैन

गुणवत्ता जरूरी है, पर उसके नाम पर पूरे आंदोलन को अपमानित नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यवस्था का मूल्यांकन तथ्यों और परिणामों से होना चाहिए, न कि अपमानजनक टिप्पणियों से। अंजना का बयान इसी अतिसामान्यीकरण की मिसाल प्रतीत होता है। वस्तुत:, इस पूरे विवाद का केंद्र कोई एंकर या शिक्षक नहीं, बल्कि शिक्षा का बदलता परिदृश्य है। आज करोड़ों छात्र सीमित संसाधनों के बीच डिजिटल मंचों के सहारे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यधारा मीडिया और डिजिटल शिक्षा जगत, दोनों से संतुलन, जवाबदेही और संवाद की अपेक्षा है। किसी शिक्षक का मूल्यांकन आरोपों या उपहास से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों की उपलब्धियों से होना चाहिए। दो कौड़ी के गुरु जैसी टिप्पणी केवल शिक्षकों पर नहीं, बल्कि उन करोड़ों छात्रों के विश्वास और आकांक्षाओं पर भी आघात हैय ऐसे में संबंधित टिप्पणी पर पुनर्विचार और खेद की अपेक्षा स्वाभाविक है। शिक्षा राष्ट्र की नींव हैय इसलिए इस पर विमर्श पूर्वाग्रह नहीं, तथ्यों और सम्मान के आधार पर होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रूसी बैलेस्टिक मिसाइलों से दहल उठा कीव

## 13 की मौत, यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई है। इनमें से नौ लोग निप्रो में और चार राजधानी कीव में मारे गए। यह हाल के महीनों में मॉस्को की ओर से किए गए सबसे बड़े हमलों में से एक है। बीबीसी के अनुसार, रात भर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

आपातकालीन दल कीव में मलबे के नीचे दबे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए तेजी से काम कर रहा है। मंगलवार तड़के यूक्रेन के अधिकतर हिस्सों में हवाई हमले के अलर्ट जारी कर दिए गए थे। मंगलवार को राजधानी कीव के केंद्र से धुएं के बड़े गुबार उठते देखे गए, जहां सैन्य प्रशासन प्रमुख ने बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने की चेतावनी दी। वहीं, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने निवासियों से शेल्टरों में ही रहने का आग्रह किया। सुबह-सुबह हुए इन हमलों के दौरान एक के बाद एक दर्जन से अधिक तेज विस्फोटों की आवाजों के बीच ड्रोनों की गूंज सुनी जा सकती थी। मेयर क्लिट्स्को ने बताया कि इस हमले के कारण एक पेट्रोल पंप, एक निर्माण स्थल, कई अपार्टमेंट ब्लॉकों और दो घरों के पास आग लग गई। पूरे शहर में बिजली गुल होने की भी रिपोर्टें हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने इस कार्रवाई को यूक्रेन के पिछले हमलों का जवाब बताते हुए एक बयान में कहा कि इस 'हमले के सभी उद्देश्य' पूरे कर लिए गए हैं। पिछले हफ्ते पूर्वी यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्से में एक छात्र छात्रावास पर हुए घातक हमले के लिए यूक्रेन को जिम्मेदार ठहराते हुए रूस ने 'व्यवस्थित हमला' शुरू करने की चेतावनी दी थी। वहीं, यूक्रेन का कहना था कि उसने रूस की एक सैन्य इकाई को निशाना बनाया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार रात अपने वीडियो संबोधन में ही एक 'बड़े हमले' की आशंका जताते हुए निवासियों से हवाई हमले के अलर्ट पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया था। मंगलवार सुबह जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर चले इस हमले में 656 स्ट्राइक ड्रोन और बैलिस्टिक, क्रूज व एंटी-शिप सहित विभिन्न प्रकार की 73 मिसाइलें दागी हैं। रूसी मिसाइलों को रोकने के लिए इस्तेमाल होने वाले इंटरसेप्शन हार्डवेयर का जिक्र करते हुए यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि हमें पैट्रियट सिस्टम के लिए मिसाइलों की आपूर्ति के लिए अमेरिका से तत्काल मदद की आवश्यकता है।



■ रातभर हुए इन हवाई हमलों में आवासीय इमारतें मलबे में तब्दील हो गईं, जिसमें कई बच्चों सहित दर्जनों लोग घायल हुए हैं: बीबीसी

## भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाएंगे

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के उपराष्ट्रपति शिपोकोसा पॉलुस माशातिले ने मंगलवार को यहां उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जताई। दोनों नेताओं ने भारत-दक्षिण अफ्रीका द्विपक्षीय संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर सार्थक चर्चा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा सहयोग, कौशल विकास तथा जन-से-जन संबंधों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने विकासशील देशों की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने तथा ब्रिक्स, जी-20, इब्सा और हिंद महासागर तटीय संघ जैसे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग बढ़ाने पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के उपायों पर चर्चा की।



**श्रीनगर। हवाई अड्डे पर मक्का से आने वाले हज यात्रियों के पहले जत्थे का स्वागत करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।**

## जल्द शुरू हो सकता है 'अल नीनो' का खतरनाक दौर

**जिनेवा।** संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 'अल नीनो' का एक नया और खतरनाक दौर अगले कुछ हफ्तों में शुरू हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन की मार झेल रही धरती के तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की ओर से जारी इस चेतावनी में कहा गया है कि अल नीनो के साल 2026 के बाकी महीनों में और मजबूत होने का अनुमान है, जिससे दुनिया के कई हिस्सों में भीषण और चरम मौसम देखने को मिल सकता है।कई देशों की मौसम एजेंसियों के अनुमान बताते हैं कि यह अब तक का सबसे मजबूत अल नीनो हो सकता है, जिसे विशेषज्ञ 'सुपर अल नीनो' भी कह रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तरीके से ट्रक चलाने वाले 30 भारतीय गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे और व्यावसायिक ट्रक चलाने वाले लगभग 30 भारतीयों को एक संघीय अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि इन सभी को जल्द ही देश से निर्वासित किया जाएगा। अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि 11 से 15 मई के बीच एरिजोना के युमा सेक्टर में चलाए गए 'आपरेशन चेकमेट' के दौरान सीमा गश्ती एजेंटों ने 52 लोगों को गिरफ्तार किया, जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे थे।

### अमेरिका के आयोवा में अंधाधुंध गोलीबारी सात लोगों की मौत

**आयोवा (अमेरिका)।** अमेरिका के आयोवा राज्य के मस्कटाइन में एक घरेलू विवाद के कारण गोलीबारी हुई। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस विभाग के अनुसार, बंदूकधारी ने भी खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बंदूकधारी की पहचान 52 वर्षीय रयान विलिस मैकफालैंड के रूप में की है। उसने तीन अलग-अलग स्थानों पर छह व्यक्तियों की हत्या की। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। मस्कटाइन पुलिस विभाग को दोपहर करीब 12:12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली थी।

### यूएनईपी ने भीषण गर्मी से निपटने के लिए शुरू की पहल

**नैरोबी।** संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम ने दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते और जानलेवा मौसमी खतरों में से एक 'भीषण गर्मी' से निपटने के लिए एक नया वैश्विक अभियान शुरू किया है। विश्व पर्यावरण दिवस से ठीक पहले 'हीट एक्शन डे' पर शुरू की गई इस पहल में दुनिया भर के 50 से अधिक शहर एक साथ आए हैं। 'फिफ्टी एट फिफ्टी' नामक इस पहल का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी से निपटने की तैयारियों को मजबूत करना है।

# लेबनान पर इजरायली हमले से ट्रम्प नाराज

## इजरायल के पीएम नेतन्याहू को फोन कर फटकार लगाई, कहाः पागल हो गए हो क्या, तुरंत ये सब रोको



■ नेतन्याहू ने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है
■ इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई को लेकर कड़ी फटकार लगाते हुए संयम बरतने की सलाह दी है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने टेलीफोन पर बातचीत में नेतन्याहू को 'पागल' बताया और उन पर कृतघ्न होने का आरोप लगाया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बातचीत के दौरान एक समय ट्रम्प ने ऊंची आवाज में पूछा कि आप आखिर कर क्या रहे हैं? यह कथित बातचीत उस समय हुई जब नेतन्याहू ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) को बेरूत के दाहिएह क्षेत्र में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला करने का आदेश दिया था। इजरायली सेना द्वारा जमीनी अभियान तेज किए जाने और वर्षों में पहली बार लेबनान के भीतर अधिक गहराई तक प्रवेश करने के कारण दक्षिणी लेबनान में हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। नेतन्याहू ने रविवार को जारी एक बयान में कहा था कि उन्होंने सेना को लेबनान में अपने जमीनी अभियान का विस्तार करने का निर्देश दिया है। इजरायल ने नबातिएह शहर के निकट एक रणनीतिक पहाड़ी पर स्थित ऐतिहासिक ब्यूफोर्ट किले पर भी कब्जा कर लिया है। इजरायली सेना ने इससे पहले 1982 में इस 12वीं शताब्दी के किले पर कब्जा किया था और लेबनान से वापसी करने तक 18 वर्षों तक उस पर नियंत्रण बनाए रखा था। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि लेबनान में इजरायली हमले सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान के बीच हुए व्यापक युद्धविराम समझौते का उल्लंघन हैं। अराघची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम स्पष्ट रूप से सभी मोर्चों पर लागू है, जिसमें लेबनान भी शामिल है। किसी एक मोर्चे पर इसका उल्लंघन, सभी मोर्चों पर युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा। इसके परिणामों के लिए अमेरिका और इजरायल जिम्मेदार होंगे। फोन वार्ता के बाद ट्रम्प ने अपनी बातचीत को 'सकारात्मक और उपयोगी' बताया और कहा कि इजरायल बेरूत में कोई बड़ा सैन्य अभियान नहीं चलाएगा। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि आज मेरी बिबी नेतन्याहू से बातचीत हुई। मैंने उनसे कहा कि वे लेबनान की राजधानी बेरूत में कोई बड़ा हमला न करें। उन्होंने अपने सैनिकों को वापस मोड़ दिया।

### युद्धविराम पर सहमति होने के बावजूद के लेबनान में झड़पें जारी

**बेरूत/तेल अवीव।** अमेरिका की तैयार की गई आंशिक युद्धविराम योजना को इजरायल और हिजबुल्ला दोनों पक्षों की ओर से स्वीकार किए जाने के बाद भी लेबनान में जमीनी स्तर पर संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। समझौते की घोषणा के बावजूद आज भी अलग-अलग इलाकों में दोनों पक्षों के बीच भीषण झड़पें जारी रहीं। बीबीसी ने सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट की है कि दक्षिणी लेबनान और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैन्य गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। इजरायली सेना और हिजबुल्ला के लड़ाके कई मोर्चों पर आमने-सामने हैं। इस कारण इस शांति समझौते के टिके रहने पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। इस आंशिक युद्धविराम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में जारी मानवीय संकट को कम करना और पूर्ण शांति के लिए रास्ता तैयार करना था। हालांकि जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है, जहां दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। राजनयिक हलकों में चिंता जताई जा रही है कि यदि इन झड़पों को तुरंत नहीं रोका गया तो स्थिति एक बार फिर पूरी तरह नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

# इजरायली हमलों से गाजा में मृतक संख्या बढ़कर 72938 हुई



■ पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया

**गाजा।** फलस्तीन के गाजा पट्टी क्षेत्र पर इजरायल के हमले निरंतर जारी है और इन हमलों से गाजा में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 72938 पहुंच गई है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान सात शवों और 25 घायलों को गाजा के अस्पतालों में लाया गया है।

मंत्रालय के अनुसार पिछले साल 11 अक्टूबर को युद्धविराम लागू होने के बाद से अब तक गाजा में 929 लोगों की मौत हो चुकी है और 2811 अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा मलबे के नीचे से 781 शवों को भी निकाला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सात अक्टूबर 2023 से अब तक गाजा में मृतकों की कुल संख्या 72938 और घायलों की संख्या 172919 तक पहुंच गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल ने अमेरिका के समर्थन से सात अक्टूबर 2023 को गाजा पट्टी के निवासियों के खिलाफ व्यापक सैन्य अभियान शुरू किया था। हालांकि, वह हमास आंदोलन को समाप्त करने और इजरायल के बंदियों की वापसी सुनिश्चित करने के अपने घोषित उद्देश्यों को हासिल करने में विफल रहा और अंततः हमास के साथ युद्धविराम पर सहमत होना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, युद्धविराम लागू होने के बाद भी इजरायल ने इसके कुछ प्रावधानों को लागू करने से इनकार किया है और गाजा पट्टी पर अपने सैन्य अभियान जारी रखे हैं।

# एक भी मोर्चे पर युद्धविराम का उल्लंघन पूरे समझौते का उल्लंघनः अराघची



■ युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच हुए युद्धविराम का किसी भी एक मोर्चे पर उल्लंघन पूरे युद्धविराम समझौते का उल्लंघन माना जाएगा, जिसमें लेबनान भी शामिल है। अराघची ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह युद्धविराम बिना किसी अस्पष्टता के सभी मोर्चों पर लागू एक व्यापक युद्धविराम है, जिसमें लेबनान भी शामिल है।

उन्होंने लिखा कि इस युद्धविराम का किसी एक मोर्चे पर किया गया कोई भी उल्लंघन सभी मोर्चों पर युद्धविराम के उल्लंघन के रूप में माना जाएगा। विदेश मंत्री ने कहा कि युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन के परिणामों की जिम्मेदारी अमेरिका और इजरायल पर होगी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब लेबनान में युद्धविराम लागू होने के बावजूद इजरायल की ओर से हमले जारी हैं। ईरानी समाचार एजेंसी इरना की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान के कस्बों और गांवों पर हमले जारी रखे हैं, जिनमें घरों और नागरिकों को निशाना बनाया गया। इसे युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन बताया गया है।

### ईरान ने उत्तरी इजरायली निवासियों को इलाका खाली करने की दी चेतावनी

**तेहरान।** ईरान ने इजरायल के कब्जे वाले उत्तरी इलाकों के लोगों को चेतावनी दी है कि अगर इजरायल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हमला किया तो वे तुरंत यहां से निकल जाएं ईरानी समाचार एजेंसी के अनुसार, 'खातम अल-अंबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहियाह के साथ-साथ खुद लेबनानी राजधानी पर भी बमबारी करने की धमकी दी है।

# सैनिकों की कमी से जूझ रहे इजरायल में बवाल

## सैन्य भर्ती के खिलाफ कट्टरपंथी यहूदी सड़कों पर उतरे, हिंसा प्रदर्शन के साथ-साथ आगजनी

**तेल अवीव।** इजरायल में अनिवार्य सैन्य भर्ती के विरोध में हजारों अति-रूढ़िवादी (अल्ट्रा- आर्थोडाक्स) यहूदियों ने देशभर में प्रदर्शन किया। जिससे हिंसा और बवाल की स्थिति बन गई। प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख सड़कों और रेल मार्गों को अवरुद्ध कर दिया तथा कई स्थानों पर वाहनों में आग लगा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। इजरायली पुलिस के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने कई प्रमुख चौराहों को जाम कर दिया और एक स्थान पर बस से उतरे एक सैनिक पर भी हमला किया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा। विरोध प्रदर्शन के कारण यरुशलम और तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र समेत देश के मध्य हिस्से में यातायात व्यवस्था लगभग ठप हो गई। कई राजमार्ग बंद कर दिए गए और सार्वजनिक परिवहन सेवाएं बाधित रहीं। इजरायल में अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए सैन्य सेवा अनिवार्य है। हालांकि, राजनीतिक रूप से प्रभावशाली अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय को लंबे समय से धार्मिक शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के आधार पर सैन्य सेवा से छूट मिलती रही है। अब इस छूट पर खतरा मंडरा रहा है। कई आम इजरायली नागरिक इस व्यवस्था से नाराज हैं, क्योंकि लगातार सैन्य अभियानों के चलते इजरायली सेना सैनिकों की कमी से जूझ रही है, जिससे सेना पर दबाव बढ़ रहा है। इस बीच भी अल्ट्रा-आर्थोडाक्स समुदाय के अधिकांश युवा भर्ती से बाहर रहते हैं। यही मुद्दा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के लिए भी संकट बन गया है। अल्ट्रा-आर्थोडाक्स दलों द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद समय से पहले चुनाव की आशंका भी बढ़ गई है। संसदीय समिति के आंकड़ों के अनुसार, हर साल करीब 13000 अल्ट्रा-आर्थोडाक्स युवा 18 वर्ष की भर्ती आयु तक पहुंचते हैं, लेकिन इनमें से 10 प्रतिशत से भी कम सेना में शामिल होते हैं।

सैनिकों की भारी कमी से जूझ रही इजरायली सेना अनिवार्य सैन्य सेवा की अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में अधिकांश यहूदी पुरुषों को लगभग तीन वर्ष और महिलाओं को दो वर्ष की अनिवार्य सैन्य सेवा देनी होती है, जिसके बाद रिजर्व ड्यूटी भी करनी पड़ती है। यरुशलम में प्रदर्शनकारी इजरायल ट्रापर ने कहा, श्यह समुदाय इसे अपने अस्तित्व की लड़ाई मानता है। सेना में शामिल होने का मतलब धर्म से समझौता करना है। हम अपना धर्म नहीं छोड़ना चाहते, इसलिए यह हमारे लिए जीवन-मरण का सवाल है। कई प्रदर्शनकारियों ने ऐसे पोस्टर भी उठाए जिन पर लिखा था कि हम जियोनिस्ट बनकर जीने से बेहतर यहूदी बनकर मरना पसंद करेंगे।



■ भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को वाटर कैनन और घुड़सवार बल का सहारा लेना पड़ा

# डोनाल्ड ट्रम्प सरकार को बड़ा झटका

## संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों ने ट्रांसजेंडर सैनिकों को प्रतिबंधित करने को अवैध करार दिया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की वह नीति, जिसके तहत ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर रखा गया था, अवैध है। संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया। अमेरिकी अपील अदालत के डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया सर्किट के तीन न्यायाधीशों के पैनल के बहुमत वाले फैसले में मार्च 2025 में वाशिंगटन डीसी की अमेरिकी जिला न्यायाधीश एना रेयेस के फैसले को बड़े पैमाने पर बरकरार रखा गया।

रेयेस ने अपने फैसले में कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ट्रांसजेंडर सैनिकों को सैन्य सेवा से बाहर करने संबंधी कार्यकारी आदेश संभवतः उनके संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। रेयेस द्वारा छह सक्रिय ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों और सेना में शामिल होने की इच्छा रखने वाले दो अन्य लोगों की ओर से दायर याचिका पर प्रारंभिक निषेधाज्ञा जारी किए जाने के बाद प्रशासन ने इसके खिलाफ अपील की थी। अपील अदालत के बहुमत ने फैसला दिया कि निषेधाज्ञा का दायरा सीमित किया जाए और यह केवल उन वादियों पर लागू हो जो वर्तमान में सेना में सेवा दे रहे हैं। सेना में शामिल होने की कोशिश कर रहे लोगों को इसमें शामिल नहीं किया गया। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, जिससे ट्रम्प प्रशासन को पूरे अपील न्यायालय से मामले की सुनवाई कराने का अनुरोध करने के लिए समय मिल जाएगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट पिछले वर्ष ट्रांसजेंडर सैन्य प्रतिबंध को लागू रहने की अनुमति दे चुका है, जबकि इस मामले से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया अभी जारी है। इस प्रतिबंध को चुनौती देने वाला एक अन्य मुकदमा वाशिंगटन राज्य में भी दायर किया गया था, जिसमें अदालत ने नीति को चुनौती देने वाले वादियों के पक्ष में फैसला सुनाया था। जनवरी 2025 में ट्रम्प ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें कहा गया था कि ट्रांसजेंडर सैन्यकर्मियों की यौन पहचान श्एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता से टकराती है, यहां तक कि उसके निजी जीवन में भी और यह सैन्य तैयारियों के लिए हानिकारक है।



■ संघीय अपील अदालत के न्यायाधीशों के एक विभाजित पैनल ने यह फैसला सुनाया

# हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा का प्रस्ताव

■ भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने किया समर्थन अमेरिका ने 40 लाख से ज्यादा हिंदुओं का किया स्वागत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक प्रमुख सांसद ने प्रतिनिधि सभा के उस प्रस्ताव का समर्थन किया है, जिसमें हिंदू-अमेरिकी समुदाय के देश की अर्थव्यवस्था में योगदान का सम्मान किया गया है। इसके साथ ही हिंदूफोबिया, हिंदू विरोधी पूर्वाग्रह और मंदिरों पर हमलों की निंदा की गई है।

इस प्रस्ताव का समर्थन सोमवार को डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने किया। इसे मिशिगन से भारतीय मूल के डेमोक्रेट सांसद थानेदार ने पेश किया था। 24 जनवरी 2025 को पेश किए गए इस प्रस्ताव को अब तक 32 सांसदों का समर्थन मिल चुका है। इनमें राजा कृष्णमूर्ति और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल हैं। कैलिफोर्निया का प्रतिनिधित्व करने वाले डेमोक्रेट सांसद रो खन्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस प्रस्ताव के समर्थन की घोषणा की। रो खन्ना ने अपनी पोस्ट में कहा कि मुझे सांसद थानेदार के विधेयक **H-Res-69** का सह-प्रायोजक बनने पर गर्व है। यह प्रस्ताव अमेरिका में हिंदू-अमेरिकी समुदाय के निरंतर योगदान और उसकी जीवंत विविधता का सम्मान करता है, जबकि हम अपने देश के बहुजातीय लोकतंत्र को और मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। प्रस्ताव में कहा गया है कि हिंदू धर्म दुनिया के सबसे बड़े और सबसे प्राचीन धर्मों में से एक है, जिसके 100 से अधिक देशों में 1.2 अरब से ज्यादा अनुयायी हैं। इसमें जिक्र किया गया है कि हिंदू धर्म विभिन्न परंपराओं और आस्था प्रणालियों का समूह है, जो स्वीकार्यता, पारस्परिक सम्मान और शांति जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108